# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भोपाल के गणेश मंदिर के सामने सड़क पर दो फीट तक पानी भरा

अनूपपुर में परिवार ही खत्म



भोपाल में धुआंधार बारिश, विजिबिलिटी शून्य, प्रदेश में 68 फीसदी अधिक बरस गया पानी

# गांधी सागर डैम में 2 युवक डूबे, बालाघाट के गांवों का सड़क संपर्क टूटा, इटारसी का थाना और बाजार डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बारिश अब आफत बन गई है। बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। कई जिलों में सड़कें पानी में कहीं गायब हो गई हैं। बालाघाट के की इलाकों में पानी भर गया है। सड़कें नदी जैसी नजर आ रही हैं। मुख्यालय का कई गांवों से संपर्क टूट गया है।

नदियां उफान पर हैं, निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। शहरी क्षेत्र के कन्हारटोला, भटेरा, चित्रगुप्त नगर और महावीर कॉलोनी में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गलियों में पानी भर गया है। बगदर्रा स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र में पानी घुस जाने से नर्स आस्था कुंभरे फंस गईं। एसडीईआरएफ और होमगार्ड की टीम ने रेस्क्यू कर उनके घर भरवेली पहुंचाया। उमरिया जिले से कछरवार गांव के लिए जाने वाला वैकल्पिक मार्ग बारिश के पानी में बह गया। भंडारपुर-चारटोला मार्ग, पल्हेरा-कटंगी मार्ग, ⏩ शेष पेज 4 पर

## सोमवार शाम को बरगी बांध के 4 गेट और खोले गए, अब तक डैम के 13 गेट खुले

## अब चार दिन भोपाल सहित अधिकांश जिलों में तेज बारिश, आज दो दर्जन जिलों में रेड और यलो अलर्ट

## पानी की तेज धार में बही कार, परिवार के चारों सदस्यों की मौत

अनूपपुर जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर अमरकंटक रोड पर रविवार को सजहा नाले में एक कार रात में बह गई। हादसा रात करीब 7 बजे हुआ। कार में पति-पत्नी और दो बच्चे सवार थे। जिसे एसईसीएल कर्मी चंद्रशेखर यादव (38) चला रहे थे वही कार में सवार पत्नी 37 वर्षीय प्रीति यादव, 8 वर्षीय बेटा रेयांश और 2 वर्षीय बेटी शिवी की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को चारों मृतकों के शव बरामद कर लिए हैं। यादव अपनी पत्नी प्रीति और दो बच्चों के साथ रविवार को अमरकंटक घूमने गए थे। प्रीति यादव जिला चिकित्सालय में नर्स के पद पर कार्यरत थीं। प्रीति का शव रविवार को घटनास्थल से 5 किमी दूर मिला था। जबकि पति और दो बच्चों के शव सोमवार को 9 किमी के ⏩ शेष पेज 4 पर

अनूपपुर में बहे मासूम के शव को बरामद किया गया



### आज यहां अलर्ट

मंगलवार को मंडला, बालाघाट, नर्मदापुरम, बैतूल जिलों में कहीं कहीं अत्यधिक भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट है। अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। इसके अलावा रायसेन, सीहोर, हरदा, ⏩ शेष पेज 4 पर

बालाघाट में कॉलोनियों में पानी भरा



### अचानक बाढ़ की चेतावनी

मंगलवार से बुधवार के बीच कुछ जिलों में अचानक बाढ़ से खतरे का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से अनूपपुर, बालाघाट, ⏩ शेष पेज 4 पर



ग्वारीघाट के ऊपर बने मंदिर तक पानी पहुंचा


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली

आज के अंक के साथ


## काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक होगा महंगा

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में आगामी दिनों में रुद्राभिषेक कराना महंगा होगा। सावन से पहले तैयारियों की बैठक में मंदिर प्रशासन और शास्त्रीगणों की मांग पर मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी से



समय के अनुरूप वृद्धि का प्रस्ताव मांगा है। काशी विश्वनाथ धाम सभागार (बोर्ड रूम) में रविवार को मंडलायुक्त ने सावन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंदिर प्रशासन के अधिकारियों और धाम से जुड़े विभिन्न लोगों के साथ बैठक की। जिसमें पूजा थाली आपूर्ति करने वाले वेंडर्स एवं शास्त्रियों ने समस्याएं बताईं। पूजा थाली वेंडर्स ने बताया कि एक थाली का शुल्क 65 रुपए है। इसमें पूजन सामग्री की मात्रा कम आती है। जिस पर श्रद्धालु असंतोष जताते हैं। एक रुद्राभिषेक करने पर मंदिर की ओर से 150 रुपए मिलते हैं।

## सीएम ने लुधियाना में रोड-शो कर निवेशकों के साथ संवाद किया

## सीएम डॉ. यादव के लुधियाना इंटरैक्टिव सेशन में मप्र पर बरसा धन

# 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 20 हजार से अधिक लोगो को मिलेगा रोजगार



### इंटरैक्टिव सेशन और संवाद-सत्र में 400 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सोमवार को लुधियाना में हुए इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में यहां के उद्योगपतियों से 15 हजार 606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि हमने लुधियाना और पंजाब के उद्योगपतियों को मप्र में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें मप्र में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की औद्योगिक नीतियों से भी अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 4 पर

सीएम ने सभी निवेशकों को मप्र की रत्नगर्भा भूमि में निवेश करने के लिए आत्मीयता से आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। आइए और मध्यप्रदेश में अपना दूसरा घर बनाइए।

श्रमिकों के हित में मप्र सरकार ने बड़े स्तर पर लंबित सेटलमेंट किए क्लीयर

उद्योग धंधे लगाने पर भूमि, बिजली, पानी सब कुछ मिलेगा




### वन-टू-वन चर्चा में 15 से अधिक उद्योगपतियों से किया संवाद

### श्रमिकों के हित में बड़े स्तर पर सेटलमेंट किए क्लीयर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के हित में सैकड़ों करोड़ रुपए के सेटलमेंट क्लीयर किए हैं। यह निर्णय प्रदेश सरकार की श्रमिकों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यदि किसी नीति में निवेशकों को सुविधा देने के लिए संशोधन की आवश्यकता होगी, तो सरकार कैबिनेट स्तर पर भी बदलाव करने के लिए तत्पर है। टैक्सटाइल्स सेक्टर के वर्कर्स की सैलरी में मप्र सरकार ⏩ शेष पेज 4 पर

**पंजाब के निवेशकों के लिए मप्र लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटी: एसीएस मंडलोई**

सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने देश के दिल मप्र में सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज मप्र के विकास की झलक पंजाब में दिखाई दी है। पंजाब के निवेशकों के लिए मप्र लैंड ऑफ ⏩ शेष पेज 4 पर

### अनाज के उत्पादन में पंजाब बड़ा और मप्र छोटा भाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में उद्योग-धंधे लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक भूमि, बिजली, पानी, कुशल कार्यशक्ति सब उपलब्ध हैं। मप्र और पंजाब दोनों जुड़वा भाइयों की तरह हैं। अनाज के उत्पादन में पंजाब बड़ा और मप्र छोटा भाई है। अब दोनों भाई मिलकर देश और मध्यप्रदेश का विकास करेंगे। पंजाब वीरों की धरती है, इसकी अलग ही पहचान है। यह गुरु परंपरा की अद्भुत धरती है। मप्र के इंदौर की पहचान स्वच्छता में है, तो लुधियाना की पहचान उद्योगों से है। हम उद्योगपतियों को मप्र में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित करने आए हैं। आप खुले दिल से और बिना किसी हिचक के निवेश करें, सरकार जितनी हो सकेगी, आपकी उतनी मदद करेगी। यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने कोयंबटूर, सूरत और अब लुधियाना में रोड-शो कर निवेशकों के साथ संवाद किया है। राज्य में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव भी आयोजित की गईं। इसी साल फरवरी में भोपाल में हुई जीआईएस के माध्यम से मप्र को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले थे।

## सीधी के संजय टाइगर रिजर्व में भालू का हमला



# नोंच-नोंचकर तीन को मारा, ग्रामीणों ने भालू को पीट-पाट कर मार डाला

### भालू के हमले में चार लोग घायल दहशत में गांववाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीधी

सीधी जिले में भालू के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई। चार घायल हैं। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने भालू को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मौके पर ही मार डाला। मामला संजय टाइगर रिजर्व से लगी ग्राम पंचायत बस्तुआ की दलित बस्ती में सोमवार का है।

यहां सुबह करीब 5 बजे भालू ने बब्बू यादव (80) पर हमला कर दिया। बुजुर्ग की चीख सुनकर दीनबंधु साहू (70), मनीष साहू (27) और संतोष यादव (43) बचाने दौड़े। भालू उन पर भी झपट पड़ा। बब्बू और दीनबंधु की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल संतोष यादव, मनीष साहू, तेजबली सिंह और दो अन्य को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान संतोष ने दम तोड़ ⏩ शेष पेज 4 पर



### ग्रामीणों ने तत्काल उचित मुआवजे की मांग की

ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजा, घायलों का निःशुल्क इलाज और गांव की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही मारवास पुलिस स्टेशन के थानाध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंच गए। वहीं, वन विभाग ने टीम ने घटना की जांच शुरू कर दी है। गांव मौके पर कुसमी विधायक कुंअर सिंह टेकाम और सांसद डॉ. राजेश मिश्रा पहुंचे।

## अयोध्या के दर्शन कर वापस लौट रहे थे

# शहडोल में सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया 'तूफान', 3 महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरा में तूफान वाहन पेड़ से टकरा गया। जिससे वाहन में सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई। सभी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रहने वाली थीं। पटेल परिवार उत्तर प्रदेश के अयोध्या के दर्शन कर वापस घर लौट रहा था ।

घटना सुबह 5 बजे की है। घटना की जानकारी लगने के बाद ब्यौहारी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए ब्यौहारी अस्पताल भिजवाया है। वाहन में 20 लोग सवार थे। तीन मौत की पुष्टि डॉक्टर ने तीन के मौत की पुष्टि की चार की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है। बाकी 16 लोगों को सामान्य चोटे

चार की हालत गंभीर



लगी हैं। ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पांडेय ने बताया कि ब्यौहारी थाना के ग्राम जोरा गांव के पास चार पहिया वाहन तूफ़ान क्रमांक सीजी 10 बीपी 8657 सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। वाहन में सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई ⏩ शेष पेज 4 पर

## झांसी स्टेशन पर प्रसव पीड़ा में तड़प रही थी महिला, आर्मी डॉक्टर मेजर रोहित ने कराई डिलीवरी

### महिला और नवजात की जान बचाई

# मेजर रोहित ने कहा- बच्चे की आवाज सुनकर खुशी हुई, सेना प्रमुख ने तारीफ की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना के जवान सिर्फ सरहद पर ही नहीं, आम जिंदगी में भी लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इसका एक शानदार उदाहरण हाल ही में सामने आया, जब सेना के मेजर रोहित बच्चवाला ने बिना किसी मेडिकल सुविधा के एक गर्भवती महिला की जान बचाई। उनकी इस बहादुरी और समझदारी की तारीफ खुद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की है। यह घटना 5 जुलाई की है। सेना के मेजर ⏩ शेष पेज 4 पर



रेलवे कर्मचारियों का धन्यवाद

पहले तो बच्चा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, लेकिन फिर मैंने उसे फिर से जिंदा करने की कोशिश की और फिर उसने प्रतिक्रिया भी दी और मुझे वास्तव में इस बात से बहुत खुशी हुई। मां बहुत, बहुत खुश थी। मैं रेलवे कर्मचारियों का विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने उस समय मेरी मदद की।

### सेना प्रमुख ने जताया गर्व- यह इंसानियत और सेना की सच्ची परंपरा

*सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मेजर रोहित की तारीफ करते हुए कहा कि यह भारतीय सेना के उस जज्बे और सेवा भाव का बेहतरीन उदाहरण है, जिसके लिए हमारी फौज जानी जाती है। उन्होंने कहा कि मेजर रोहित ने जो किया, वह सिर्फ एक कर्तव्य नहीं, बल्कि इंसानियत और सेना की सच्ची परंपरा का परिचायक है।*

# तीर्थों के जल से स्नान कराकर किया बाबा बटेश्वर का अलौकिक श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा सोमवार को सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में बटेश्वर का दूध से महा रुद्राभिषेक कर विभिन्न तीर्थ के जल एवं 11 अन्य वस्तुओं से स्नान कराकर विभिन्न फूलों एवं आभूषणों से दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस अवसर पर शिशिर मित्तल, केशव फुलवानी, आकाश अग्रवाल, मोनू राठौर, सौरभ जैन, प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## बाबा बटेश्वर कांवड़ यात्रा के कांवड़िए यात्रा में रोपेंगे पौधे



सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा श्रावण मास के शुभ अवसर पर नर्मदापुरम से भोपाल तक पैदल कांवड़ यात्रा 25 से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन को लेकर मानस भवन में यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि समिति के सभी सदस्य यात्रा में तिरंगा झंडा लेकर 25 जुलाई को भोपाल रेलवे स्टेशन से अमरकंटक एक्सप्रेस से नर्मदापुरम प्रस्थान करेंगे। यात्रा 25 जुलाई को शाम को नर्मदापुरम से प्रारंभ होगी और 28 जुलाई श्रावण के सोमवार को यात्रा भोपाल पहुंचेगी, जहां शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर का मां नर्मदा के जल से सभी कांवड़िए अभिषेक करेंगे। समिति के प्रकाश मालवीय ने बताया कि यात्रा मार्ग मे जगह-जगह कांवड़िए पर्यावरण का संदेश देने पौधरोपण करेंगे। बैठक में संत समाज के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी अनिलानंद महाराज, दिगंबर धाम के संत, सुरजीत सिंह चौहान सहित वरिष्ठ समाजसेवी शामिल हुए।

## इंद्र योग और पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में 10 को मनाई जाएगी गुरू पूर्णिमा कई स्थानों पर होंगे पादुका पूजन और सामूहिक दीक्षा कार्यक्रम

इंद्र योग पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के शुभ संयोग में 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए गुरु पूजन के कार्यक्रम होंगे। मां चामुंडा दरबार भोपाल के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान व श्रीहरि विष्णु की विधिवत पूजा विष्णु सहस्त्रनाम, पुरुष सूक्त का पाठ, ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन को वेद व्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर जहां साईं बाबा की पालकी निकलेगी वहीं जगह-जगह चरण पादुका पूजन के साथ ही सामूहिक दीक्षा के कार्यक्रम भी होंगे। वहीं करुणाधाम आश्रम, नेहरू नगर में गुरु पूर्णिमा पर्व महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान तीन दिनों तक कार्यक्रम होंगे। गुरु पूजन और गुरुदेव सुदेश शाण्डिल्य महाराज के आशीर्वचन होंगे। मां पीतांबरा बगलामुखी मंदिर कोटरा में गुरु पूजा होगी। इसी तरह दादाजी धाम पटेल नगर और धूनी वाले दादा दरबार श्यामला हिल्स में गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी।

### गुरु पूर्णिमा पर पूजा विधि

पुजारी रामजीवन दुबे का कहना है कि सुबह सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा स्थान को साफ करें। भगवान वेद व्यास और अपने गुरु की प्रतिमा स्थापित करें। दीप प्रज्ज्वलित करें और धूप-बत्ती लगाएं। फूल, फल और मिठाई अर्पित करें। गुरु मंत्रों का जाप करें। गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। गुरु पूर्णिमा के दिन दान करना भी अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। गरीबों, ब्राह्मणों या किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को दान दिया जा सकता है।

### गुरु पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त

9 जुलाई की रात 1:36 बजे पूर्णिमा तिथि आरंभ होगी, जो 10 जुलाई को रात 2:06 बजे समाप्त होगी।

ब्रह्म मुहूर्त : सुबह 4:10 से 4:50 बजे
विजय मुहूर्त : दोपहर 2:45 से 3:40 बजे
गोधूलि मुहूर्त : शाम 7:21 से 7:41 बजे
निशिता मुहूर्त : रात 12:06 से 12:47 बजे

### गुरु पूजन... शहर में यहां भी होंगे विशेष आयोजन

मां चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद भोपाल में 58 वां गुरू पूर्णिमा महोत्सव दरबार में रात्रि 10 से 2 बजे तक गुरू पूजा के साथ दीक्षा दी जाएगी। इस दौरान पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी के प्रदेश व देश के अन्य राज्यों से आए शिष्य गुरू पूजन कर आशीर्वाद लेंगे।

---

डीआरएम ने किया सम्मानित

## सतर्कता और सजगता के चलते रेल दुर्घटना को टालने वाले 13 रेलकर्मियों को मिला संरक्षा पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल यात्रियों की सुरक्षा में सतर्कता और सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करने वाले 13 रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित समारोह में रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए रेलकर्मियों को निरंतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### यह रेलकर्मी हुए सम्मानित

- देवेन्द्र चौहान, कांटे वाला, नर्मदापुरम
- मिथुन सरोदे, उप स्टेशन प्रबंधक, मिसरोद
- ऋषि पांचाल, कांटे वाला, मिसरोद
- गौरव भोसले, ट्रेन मैनेजर, सुरगांव बंजारी
- अंकित सिंह चंदेल, गुड्स ट्रेन मैनेजर, इटारसी
- दीपक कुमार पटेल, ट्रैकमेंटेनर- , बानापुरा
- पप्पू नाथ योगी, ट्रैकमेंटेनर-कक, भोपाल
- शाकूर खान, ट्रैकमेंटेनर-कक, भोपाल
- शिवनारायण, गेटमैन, ब्यावरा राजगढ़
- नरेन्द्र, ट्रैकमेंटेनर-ककक, बीना
- मुकेश कुशवाहा, ट्रैकमेंटेनर ब्यावरा राजगढ़
- दशरथ कुमार, लोको पायलट, इटारसी
- गंगाराम कुशवाहा, सहा. लोको पायलट, इटारसी

---

हमीदिया और जेपी अस्पताल की ओपीडी लबालब, बच्चों में दिखाई दे रहा सीधा असर

# बारिश में बढ़े बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीज अस्पतालों में 25 से 35 फीसदी बढ़ी संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में इन दिनों बारिश का दौर चल रहा है। बारिश के साथ ही अब वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हमीदिया और जेपी अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालात यह हैं कि ओपीडी में बुखार के मरीज सर्वाधिक पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभाग की ओपीडी में 25 से 30 फीसदी मरीज बुखार, सर्दी, जुकाम के आ रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़ों को यह बीमारी घेर रही है। इसी तरह से आंखों में इंफेक्शन व त्वचा रोग के केस भी तेजी से बढ़े हैं। त्वचारोग विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के कारण लोगों को खुजली की समस्या बढ़ी है। इसके साथ ही त्वचा पर लाल रंग के चकते की शिकायत भी तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन त्वचा संबंधी रोगों के 200 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। त्वचा संबंधी परेशानी का कारण बारिश में भीगना, गीले कपड़े पहनने से खुजली की शिकायत बढ़ रही है।





### खांसी, जुकाम, गले में खराश की आ रही समस्या

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिला अस्पताल में वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश, सिर में दर्द के के मरीजों की संख्या तक बढ़ गई है। जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव का कहना है कि इस तरह के मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। इसमें लापरवाही लोगों की सेहत को बहुत अधिक बिगाड़ सकती है। गौरतलब है कि पिछले 15 दिनों से मौसम में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है, कभी वर्षा तो कभी गर्मी और कभी तापमान में गिरावट होने से मौसम ठंडा हो रहा। वायरल बुखर के चलते शरीर में तेज दर्द, गले में खरास और दर्द, त्वचा पर हल्के धब्बे पड़ना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, कमजोरी महसूस होना, सिर दर्द होने के साथ तेज बुखार, खांसी की शिकायत सहित अन्य लक्षण वायरल बुखार के देखने को मिल रहे है।

### रोजाना ओपीडी 1200 से लेकर 1350 के ऊपर पहुंच रही

जेपी अस्पताल और हमीदिया में वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश, सिर में दर्द के मरीज रोजाना इलाज के लिए पहले की अपेक्षा अधिक पहुंच रहे हैं। पिछले दस दिनों में वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या 10 फीसदी तक बढ़ी है। रोजाना ओपीडी 1200 से लेकर 1350 के ऊपर पहुंच रही है।

### बदलते मौसम में चिकित्सकीय सलाह-रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन ही खाएं

*डॉ.धीरज शुक्ला का कहना है कि बदलते मौसम के कारण होने वाला यह वायरल फीवर बच्चों और बुजुर्गों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। वहीं कामकाज के सिलसिले में अक्सर अपने घरों से बाहर रहने वाले अन्य लोग भी इस वायरल की चपेट में आ रहे हैं। बुखार की चपेट में आने वाले रोगियों को सर्दी, खांसी व गले में तेज दर्द की परेशानी होती है और कमजोरी आ जाती है। तो वहीं शिशुरोग डॉ जेके अग्रवाल का कहना है कि इस मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन खिलाएं और बाजार में बने खाद्य पदार्थों को खाने से परहेज रखना चाहिए।*

### प्राइवेट क्लीनिकों पर भी इलाज के लिए मरीजों की भीड़

*वायरल फीवर के चलते शहर के प्राइवेट क्लीनिकों पर भी इन दिनों इलाज के लिए मरीजों की भीड़ लग रही है।*

### ये बरतें सावधानियां

*डॉ. राकेश श्रीवास्तव का कहना है कि वर्तमान मौसम को देखते हुए लोग ठंडा पानी न पिएं, शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से परहेज करें। बाजार में बने खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। घर में बना ताजा और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। वायरल संक्रमण होने पर खांसते व छींकते समय मुंह पर रूमाल या मास्क लगाएं। कटे- फटे फलों का सेवन न करें। वहीं अगर किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगड़ गया है तो वह डाक्टर की सलाह लेकर दवा का सेवन करे।*

---

## आरजीपीवी: कंप्यूटर साइंस विभाग में प्राध्यापकों की मनमानी के विरोध में एबीवीपी का जोरदार हंगामा

- *छात्रों का आरोप-दोनों प्राध्यापक नियमित कक्षाएं नहीं लेते, बल्कि जब छात्र उनसे पढ़ाई की मांग करते हैं तो उन्हें इंटरनल में फेल करने, झूठे केस में फंसाने की देते हैं धमकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सोमवार को राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के कंप्यूटर साइंस विभाग में प्राध्यापकों की मनमानी के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जमकर हंगामा कर दिया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के अनुसार विभाग के प्रोफेसर उदय चौरसिया और मनीष अहिरवार द्वारा छात्रों के साथ बदसलूकी करने के साथ ही धमकी और मनमानी के विरोध में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने विभाग परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि दोनों प्राध्यापक न केवल नियमित कक्षाएं नहीं लेते, बल्कि जब छात्र उनसे पढ़ाई की मांग करते हैं तो उन्हें इंटरनल में फेल करने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। पहले भी उदय चौरसिया पर एक छात्रा को जानबूझकर फेल करने का आरोप सिद्ध हो चुका है, जिसके बाद उन्हें विभागाध्यक्ष के पद से हटाया गया था। कार्यकर्ताओं के अनुसार इसके बावजूद उनका व्यवहार जस का तस बना हुआ है। विभाग की एक महिला गेस्ट फैकल्टी ने भी हाल ही में उदय चौरसिया पर दुर्व्यवहार की लिखित शिकायत कुलसचिव से की थी, लेकिन विवि प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

### आंदोलन की दी चेतावनी

*बताया गया है कि सोमवार को जब अभाविप कार्यकर्ता विभाग में प्राध्यापकों से जवाब मांगने पहुंचे, तो दोनों प्राध्यापक मौके से चले गए। इसके बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने विभाग परिसर में विवि प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। अभाविप ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इन प्राध्यापकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो विद्यार्थी परिषद विवि स्तर पर आंदोलन करेगी।*

---

अब विद्यार्थी 10 जुलाई तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन, 21 जुलाई को होगा सीट आवंटन

## कॉलजों में पीजी कक्षाओं में एडमिशन के लिए बढ़ाई गई तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में कॉलेजों में स्नात्कोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में वृद्धि कर दी है। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में उच्च शिक्षा विभाग ने पीजी सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश के तहत सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की गई है। जारी टाइम टेबल के अनुसार सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अलावा अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी 7 से 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 7 से 11 जुलाई तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 14 जुलाई को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर अंकों की प्रविष्टि 16 से 17 जुलाई तक होगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 21 जुलाई को होगा। आवंटित कॉलेज में प्रवेश शुल्क का भुगतान 21 से 25 जुलाई तक किया जा सकेगा।

---

शिक्षक प्रशिक्षण में सीख रहे आपदाओं के पूर्वानुमान की तकनीक

## मैनिट ने शुरू किया हाइड्रो-मौसमीय और जलवायु आपदा पर कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने 24 सप्ताह के इस विशेष पीजी सर्टिफिकेट प्रोग्राम कोर्स शुरू किया है। इसका शीर्षक हाइड्रो मौसमीय आपदाएं और जलवायु आपदाएं-डेटा आधारित दृष्टिकोण, प्रभाव और रणनीतियां है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और मौसमीय आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा और हीट वेव से निपटने के लिए यह कोर्स शुरू किया गया है। यह क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम इंजीनियरिंग और विज्ञान संस्थानों के संकाय सदस्यों (शिक्षकों) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उन्हें जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक पहलुओं, आपदाओं के पूर्वानुमान की तकनीकों और प्रभावी प्रबंधन रणनीतियों के बारे में प्रशिक्षण देना है।

---

## मेडिकल यूनिवर्सिटी बंद करने का विरोध, आयुष यूनिवर्सिटी खोलने की मांग बढ़ी: डॉ. पांडेय

- *एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि अगर बंद ही करना था तो प्रारंभ ही क्यों किया गया, क्योंकि क्षेत्रीय विश्वविद्यालय तो पहले भी मैनेज कर ही रहे थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जो 2011 में जबलपुर में स्थापित की गई थी, जिसे बंद करने के निर्णय व इसमें संचालित कोर्सों को क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों को भविष्य में दिए जाने का आयुष मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने विरोध किया है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पांडेय ने कहा कि अगर बंद ही करना था तो प्रारंभ ही क्यों किया गया। क्योंकि क्षेत्रीय विश्वविद्यालय तो पहले भी मैनेज कर ही रहे थे। डॉ. पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सोच सकारात्मक है और निश्चित रूप से इसे प्रारंभ रखने पर विचार करेंगे। हालांकि अभी केबिनेट निर्णय नहीं हुआ है।

एसोसिएशन ने कहा कि अगर मेडिकल यूनिवर्सिटी बंद ही होती है, तो मेडिकल यूनिवर्सिटी से आयुष को अलग कर पृथक से आयुष विश्वविद्यालय उज्जैन (पूर्व से प्रस्तावित) या भोपाल में खोला जाए ताकि जामनगर गुजरात, पंजाब, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान व अन्य राज्यों की भांति आयुष के अंतर्गत आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा, योग व नैचरोपैथी का समग्र विकास हो सके। जिस मेडिकल यूनिवर्सिटी में एक ही छत के नीचे मेडिकल, डेंटल, आयुष, पैरामेडिकल आदि समस्त चिकित्सकीय डिग्रियों का अध्ययन-अध्यापन मार्गदर्शन व रिसर्च के साथ ही प्रगति उन्नयन संचालन था, उसे बंद करना हित में नहीं है।

---

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नीलबड़ में आध्यात्मिक शिविर का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## विश्व क्षमा दिवस पर आत्म-मुक्ति और ईश्वरीय प्रेम का दिया संदेश

**किसी ने भीतर छिपे अपराधबोध को छोड़ा, तो किसी ने वर्षों से संजोए गिले-शिकवे मिटा दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व क्षमा दिवस पर सोमवार को नीलबड़ ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य था कि अपने भीतर संचित ग़िले-शिकवे, आंतरिक पीड़ाएं और भावनात्मक गांठों को पहचानकर, उन्हें प्रेमपूर्वक क्षमा में परिवर्तित करना। कार्यक्रम में शामिल हुई सेवा केंद्र के बहनों व भाई ने आत्म-चिंतन के माध्यम से स्वयं से, प्रकृति से, परमात्मा से, और अपने परिजनों, मित्रों व समाज की प्रत्येक आत्मा से गहराई से क्षमा याचना की। किसी ने स्वयं को माफ किया, किसी ने दूसरों को। किसी ने भीतर छिपे अपराधबोध को छोड़ा, तो किसी ने वर्षों से संजोए गिले-शिकवे मिटा दिए। इस अवसर पर आयोजित /"पत्र लेखन गतिविधि/" विशेष आकर्षण रही, जहां सभी ने उन व्यक्तियों को पत्र लिखे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी ने एक मौन ध्यान सत्र में क्षमा शक्ति को जाग्रत करते हुए स्वयं को और सभी आत्माओं को मुक्त करने का संकल्प लिया गया।

---

नोडल शिक्षक की मदद से सभी विद्यार्थियों के कॅरियर डायरी और फोल्डर होंगे तैयार

# सांदीपनि विद्यालयों में यूनिसेफ के सहयोग से चलेगा कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन यूनिसेफ के सहयोग से दिया जाएगा। कॅरियर रिफ्रेशर प्रशिक्षण के द्वारा प्रत्येक विद्यालय के एक नोडल शिक्षक को संसाधनों को उपयोग करने के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। नोडल शिक्षक के माध्यम से ही विद्यालय में कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने वाली गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कॅरियर मार्गदर्शन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय ने प्रदेश के समस्त सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्यों को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्यों से इस शैक्षणिक सत्र में जनवरी माह में कॅरियर मेला आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए कहा गया है। विद्यालय स्तर पर मॉनिटरिंग के लिये प्राचार्यों से कहा गया है कि कॅरियर मार्गदर्शन से संबंधित विमर्श पोर्टल की मॉनिटरिंग फार्म को नोडल शिक्षक की सहायता से भरवाया जाए। प्राचार्य द्वारा कम से कम 2 कॅरियर मार्गदर्शन कक्षाओं का अवलोकन करके संबंधित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन दिया जाए।




### राज्य स्तर पर यह होंगी गतिविधियां

*राज्य स्तर कॅरियर मार्गदर्शन के लिए आवश्यक संसाधन जिनमें 501 करियर कार्ड्स हिन्दी एवं अंग्रेजी में, पोस्टर, ब्रोशर और 7 एजुकेशनल वीडियो को विमर्श पोर्टल पर अपलोड कराया जा रहा है। प्रत्येक माह में नोडल शिक्षकों के साथ एक घंटे की ऑनलाइन समीक्षा की जाएगी। इस वर्ष अक्टूबर एवं दिसंबर में कॅरियर संबंधित विषयों पर वेबिनार का आयोजन किया जाना भी प्रस्तावित है।*

### स्कूल स्तर पर यह होंगी गतिविधियां

*नोडल शिक्षक एवं कक्षा शिक्षक की सहायता से सभी विद्यार्थियों से कॅरियर इनफॉर्मेशन डायरी और कॅरियर फोल्डर तैयार कराया जाएगा, जिसमें हर माह की कॅरियर संबंधी जानकारी संधारित कराई जाएगी। कॅरियर गतिविधियों का संचालन राज्य स्तर से जारी कॅरियर कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में नियमित रूप से संचालित कराया जाएगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि विद्यालय समय सारणी में विद्यार्थियों के कॅरियर मार्गदर्शन के लिए कम से कम 2 पीरियड प्रति माह आवंटित किए जाएं। विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार कॅरियर नोडल शिक्षक एवं सहयोगी शिक्षकों के माध्यम से कॅरियर मार्गदर्शन सत्रों की योजना बनाकर सुव्यवस्थित संचालन करवाया जाए। कॅरियर गाइडेंस में प्रशिक्षित नोडल शिक्षक के माध्यम से विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक अध्यापन कराने वाले अन्य 2 शिक्षकों को भी शाला स्तर पर प्रशिक्षित करके उनका सहयोग लिया जाए।*

### प्रार्थना सभा में मिलेगी विस्तृत जानकारी

*विद्यालय में प्रार्थना सभा में कॅरियर गाइडेंस के तहत किसी एक डोमेन से संबंधित एक या दो कॅरियर कार्ड की संक्षिप्त जानकारी सप्ताह में किन्हीं 3 दिनों में साझा की जा सकती है। इस प्रक्रिया से विद्यार्थी कॅरियर के प्रति रुचि लेकर स्वयं कार्ड पढ़कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेगा। निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक सांदीपनि विद्यालय में एक कॅरियर कार्नर बनाया जाए जिसमें कॅरियर संबंधी सामग्री, कॅरियर कार्ड, पोस्टर, ब्रोशर और विद्यार्थी द्वारा बनाई गई सामग्री प्रदर्शित की जाए।*

---

लोक शिक्षण संचालनालय को लिखा पत्र, 122 बच्चों की सूची भी भेजी, प्रवेश के लिए आयु 13 वर्ष

## नामांकन में आयु सीमा बनी रोड़ा न्यूनतम आयु में छूट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूलों में प्रवेश के लिए आयु सीमा को लेकर जारी किए निर्देशों के चलते बड़ी संख्या में बच्चे नामांकन से वंचित हो रहे हैं। इसको लेकर दमोह निवासी धमेंद्र भटट द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त को पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि प्रवेश नीति 2025-26 माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी की गई है। जिसमें प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु कक्षा नवमी के लिए 13 वर्ष चाही गई है।

विगत सत्र में विभाग द्वारा न्यूनतम आयु में छूट बच्चों के भविष्य और संविधान अनुच्छेद 15 के अंतर्गत समानता अधिकार के सरक्षण हेतू दी गई है। माशिमं द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत न्यूनतम आयु सीमा को त्रुटिपूर्ण लागू कर सैकड़ो बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, क्योंकि जब बच्चों ने यत्र 2016-17 में कक्षा पहली में प्रवेश लिया था, तब नई शिक्षा नीति 2020 लागू नहीं थी। पत्र में यह भी कहा गया है कि उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा और मीन्स कम मेरिट परीक्षा में भी न्यूनतम आयु सीमा का बंधन न होने के कारण 1 अप्रेल 2005 से सैकड़ों बच्चे नवमी में प्रवेश ले चुके हैं।

भोपाल
मंगलवार, 8 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 12, अंक : 98
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11
तूफानी गेंदबाज से डरे मैकुलम, बोले- लॉर्ड्स...



विचार पेज
06 परस्पर अविश्वास से निष्क्रिय हो रहा ब्रिक्स

### देश में पहली बार होगी डिजिटल जनगणना

# नागरिक खुद कर सकेंगे गणना, लॉन्च किया जाएगा वेब पोर्टल

गणना करने वाले एंड्रॉइड और एप्पल फोन पर मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए नागरिकों के आंकड़े इकट्ठे करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 2027 में जनगणना की घोषणा की है। यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी, जिसमें जातिगत जनगणना भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि आगामी जनगणना के दौरान नागरिक खुद गणना कर सकेंगे और इसके लिए खास वेब पोर्टल लॉन्च किया जाएगा, जो दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा।

देश की पहली डिजिटल जनगणना में गणना करने वाले एंड्रॉइड और एप्पल फोन पर मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए नागरिकों के आंकड़े इकट्ठे करेंगे। ऐसा देश में पहली बार होगा कि नागरिकों को वेब पोर्टल के जरिए खुद गणना करने का मौका मिलेगा। ये पोर्टल दोनों चरणों के ⏩ शेष पेज 4 पर

## जनगणना के लिए पहली बार इस्तेमाल होगी टेक्नोलॉजी

एक अधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना पहल जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। डेटा इकट्ठा करने और इसे सर्वर पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजने के लिए पहली बार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे जनगणना डेटा जल्दी उपलब्ध होगा। कलेक्शन, ट्रांसमिशन और स्टोरेज के समय डेटा सिक्योरिटी सुनिश्चित करने के लिए बहुत ही कड़े डेटा सिक्योरिटी उपाय लागू किए जाएंगे।



### कब होगी जनगणना?

एचएलओ 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, उसके बाद दूसरा चरण 1 फरवरी, 2027 से शुरू होगा, जिसमें जनसंख्या गणना (पीई) की जाएगी। आगामी जनगणना में घर के सदस्यों की जातियों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 को और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए 1 अक्टूबर, 2026 को होगी।

### 34 लाख कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

इतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे।

### सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय

सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### वोटर लिस्ट रिवीजन मामला पहुंचा शीर्ष कोर्ट



**नई दिल्ली।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जमकर विवाद हो रहा है। चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए आरजेडी सांसद मनोज झा ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है। उन्होंने कहा है कि यह प्रक्रिया न केवल जल्दबाजी में और गलत समय पर की गई है, इससे करोड़ों मतदाता मताधिकार से वंचित हो जाएंगे, मतदान का अधिकार छिन जाएगा।

### खान सर के तीखे सवालों से कांग्रेस खुश



**पटना।** बिहार कांग्रेस द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में चर्चित शिक्षक खान सर ने देश की वर्तमान स्थिति को लेकर तीखी टिप्पणी की है। वीडियो क्लिप में खान सर कहते हैं कि, 'हम लोकतंत्र में नहीं, भीड़तंत्र में हैं। अगर आज हम यह सवाल पूछ लें कि आपने 100 स्मार्ट सिटी का वादा किया था, महंगाई कम क्यों नहीं हुई, गंगा साफ क्यों नहीं हुई। इस वीडियो को कांग्रेस ने शेयर कर समर्थन किया है।

### सोने की चमक में भारत की भागीदारी 15 फीसदी



**नई दिल्ली।** वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 12.5 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि सोने का बाजार वर्तमान में 23 ट्रिलियन डॉलर का है, जिसमें से 15 % भारत में है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। अब तक निकाले गए कुल सोने में से 65 प्रतिशत आभूषणों के रूप में है और वैश्विक भंडार का मात्र 5 प्रतिशत सोने में स्थानांतरित होने से इसकी कीमत में निरंतर और महत्वपूर्ण उछाल आ सकता है।

### हाईकोर्ट में लगी याचिका: फिर कानूनी विवाद में उलझा प्रमोशन

# प्रमोशन में आरक्षण पर रोक, हाईकोर्ट ने कहा-नए नियम लागू नहीं कर सकते



हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी करते हुए मौखिक आश्वासन मांगा है कि अगली सुनवाई तक कोई भी प्रमोशन नहीं किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की नई प्रमोशन नीति 2025 को लेकर कानूनी और संवैधानिक विवाद एक बार फिर गहरा गया है। अनारक्षित श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सोमवार को हुई सुनवाई में जबलपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुरेश मोहन गुरु ने अदालत में तर्क रखे।

उन्होंने कहा कि नई नीति सुप्रीम कोर्ट के यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देशों को निष्प्रभावी करती है। यह नीति आरबी राय बनाम मध्यप्रदेश शासन के आदेश से बचने के लिए जल्दबाज़ी में लागू की गई है। गौर हो कि प्रमोशन में आरक्षण के नए नियम लागू होने के बाद सरकार एक भी डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक) नहीं कर पाई। अधिवक्ता सुरेश मोहन गुरु ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में जरनैल सिंह बनाम भारत संघ मामले में यह ⏩ शेष पेज 4 पर

प्रमोशन में आरक्षण के नए नियम लागू होने के बाद एक भी डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक) नहीं



दलील: प्रमोशन में आरक्षण केवल तब दिया जा सकता है जब यह साबित हो कि संबंधित वर्ग का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त

15 जुलाई को होगी अगली सुनवाई मध्यप्रदेश सरकार रखेगी अपना पक्ष

### हाईकोर्ट ने पूछा...बिना तुलनात्मक अध्ययन के नई नीति कैसे बना दी?

हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव द्विवेदी और जस्टिस विनय सराफ की डिविजनल बेंच ने राज्य सरकार से सीधे सवाल किया कि जब वर्ष 2002 की नीति पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम निर्णय तक रोक लगा रखी है और जरनैल सिंह जैसे फैसलों में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर स्पष्ट दिशानिर्देश मौजूद हैं, तो सरकार ने बिना तुलनात्मक अध्ययन के नई नीति कैसे बना दी?, सरकार की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सालों से प्रमोशन लंबित होने के कारण सरकार में कार्यरत कर्मचारियों के कई वरिष्ठ पद रिक्त हैं, प्रमोशन ⏩ शेष पेज 4 पर

### कोर्ट ने सरकार से मौखिक भरोसे की अपेक्षा की

सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट से निवेदन किया कि इस पर अभी कोई अंतरिम राहत न दी जाए। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से निर्देश दिया कि जब तक यह स्पष्ट नहीं होता कि नई नीति सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप है, तब तक कोई प्रमोशन आदेश जारी न किया जाए। लिखित रोक नहीं दी गई, लेकिन कोर्ट ने सरकार से मौखिक भरोसे की अपेक्षा की।

### प्रमोशन का नया तरीका क्या है?

**पदों का वर्गीकरण**

- जो पद रिक्त होंगे, उन्हें एससी-एसटी (16%-20%) और अनारक्षित श्रेणियों में बांटा जाएगा।
- पहले एसी-एसटी वर्ग को पद आवंटित किए जाएंगे, इसके बाद बाकी पदों के लिए अवसर दिए जाएंगे।

**लिस्ट बनाने के दो तरीके**

1. क्लास-1 अधिकारी (जैसे डीपीटी क्लर्क) के लिए लिस्ट मेरिट और सीनियरिटी दोनों के आधार पर तैयार होगी।
2. क्लास-2 और निम्न पदों के लिए लिस्ट सीनियरिटी के आधार पर बनाई जाएगी।

**एसीआर की आवश्यकता होगी**

- कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए उनकी गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) का उत्कृष्ट होना आवश्यक है।
- पिछले 2 वर्षों में कम से कम एक रिपोर्ट आउटस्टैंडिंग होनी चाहिए, या
- पिछले 7 वर्षों में कम से कम 4 रिपोर्ट ए प्लस होनी चाहिए।
- यदि किसी कर्मचारी की गलती से एसीआर नहीं बनी है, तो उसका प्रमोशन संभव नहीं होगा।

### मोहर्रम के जुलूस के दौरान कुछ जगह बवाल



## रतलाम में भगवा बैनर जलाने की कोशिश, शाजापुर में दो पक्ष भिड़े

हिंदू संगठनों ने बाजार बंद कर हनुमान चालीसा का किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में मोहर्रम जुलूस के दौरान कुछ जगह विवाद की स्थिति निर्मित हुई। रतलाम के सैलाना में मोहर्रम के जुलूस के दौरान हिंदू राष्ट्र लिखे बैनर को जलाने की कोशिश का वीडियो वायरल होने के बाद तनाव की स्थिति बन गई। मोहर्रम के जुलूस के दौरान मुंह में पेट्रोल भरकर एक युवक आग को हिंदू राष्ट्र लिखे बैनर की तरफ फूंकता दिख रहा है। युवक द्वारा छोड़ी गई आग से बैनर एक कोने से जल गया है।

घटना से नाराज हिंदू संगठनों के लोगों ने बाजार बंद रखकर मस्जिद चौराहे पर सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना पर सैलाना एसडीओपी नीलम बघेल, रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर ⏩ शेष पेज 4 पर




### शाजापुर में दो पक्षों में अखाड़ा घुमाने को लेकर चली लाठियां

शाजापुर जिला मुख्यालय पर रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे मोहर्रम के जुलूस के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर तैनात पुलिस के जवानों ने दोनों गुटों पर हलका बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। घटना उस समय हुई जब दुलदुल साहब का जुलूस आजाद चौक पहुंचा। वहां पहले से मौजूद दो पक्षों में विवाद हुआ जो मारपीट में बदल गया।

### आज अशोकनगर पहुंचेगी कांग्रेस

## पटवारी बोले-होटल नहीं मिले तो सड़कों पर रुकेंगे

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'मेरा घर, कांग्रेस का घर' के लगाए बैनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज हुई एफआईआर को लेकर कल मंगलवार को कांग्रेस का अशोकनगर में जेल भरो आंदोलन होगा। आंदोलन के एक दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मामले में कार्रवाई नहीं हुई मुझ पर एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस नेताओं को ठहरने के लिए होटल नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम जाएंगे भले ही हमको वहां सड़कों पर रुकना पड़े। पटवारी ने कहा कि अशोकनगर की सड़कों पर कांग्रेस रुकेगी। ⏩ शेष पेज 4 पर



### राजा के परिवार की तैयारी

## सोनम-राज के नार्को टेस्ट कराने परिवार ने हायर किए 3 वकील

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी बहुचर्चित हत्याकांड का मामला डेढ़ महीने बाद भी नहीं सुलझ पाया है। परिवार ने राजा की हत्या मामले में न्याय के लिए सोनम और राज के नार्को टेस्ट की मांग की है। ताकि परिवार को सच्चाई का पता लग सके। परिवार की ओर से शिलॉन्ग हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। इसके लिए राजा के परिवार ने 3 वकील हायर किए हैं। अगर हाईकोर्ट में अपील खारिज होती है तो परिजन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। राजा के भाई ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हम सिर्फ इतना जानना चाहते हैं कि हमारे भाई को ⏩ शेष पेज 4 पर

■ तो परिजन सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे



### भाषा विवाद : भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दी ठाकरे बंधुओं को चुनौती

उद्धव ठाकरे ने कह दिया दुबे को लकड़बग्घा

## उत्तरप्रदेश-बिहार आएं पटक-पटक कर मारा जाएगा

महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने कहा दुबे की ये भाषा सहन नहीं की जाएगी

एजेंसी ⏭ मुंबई/नई दिल्ली

महाराष्ट्र में भाषा को लेकर सियासत तेज है। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने मनसे चीफ राज ठाकरे को बिहार आने की खुली चुनौती दे डाली और कहा कि अगर राज ठाकरे में इतनी ही हिम्मत है, तो वह बिहार आकर दिखाएं। उन्हें पटक-पटकर मारा जाएगा। गुवाहाटी में ⏩ शेष पेज 4 पर



### दुबे ने कही थी ये बात हमारे पैसे पर पल रहे हो

दुबे ने कहा कि आप किसकी रोटी खा रहे हो? टाटा, बिरला, रिलायंस की महाराष्ट्र में यूनिट तक नहीं है। टाटा ने तो पहली फैक्ट्री भी तब के बिहार में बनाई, जब झारखंड साथ था। हमारे पैसे पर पल रहे हो, तुम कौन सा टैक्स देते हो। कौन सी इंडस्ट्री है तुम्हारे पास, सारे माइंस हमारे पास है या फिर झारखंड के पास है और छत्तीसगढ़ के पास हैं। मध्य प्रदेश के पास हैं, ⏩ शेष पेज 4 पर

### सड़क पर अंगूठी बेचता था छांगुर बाबा

## जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा धर्मांतरण कराकर बना 100 करोड़ का मालिक

एजेंसी ⏭ लखनऊ

अवैध धर्मांतरण कराने के आरोप में यूपी एटीएस टीम ने जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को को गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले की जांच यूपी एटीएस और एसटीएफ (स्पेशल टॉस्क फोर्स) कर रहा था, लेकिन अब इस केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री हो गई है। छांगुर बाब को यूपी से गिरफ्तार किया गया था। जमालुद्दीन के खिलाफ अदालत ने गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था, जबकि पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50,000 रुपए के नकद इनाम की घोषणा की थी। जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा एक ऐसा नाम है जो कुछ साल पहले तक सड़कों पर अंगूठी और नकली नग बेचता था। इसके बाद उसे विदेशी से फंडिंग मिलने लगी। जिसके बाद उसकी जिंदगी बदल गई। सिर्फ 5-6 सालों में ही वह आलीशान कोठी, लग्जरी गाड़ियां और कई फर्जी संस्थाओं का मालिक बन गया।

मधपुर गांव की कोठी उसके नेटवर्क का मुख्य अड्डा था। जहां से उसका पूरा नेटवर्क चलता था। एटीएस को छांगुर बाबा के खिलाफ पुख्ता सुराग मिले हैं कि उसने अवैध धर्मांतरण के जरिए 100 करोड़ रुपए से अधिक रकम जुटाई है। छांगुर ⏩ शेष पेज 4 पर

■ यूपी एटीएस और एसटीएफ के बाद ईडी की भी एंट्री



### मराठी विवाद के बीच संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने दिया बड़ा जवाब

प्रांत प्रचारकों की 3 दिवसीय वार्षिक बैठक रविवार को संपन्न हुई

## देश की सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषा, सभी लोग पहले से अपनी भाषा में शिक्षा लेते हैं

आपातकाल में जैसे जेलों में लोगों पर अत्याचार हुआ, वैसे संविधान पर भी अत्याचार हुआ है। जिन परिस्थितियों में संविधान बदला गया, वो अच्छी स्थिति नहीं थी। इस पर नई पीढ़ी को जानना चाहिए।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारकों की 3 दिवसीय वार्षिक बैठक रविवार को संपन्न हुई।

बैठक में जहां संगठनात्मक मामलों और संघ के शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर चर्चा की गई, वहीं संगठन ने देश के सामने मौजूद विभिन्न आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया। सोमवार को संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ⏩ शेष पेज 4 पर



### षड़यंत्र या लालच देकर किसी का मत परिवर्तन गलत

धर्मांतरण पर उन्होंने कहा कि अपने तरीके से पूजा करने का अधिकार है, लेकिन षड़यंत्र या लालच देकर कोई किसी के मत परिवर्तन कराने का प्रयास करता है तो गलत है। समाज इसे रोकने का प्रयास करता ही है। अवैध घुसपैठियों को बाहर निकालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकर्ता निरंतर काम कर रहे हैं। हमने पहले भी जागृति का काम किया है, अब भी लगातार काम कर रहे हैं।

### संघ में जाति या समुदाय के आधार पर कोई भेदभाव नहीं

आंबेकर ने 3 जुलाई को कहा संघ में जाति या समुदाय के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों पर सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की टिप्पणी पर विपक्षी दलों के हमले को लेकर भी अपनी राय दी थी। आंबेकर ने कहा था कि सरकार्यवाह ने आपातकाल के दौरान लोगों पर किए गए अत्याचार और संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों का उल्लेख किया। साथ ही सुझाव दिया था कि इन पर चर्चा होनी चाहिए। ⏩ पढ़ें पेज 09 भी

# नेक्स्ट होराइजन-बिल्डिंग सिटीज़ ऑफ टुमारो' थीम पर 11 जुलाई को इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव

- राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिए नए क्षितिज खोलेगी यह कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में रीयल एस्टेट की गतिविधियों के विस्तार के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से 11 जुलाई को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। 'नेक्स्ट होराइजनः बिल्डिंग सिटीज़ ऑफ टुमारो' थीम पर आधारित यह कॉन्क्लेव राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिए नए क्षितिज खोलने का माध्यम बनेगा। 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025' के अंतर्गत इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की नगरीय अधोसंरचना को भविष्योन्मुखी बनाना, सतत विकास को गति देना और व्यापक निवेश आकर्षित करना है।

मप्र देश के केन्द्र में रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए यहां से आसानी से देश भर से लॉजिस्टिक संपर्क किया जा सकता है। प्रदेश में तेज गति से होता शहरीकरण, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में सशक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। राज्य में सस्ती भूमि और श्रम, सरल प्रशासनिक प्रक्रियाएं हैं।

## निवेश और विकास के प्रमुख क्षेत्र



प्रदेश में विकास और निवेश शहरी परिवहन (मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब), किफायती आवास, स्लम पुनर्विकास, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क, झील संरक्षण, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस, भवन स्वीकृति प्रणाली और स्वच्छ ऊर्जा, हरित भवन, रिन्यूएबल इनफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। निवेशक इन क्षेत्रों में निवेश कर भविष्य में होने वाले लाभ के सहभागी हो सकते हैं।

## प्रमुख आगामी अधोसंरचना विकास परियोजनाएं

मप्र के भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना, स्मार्ट सिटी के तहत इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर्स, इंडस्ट्रियल टॉउनशिप्स, न्यू टॉउन डेवलपमेंट प्लान, नगरीय निकायों में आधुनिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स और स्ट्रीट वेंडिंग जोन, शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण जैसी परियोजनाएं चल रही हैं और कुछ भविष्य के लिए प्रस्तावित हैं।

### निवेश को साकार करने सुदृढ़ इको-सिस्टम

प्रदेश उद्योग विकास निगम उद्योगों को वन-स्टॉप सुविधा उपलब्ध करा रहा है। ई-नगर पालिका पोर्टल पर भी संबंधित सेवाएं रियल-टाइम ऑनलाइन उपलब्ध हैं। निवेशकों के लिए स्पेशल पॉलिसी इंसेंटिव्स भी प्रारंभ किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के अलावा विदेश के निवेशकों से भी सघन सम्पर्क स्थापित किए गए हैं। उक्त के दृष्टिगत अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय डेवलपर्स के साथ करार होने की बड़ी संभावनाएं भी हैं। मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव राज्य को नगरीय पुनर्निर्माण और वैश्विक निवेश के पथ पर अग्रसर करेगा। यह आयोजन न केवल भौतिक अवसंरचना बल्कि डिजिटल, सामाजिक और आर्थिक विकास का भी सशक्त मंच बनेगा। प्रदेश सरकार इस अवसर को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के एक निर्णायक कदम के रूप में देख रही है।

## सीएम डॉ. यादव ने लुधियाना में उद्योगपतियों को निवेश के लिए दिया आमंत्रण

# वन टू वन चर्चा में बोले- शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं

## जहां जरूरी होगा, वहां नियम बदलने से हिचकिचाएंगे नहीं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश में औद्योगिक निवेश के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को लुधियाना में थे। यहां उन्होंने रोड शो किया और उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा कर उन्हें निवेश के लिए मप्र आने का आमंत्रण दिया। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में आएं और गतिशीलता, शांति, संसाधनों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जहां आपके हित में जहां जरूरी होगी, वहां हम कैबिनेट के जरिए नियम को बदलने से हिचकिचाएंगे नहीं। इसके साथ डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार न केवल उद्योग लगाने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि यदि किसी सेक्टर में संभावना दिखती है, तो आवश्यकतानुसार नियमों में परिवर्तन भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टैक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

**खास बातें**

- डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी
- उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की




### इन उद्योगपतियों से की वन टू वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन टू वन चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टैक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी दिनेश ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता, बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह, टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन, आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स के एमडी वरिंदर गुप्ता और एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक के डायरेक्टर पुनीत अग्रवाल ने निवेश प्रस्ताव रखे। खाद्य प्रसंस्करण और चाय उद्योग से जुड़े भगवती लैक्टो वेजिटेरियन एक्सपोर्ट्स के एमडी सुशील मित्तल और केजी एक्सपोर्ट टीम के सदस्य हरीश दुआ ने मध्यप्रदेश के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, कृषि उत्पाद उपलब्धता और फूड पार्क्स पर चर्चा की। इंजीनियरिंग सेक्टर से हीरो साइकिल के एमडी एसके राय और हाईलैंड एथनॉल के एमडी अमित कुमार मोदी ने निवेश के लिए औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, बेक्टर्स फूड्स के एमडी अनूप बेक्टर और एवी कोटस्पिन इंडस्ट्री के डायरेक्टर दीपक गर्ग ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की।

### प्रदेश में निवेश के लिए 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न उद्योगपतियों से प्रदेश में निवेश के लिए 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 20,275 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है -

| कंपनी का नाम | मालिक | प्रस्तावित स्थान/ क्षेत्र | निवेश प्रस्ताव | अनुमानित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| ट्राइडेंट ग्रुप | राजेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन | बुधनी | 5000 | 6000 |
| रालशन टायर्स लिमिटेड | संजीव पाहवा, चेयरमैन | एसआईपी पीथमपुर | 2200 | 2000 |
| वर्धमान इंडस्ट्रीज | एसपी ओसवाल, चेयरमैन | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1581 | |
| एबी कोटस्पिन इंडस्ट्री | दीपक गर्ग, मैनेजिंग डायरेक्टर | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1300 | 1500 |
| नाहर ग्रुप | दिनेश ओसवाल, सीएमडी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1100 | 1000 |
| दीपक फास्टनर्स लिमिटेड | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशियलिटीज लि. | सीहोर | 1000 | 1800 |
| मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशियलिटीज लि. | अनूप बेक्टर, एमडी | पीथमपुर | 700 | 500 |
| हाईलैंड एथनॉल | अमित मोदी | नरसिंहपुर | 600 | 1000 |
| ए एंड एम एग्री वेंचर्स प्रालि | | भोपाल | 600 | 1000 |
| भगवती लैक्टो वेजिटेरियन एक्सपोर्ट्स प्रालि | सुशील मित्तल, चेयरमैन | मोहासा बाबई, नरसिंहपुर | 500 | 300 |
| बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज | मंजीत सिंह, एमडी एवं चेयरमैन | इंदौर | 200 | 750 |
| एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक | प्रालिपुनीत अग्रवाल, निदेशक मोहासा बाबई, | नरसिंहपुर | 100 | 125 |
| टीके स्टील एवं स्टील उद्योग समूह | लोकेश जैन, एमडी, चेयरमैन | सीआईआई लुधियाना चैप्टर | 200 | 300 |
| केजी एक्सपोर्ट्स एंड टीम | हरीश दूआ, ईपीसी सदस्य | | 400 | 1000 |
| दिनेश ओसवाल, सीएमडी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर | चैतन्य डावर, डायरेक्टर | | 125 | 500 |
| | | कुल | 15,606 | 20,275 |

### गारमेंट, टैक्सटाइल के लिए विशेष अवसर

-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टैक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इंदौर की हुकुमचंद मिल को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य हो रहा है और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सौ करोड़ रु. से अधिक के सेटलमेंट क्लीयर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों और श्रमिकों के साथ सरकार की प्रतिबद्धता हर स्तर पर बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर की जेसी मिल और उज्जैन की हीरा मिल के मामले में भी राज्य सरकार ने सहृदयता से निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में टैक्सटॉइल, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री, इंजीनियरिंग गुड्स, स्टील प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और आईटी जैसे सेक्टरों में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### लुधियाना और पंजाब के निवेशकों को मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित

- निवेशकों को राज्य की औद्योगिक नीतियों से कराया अवगत
- मप्र में निवेश करें और विकसित भारत के निर्माण में बने भागीदार
- पंजाब और मप्र मिलकर करेंगे देश का विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में औद्योगीकरण बढ़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मप्र में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टेक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता और बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह शामिल रहे। स्टील क्षेत्र से टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन ने प्रदेश में संभावित निवेश अवसरों पर चर्चा की।




### हेमंत ने दे दिए अपनी प्राथमिकताओं के संकेत

प्रदेश भाजपा को हेमंत खंडेलवाल के रूप में अंततः नया मुखिया मिल गया। उन्होंने भाजपा नेतृत्व, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संघ का भरोसा हासिल किया। कार्यभार संभालते ही हेमंत ने अपनी प्राथमिकताओं के संकेत दे दिए। यह कह कर उन्होंने सख्त होने के संकेत दिए कि जो नेता पार्टी लाइन से अलग दाएं-बाएं चलेगा, दिक्कत में आएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ खंडेलवाल ने यह कह कर नरम होने का अहसास दिलाया कि समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा और सभी को क्षमता के हिसाब से दायित्व दिया जाएगा। पार्टी कार्यालय के कर्मचारियों से मुलाकात में उन्होंने संवेदनशील होने का परिचय दिया। उन्होंने घोषणा की कि सभी के लिए मेडिकल क्लेम की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। कर्मचारियों के बच्चों को स्कॉलरशिप मिलती है, तो पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद दी जाएगी। किसी को बैंक लोन की आवश्यकता होगी तो मैं स्वयं गारंटी देने को तैयार रहूंगा। खंडेलवाल ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में कम शुल्क में भोजन की व्यवस्था करने की बात भी कही।

### नरोत्तम की राजनीतिक पारी पर कयासों का दौर

नरोत्तम मिश्रा के पास इस समय कोई दायित्व नहीं है। अपनी गलतियों के कारण 2023 का विधानसभा चुनाव वे पहले ही हार चुके हैं। उम्मीद की जा रही थी कि पार्टी नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व नरोत्तम को सौंपेगा, लेकिन नतीजा आया तो बैतूल से भाजपा के विधायक हेमंत खंडेलवाल बाजी मार ले गए। इसके साथ नरोत्तम के राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। एक पक्ष का कहना है कि वे मार्गदर्शक मंडल में जाने की ओर अग्रसर हैं जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि पार्टी नेतृत्व उनका लगातार उपयोग कर रहा है। हर प्रदेश के चुनाव प्रचार में उन्हें अहम जवाबदारी दी जाती है। इसलिए, उनकी राजनीतिक पारी अभी समाप्त नहीं हुई।

### रावतपुरा सरकार फंसे, पर कम नहीं हुआ सम्मान

अब प्रदेश के एक संत रावतपुरा सरकार कठघरे में हैं। मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए रिश्वत देने के मामले में सीबीआई ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि, एफआईआर दर्ज होने के बावजूद इस संत के प्रति सम्मान कम नहीं हुआ। उन्होंने सागर में वेदांती आश्रम परिसर में लगभग 75 फीट ऊंची शिव प्रतिमा का निर्माण कराया है। 5 जुलाई को रावतपुरा सरकार के जन्मदिन पर इस प्रतिमा का पूजन हुआ। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, विधायक भूपेंद्र ठाकुर ने इस मामले की परवाह नहीं की। वे कई अन्य विधायकों और नेताओं के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। कांग्रेस इसे लेकर भाजपा पर चुटकी ले रही है।

### तलाशे जा रहे इन दिग्गजों की मुलाकातों के मायने

भाजपा-कांग्रेस के चार दिग्गजों की मुलाकातों ने प्रदेश की राजनीति गरमा दी है। इन मुलाकातों के मायने तलाशे जा रहे हैं। पहली मुलाकात शिवराज सिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई जबकि दूसरी दिग्विजय सिंह और उमंग सिंघार के बीच। शिवराज और कैलाश की इंदौर में बंद कमरे में 18 मिनट की चर्चा हुई। शिवराज-कैलाश के संबंध लंबे समय से मधुर नहीं रहे और दोनों पावर में होने के बावजूद कुछ कारणों से असंतुष्ट की श्रेणी में हैं। ठीक इसी तरह कांग्रेस में दिग्विजय और उमंग के बीच छत्तीस का आंकड़ा जगजाहिर है। दिग्विजय के खिलाफ उमंग कई गंभीर आरोप लगा चुके हैं। लेकिन, बदले राजनीतिक माहौल में वे दिग्विजय से उनके घर मिलने पहुंच गए। इसे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से नाराजगी और कांग्रेस में नए समीकरणों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### पचमढ़ी पाठशाला का इन नेताओं पर असर नहीं

कई नेताओं के बयानों और एक्शन से हाल ही में पचमढ़ी में आयोजित पाठशाला बेअसर साबित होती दिख रही है। पहले चाचौड़ा की विधायक प्रियंका पेंची ने गुना पुलिस अधीक्षक पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगा कर मुख्यमंत्री को पत्र लिख दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरी परेशानी नहीं, कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने कहा कि एसपी और एसडीओपी द्वारा उन्हें सिर्फ महिला होने के कारण प्रताड़ित किया जा रहा है। जिले में थाना प्रभारियों के तबादले भी प्रभारी मंत्री और स्थानीय विधायक की अनुशंसा के बगैर कर दिए गए हैं। दूसरा, मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने पहले मुरैना जिले की एक सभा में कहा कि यदि यहां से कांग्रेस के सांसद को जिताते और आप उन्हें भला-बुरा कहते तो वे सीधे गोली मार देते। ऐसी भाषा का प्रयोग कर वे भाजपा सांसद की तारीफ कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के क्षेत्र में जाकर भी उन्होंने उनके लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा इन सबसे आगे निकल गए। वे एसडीओपी को हटाने को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ भरी बारिश बीच सड़क धरने पर बैठ गए। इसके कारण भोपाल-जबलपुर हाइवे पर लंबा जाम लग गया।

दिनेश निगम 'त्यागी'

# कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनकी संगठन करेगा: खंडेलवाल

- इंदौर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का समारोह में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को इंदौर में स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से पार्टी आज बुलंदियां छू रही है। कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खण्डेलवाल जैसे अनेक महापुरूषों के त्याग और तपस्या से पाटी संगठन को मध्यप्रदेश में मजबूत किया। पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने गांव-गांव घूमकर कार्यकर्ता तैयार किए और संगठन को मजबूत बनाया। कार्यकर्ता जब-जब मुझे याद करेंगे, वे मुझे अपने बीच ही पाएंगे।

### भाजपा में कार्यकर्ता खुद को प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। मैं भी पार्टी का सामान्य कार्यकता हूं। भाजपा संगठन का हर कार्यकर्ता खुद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें। सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान हमेशा बरकरार रखा जाएगा। आप सभी कार्यकर्ता किसी दायित्व में रहें या न रहें, पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहे।

### कार्यकर्ता सेवा के साथ समाज की विकृति दूर करने का कार्य करते हैं: विजयवर्गीय

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी ही सामान्य कार्यकर्ता को भी शीर्ष पर बैठाती है और कोई राजनीतिक दल के पास ऐसा उदाहरण नहीं है। हमें लगातार जन-जन से संपर्क करते हुए पोलिंग बूथ को मजबूत करना है। जब पोलिंग बूथ मजबूत हो जाता है तो चुनाव जीतना हमारे लिए बहुत आसान हो जाता है।

## राजीव टंडन ने ग्रहण किया मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष का पदभार



भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने सोमवार को मप्र मानव अधिकार आयोग में अध्यक्ष (कार्यवाहक) का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम- 2025 में प्रशिक्षण ले रहे विधि संकाय के विद्यार्थी मौजूद रहे। जिन्होने आयोग अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टण्डन का कार्यालय में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## आदिवासियों के सवा तीन लाख पट्टे निरस्त हुए

भोपाल। मध्यप्रदेश में आदिवासियों को जमीन के पट्टे न मिलने के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार आदिवासियों के साथ लगातार अन्याय कर रही है। अधिकारियों द्वारा आदिवासियों के भूमि पट्टे निरस्त किए जा रहे हैं, जबकि 2006 के पहले से जमीन पर बसे हुए आदिवासियों को नियमानुसार पट्टे दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आधिकारिक पोर्टल परं स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि आदिवासियों के सबा 3 लाख पट्टे निरस्त किए गए हैं।

## प्रदेश प्रभारी चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने पंचायत और वार्ड प्रतिनिधियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले की शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट विदिशा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने भाग लिया। उन्होंने शमशाबाद विधानसभा के चिन्हित ग्राम पंचायतों और वार्डों के प्रतिनिधियों से संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने संगठन के पंचायत, वार्ड, ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक की संरचना पर संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होने कहा कि इसका उद्देश्य ऊर्जावान, सक्रिय और जनसमर्पित कार्यकतार्ओं की ऐसी टीम का निर्माण करना है जो एक मॉडल संगठन के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में शमशाबाद और कुरवाई विधानसभा क्षेत्रों के पंचायत और वार्ड अध्यक्ष, कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी, तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महिला टीआई की रील वायरल होने के बाद पीएचक्यू का आदेश

# जो वर्दी वाले 'रील' बनाएंगे, उन पर होगी रीयल कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के द्वारा रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले को पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से लिया है। वहीं, इस तरह के मामले में पुलिस अफसर और कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि विभागीय कार्यों के अलावा सोशल मीडिया पर और कोई पोस्ट न करें। इसी को लेकर डीआईजी रीवा ने एक आदेश भी जारी किया गया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि ऐसे पुलिसकर्मी जो ड्यूटी के दौरान रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालते हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**

- पुलिस मुख्यालय ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है
- विभागीय कार्यों के अलावा और कोई पोस्ट न करने को चेताया

### रील बनाना पद और गरिमा के प्रतिकूल



हाल ही में रीवा जोन में पदस्थ सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा की सोशल मीडिया एक रील वायरल हुई थी जिसको लेकर वो काफी ट्रोल हुईं। वहीं, विभाग की भी किरकिरी हुई। रीवा के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने इस मामले में सोमवार को आदेश जारी कर ऐसे पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए सख्त हिदायत दी है। जिसमें रीवा जोन में आने वाले सभी 6 जिलों के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। उन्होने अपने आदेश में लिखा कि देखा जा रहा है कि बहुत से पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया जाना अनुशासन के विपरीत होकर उसकी पद और गरिमा के भी प्रतिकूल है। जिससे जनता के बीच पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए रीवा, सीधी, सतना, मैहर, सिंगरौली, मऊगंज जिलों के अधीनस्थ समस्त पुलिसकर्मियों को कड़ी हिदायत दी जाती है कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर न प्रेषित करें। इसी प्रकार किसी भी स्तर के अधिकारी / कर्मचारी द्वारा स्वयं की कोई रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025



# बारिश से ट्रैफिक का काम तमाम

आंबेडकर ब्रिज के ऊपर और नीचे एमपी नगर से रानी कमलापति तक हजारों वाहन जाम में फंसे नजर आए।

10 दिन की बारिश में 5वीं बार जबरदस्त जाम
देर रात सड़कों पर निकले अफसर

## ऊपर भी जाम...'नीचे भी जाम'



ज्योति टॉकीज के सामने लगा जाम।

### एमपी नगर से आरकेएमपी और होशंगाबाद रोड तक दो घंटे तक फंसे रहे एंबुलेंस समेत 15,000 वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बारिश की वजह से लगातार जाम की शिकायत देखने को मिल रही है। पिछले दस दिनों में राजधानी के अलग-अलग जगहों पर पांच दिन बड़े जाम लगे। सोमवार को एमपी नगर नगर से होशंगाबाद रोड तक करीब 5 किमी में लगे इस जाम के चलते 15000 से अधिक वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं एमपी नगर जोन-1 से आंबेडकर ब्रिज और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने तक करीब एक घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक जाम लगा रहा। फ्लाईओवर पर एक एंबुलेंस भी फंसी नजर आई। वहीं ज्योति टॉकीज से चेतक ब्रिज की ओर जाने वाले वाहन भी जाम में फंसे नजर आए।

### देर रात पुलिस कमिश्नर मिश्र पहुंचे गणेश मंदिर जलभराव के कारणों को लेकर दिए जांच के आदेश



ट्रैफिक के खराब हालत को देखने देर रात पुलिस कमिश्नर, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़कों पर उतरे और हालात का जायजा लिया। गणेश मंदिर पहुंचकर पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को जल भराव के कारणों को लेकर जांच के आदेश दिए।

### शाम 5 बजे से शुरू हुआ जाम

शाम पांच बजे राजधानी में तेज बारिश शुरू हुई। इसी बीच ऑफिस की छुट्टी के साथ ही लौट रहे वाहन चालकों की सड़कों पर संख्या बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई। पांच बजे से करीब सात बजे तक जाम की स्थिति बन गई। एमपी नगर स्थित मॉल के यहां से बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप से आरकेएमपी स्टेशन तक वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हबीबगंज नाके की ओर भी जाम की स्थिति देखने को मिली, यहां पर दो घंटे तक वाहन रेंगते नजर आए। हबीबगंज नाके के पास बारिश का पानी भर जाने से गाड़ियां धीमी हुईं और ट्रैफिक जाम लग गया। बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन और जलभराव ने हालात को और बिगाड़ दिए। यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस और डायल-100 के जवान गाड़ियों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन देर रात तक स्थिति सामान्य नहीं हो पाई।

### शहर में झमाझम के बीच विजिबिलिटी शून्य, एक घंटे में 34 मिमी बारिश, देर रात तक चला दौर

भोपाल। राजधानी में सोमवार को सुबह से घने बादलों के बीच रिमझिम और कुछ तेज बौछारों का दौर रहा। शाम 5 बजे के बाद एक घंटे से अधिक समय तक शहर में झमाझम बारिश शुरू हुई। इस बीच दृश्यता 50 मीटर यानी शून्य तक पहुंच गई। शाम 5:30 से 6:30 बजे के बीच ही अरेरा हिल्स इलाके में 34 मिमी पानी बरस गया। बैरागढ़ क्षेत्र में इस बीच 23.8 मिमी बारिश हुई। राजधानी में एक जून से सोमवार तक कुल 294.4 मिमी बारिश हुई है, जो रात 8:30 बजे तक 322 मिमी के करीब पहुंच गई है। यह सामान्य से 106 मिमी के करीब अधिक है। मध्यम से तेज बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। शहर में दिन और रात का पारा भी दो- 2 डिग्री गिरकर दिन में 27.4 और रात में 21.2 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन राजधानी में मध्यम से तेज बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सिस्टम की सक्रियता बढ़ने से भोपाल में बुधवार को भारी से अति भारी बारिश हो सकती है, जबकि तीन से चार दिन तेज से मध्यम बारिश की उम्मीद है।



एमपी नगर के चौराहे से बारिश के बीच गुजरती युवतियां।

#### शहर में जलभराव के हालात

सोमवार को तेज बारिश के बाद कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। बाणगंगा, खटलापुरा, पुराने शहर के कुछ क्षेत्रों के अलावा भेल और अयोध्यानगर, पटेल नगर इलाके में भी सड़कों पर पानी भरने से कुछ देर आवागमन में परेशानी रही।

#### आंखमिचौली खेलती रही बिजली




तेज बारिश के दौरान बिजली कंपनी में कुछ हिस्सों में एहतियात के तौर पर कुछ देर के लिए सप्लाई बंद की। कुछ हिस्सों में देर रात तक बिजली का आना जाना लगा रहा। करोंद, भानपुर, अयोध्यानगर, शाहजहांनाबाद, एमपी नगर अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा सहित कई इलाकों में बिजली का आना-जाना लगा रहा।

### जर्जर इमारतें खाली कराएं आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों का एसडीएम करें निरीक्षण



*भोपाल। लगातार बारिश होने से जर्जर इमारतों के क्षतिग्रस्त होकर गिरने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र की जर्जर इमारतों को लिस्टेड कर खाली कराएं, जिससे किसी भी तरह के हादसे से आम लोगों को बचाया जा सके। इसके साथ जिन जगहों पर जलभराव के हालात बनते हैं, वहां भी निगरानी रखें। आंगनबाड़ी और स्कूलों में भी जलभराव होने या जर्जर होने पर नजर रखी जाए। यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट बैठक में अफसरों से कही।*

## आंबेडकर ब्रिज और बीडीए रोड अवधपुरी पर घुटनों तक भरा पानी

दिन में शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। शहर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर घंटों तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। एमपी नगर, बिट्टन मार्केट, शाहपुरा, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड, हमीदिया रोड, चेतक ब्रिज, रचना नगर अंडर ब्रिज और अन्ना नगर जैसे इलाकों में वाहन रेंगते नजर आए। सबसे खराब स्थिति डॉ. आंबेडकर ब्रिज के पास गणेश मंदिर के सामने देखने को मिली, जहां घुटनों तक पानी भरने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बीडीए रोड, अवधपुरी की सड़कों पर भी पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी हुई। बरसात के चलते एमपी नगर जोन एक से लेकर डॉ. आंबेडकर ब्रिज और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने तक करीब एक-डेढ़ तक जाम लगा रहा।

**बड़े तालाब और डैमों का जलस्तर बढ़ा**



ज्योति टॉकीज चौराहे पर पानी भरने से दो पहिया वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जलभराव और फिसलन ने हालात किए और खराब

लगातार बारिश से हबीबगंज नाके के पास, डॉ. आंबेडकर फ्लाईओवर के अंत में यानी गणेश मंदिर के सामने पानी भर जाने से वाहन धीमे हुए और लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। राहगीरों, आफिस से लौट रहे कर्मचारियों और वाहन चालकों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। बरसात की वजह से न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ, बल्कि कई इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया।

### लगातार बारिश से पौन फीट बढ़ा बड़े तालाब का लेबल

झमाझम बरसात का असर शहर के जल स्त्रोतों पर भी दिखा। भोपाल का बड़ा तालाब सोमवार की बरसात के कारण 0.75 (पौन) फीट बढ़कर 1659.35 फीट तक पहुंच गया। इसका फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। वहीं, केरवा डैम का जलस्तर 1650.10 फीट दर्ज किया गया, जिसका फुल टैंक लेवल 1673 फीट है। इसी तरह कोलार डैम का स्तर 453.06 मीटर पर पहुंच गया है, जबकि इसका फुल टैंक लेवल 462.20 मीटर है।

### पानी निकासी के लिए हैमर से कराई खुदाई

गणेश मंदिर के पास पानी की निकासी के लिए हैमर से खुदाई कराई गई है। जिससे सड़क पर भरा पानी निकल सके। इसके अलावा अन्य जिन सड़कों पर जलभराव हुआ है, वहां भी संबंधित जोन के एएचओ को तैनात किया गया है।

**देवेंद्र सिंह चौहान, अपर आयुक्त ननि**




### आरटीओः ट्रैफिक पुलिस चैकिंग अभियान

## नियम विरुद्ध चल रहीं 21 स्कूल बसें जब्त, 30 हजार शमन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को आरटीओ व यातायात पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 52 बसों की जांच की गई। इनमें 21 स्कूल बसें बिना फिटनेस व परमिट के चलती हुई मिलीं। बसों के जब्त करके आरटीओ परिसर में खड़ा कराया गया है। वहीं, इन स्कूल वाहन मालिकों से 30 हजार रुपए शमन शुल्क लिया।

बिना पीयूसी, चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिलने व गाड़ियों में अन्य जरूरी कागजात नहीं मिलने से शमन शुल्क वसूला



गया। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि ऐसे स्कूल वाहन मालिक जो मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं कर रहे हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की तय गाइडलाइन को भी ठेंगा दिखा रहे हैं, उनको छोड़ा नहीं जाएगा। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। अभी स्कूल वाहनों का लगातार चैकिंग अभियान चलाया जाएगा।

### क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन का लोकार्पण आज

**भोपाल।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन का लोकार्पण तथा उद्घाटन मंगलवार को किया जाएगा। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर व सांसद आलोक शर्मा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इनके अतिरिक्त भोपाल शहर के विधायकगण, महापौर, पुलिस विभाग, डाक विभाग, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित होंगे। गौरतलब है कि नए पासपोर्ट कार्यालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस कार्यालय के शुरू हो जाने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

### महापौर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## शराब दुकानों के आसपास से हटाए जाएंगे गुमठी, ठेले और काउंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में शराब दुकानों के पास अवैध रूप से खड़े होने वाले ठेले और अवैध गुमठियों को हटाया जाएगा। यह बात सोमवार को महापौर मालती राय ने निगम की अतिक्रमण निरोधक शाखा की समीक्षा के दौरान कही।

महापौर ने शराब दुकानों के आसपास बड़ी संख्या में अवैध रूप से गुमठी, ठेले, काउंटर लगाकर खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती से अतिक्रमण हटाने को कहा। उन्होंने कहा कि इनकी वजह से सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलती है और आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होती है, साथ ही सड़कों पर ही लोग शराब का सेवन भी करने लगते हैं। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त वरुण अवस्थी, एमआइसी मेंबर आरके सिंह बघेल व आनंद अग्रवाल के अलावा सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी और निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सन ऑफ सरदार-2 का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की अपकमिंग मूवी 'सन ऑफ सरदार 2' का नया गाना रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर फैंस मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की जोड़ी पर काफी प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने मूवी का नया गाना 'पहला तू दूजा तू' रिलीज किया है। इस बार अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस कपल की इस केमिस्ट्री को काफी पसंद भी कर रहे हैं। वहीं इसकी अनाउंसमेंट अजय देवगन और मृणाल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। 'सन ऑफ सरदार 2' के इस गाने को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज किया है।



# आज होगा 'सैयारा' का ट्रेलर लांच...

**मुंबई।** सैयारा इन दिनों देशभर में युवाओं के बीच सबसे चर्चित रोमांटिक फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म का म्यूज़िक एल्बम पहले ही साल का सर्वश्रेष्ठ एल्बम साबित हो चुका है, जिसमें फहीम-अर्सलान का टाइटल ट्रैक सैयारा, जुबिन नौटियाल का बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह और मिथुन का धुन जैसे गाने भारतीय संगीत चार्ट्स पर धूम मचा चुके हैं। अब यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 8 जुलाई को सुबह 11 बजे रिलीज करने जा रहा है। इसे देश के युवाओं के लिए एक "अपॉइंटमेंट व्यूइंग" इवेंट के रूप में पेश किया जा रहा है।





**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LTD.**
Office of the Chief Engineer (Generation), STPS, P.O. Sarni Distt. Betul (M.P.)
Pin : 460447, Fax : (07146) 278466, Phone : (07146) 278422

**"THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites tenders from reputed/established Contractor/Firm only as per details given below for STPS, MPPGCL, Sarni. These Tenders are being processed through e-tendering system. For viewing detailed NIT and participating in Electronic Tenders, please visit the website **www.mptenders.gov.in**

| Tender No. | Particulars | Date & Time of Closing of online submission | Date & time of E-Opening of tender |
|---|---|---|---|
| WT-4886/ TID-2025_ MPPGC_431899 | Repairing of M/s Elecon make Gear Boxes installed in Conveyor System & Apron Feeders of CHP-IV, STPS, MPPGCL, Sarni. | 28.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 30.07.2025 From 15:30 hrs. onwards |
| WT-4906/ TID-2025_ MPPGC_423661 | Work of replacement/lying of worn out 300 Nb, Excavation, cutting & shifting of unused 300 Nb size pipe lines of AHP-IV, Unit No. 10 & 11 STPS, Sarni. | 28.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 31.07.2025 From 15:30 hrs. onwards |
| WT-4934/ TID-2025_ MPPGC_431077 | Engagement of 15 No. Data Entry Operators (Under semi skilled workers category) through outsourcing on work contract for providing assistance in day to day work at various officers of STPS, Sarni for 02 years. | 28.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 31.07.2025 From 15:30 hrs. onwards |
| WT-4935/ TID-2025_ MPPGC_431078 | Cleaning, sweeping of CE Office Building and assistance in office work with record keeping at SE (HQ) & SE (P&W), STPS, Sarni for 02 years. | 22.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 25.07.2025 From 15:30 hrs. onwards |
| WT-4933/ TID-2025_ MPPGC_430588 | Work contract for filling of empty Hydrogen Cylinders and Assistance in various operation & cleaning of compressor, generating unit, rectifier and other auxiliaries during shift by un-skilled labours at Hydrogen Plant No. II (Old) & Semi-skilled labour at Hydrogen Plant-3 (2x250MW), at STPS, Sarni. | 21.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 23.07.2025 From 15:30 hrs. onwards |
| WT-4876/ TID-2025_ MPPGC_412350 | Major preventive and breakdown maintenance work of BFP & CEP Motor and compressor for Unit No. 10 & 11, STPS, Sarni. | 30.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 04.08.2025 From 15:30 hrs. onwards |

"Save Energy and for free Fly Ash supply, Contract No." 9425611078
M.P. Madhyam/120991/2025 SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)


## जैकेट का शेष

### गांधी सागर डैम में 2 ...

हर्राभाट-जैरासी मार्ग, रमगढ़ी-बीजाटोला मार्ग भी पुल भी पानी में डूब गया है। मंडला में भारी बारिश के कारण बंजर नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है, जिससे मोचा-टाटरी मार्ग बंद हो गया है। गांधी सागर डैम में राजस्थान से गरोठ के भानपुर आए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। रेस्क्यू टीम ने 15 घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद किए गए। सीहोर जिले की पार्वती और पपनाश नदी उफान पर हैं। पार्वती नदी का पानी पुल के ऊपर से होकर बह रहा है। इस दौरान कार चालक ने पुल पार करने की कोशिश की। कार आगे जाकर गहरे पानी में फंस गई, लोगों ने रेस्क्यू कर कार में सवार लोगों को बचाया। डिंडौरी के मेहदवानी जनपद पंचायत क्षेत्र में धमनी-कुसेरा मार्ग भी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। इटारसी के पुलिस थाने व बाजार में पानी घुस गया। सोमवार को भोपाल में धुआंधार बारिश हुई। विजिबिलिटी शून्य तक जा पहुंची। अब तक प्रदेश में 68 फीसदी अधिक पानी बरस गया है।

### पानी के तेज धार...

दायरे में मिले। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। दिलीप जायसवाल ने पीड़ित परिवारों को विधायक निधि से 25-25 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### आज यहां अलर्ट...

खंडवा, खरगौन, देवास, शिवपुरी, श्योपुरकलां के साथ कटनी, पन्ना, दमोह, सागर, मैहर जिलों में भी भारी से तेज बारिश का यलो अलर्ट है।

### अचानक बाढ़ की चेतावनी...

छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी, शहडोल और उमरिया जिलों में कहीं-कहीं अचानक बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

### 15,606 करोड़ के...

डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मप्र में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र देश का एकमात्र प्रदेश है, जहां पन्ना जिले में हीरा तो शहडोल में आयरन डिपाजिस्ट्स हैं। बीते दिनों सिंगरौली जिले में सोने की खदानें भी मिली हैं। उन्होंने सभी निवेशकों को मप्र की रत्नगर्भा भूमि में निवेश करने के लिए आत्मीयता से आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। आइए और मध्यप्रदेश में अपना दूसरा घर बनाइए। उन्होंने कहा कि निवेशक मप्र में जितने चाहें, उतने उद्योग-धंधे लगाएं, सरकार पलक-पांवड़े बिछाकर आपका स्वागत करेगी, आपकी हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लुधियाना प्रवास के दौरान पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से वन-टू-वन बैठक कर उन्हें मध्यप्रदेश की निवेश समर्थक नीतियों से अवगत कराया।

### निवेशकों की सुविधा...

5 हजार रुपए की अतिरिक्त मदद देगी। उन्होंने कहा कि मप्र में स्कूली बच्चों को साइकिलें बांटी जा रही हैं। साइकिलें मुख्यतः पंजाब में ही बनती हैं। यही साइकिल मध्यप्रदेश में भी बन सकती हैं। उद्योगपति मप्र में साइकिल बनाने की फैक्ट्री लगाएं।

### पंजाब के निवेशकों...

अपॉर्च्युनिटी बन सकती है। राज्य में वर्ल्ड क्लास लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। पंजाब के जैसे ही मप्र में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं।

### नोंच-नोंचकर तीन को..

दिया। हमले में एक भैंस भी घायल हुई है। गंभीर रूप से घायल संतोष, मनीष, तेजबली और एक अन्य को उपचार के लिए तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान संतोष यादव ने दम तोड़ दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने भालू को लाठी-डंडों से पीट पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव से जंगल की सीमा सटी होने के बावजूद वन विभाग द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं।

### शहडोल में सड़क...

है। वाहन में कुल 20 लोग सवार थे। चालक के अलावा सभी महिला एवं बच्चे शामिल हैं। घटना सोमवार की सुबह 5 बजे हुई है। तीन महिलाओं की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला गायत्री कवर 55 मालती पटेल 50 एवं इंदिरा बाई की मौत हो गई है। चार की हालत गंभीर है, जिन्हें सिविल अस्पताल ब्यौहारी के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया है। मृतक के परिवारों को फोन पर सूचना दी गई है।

### मेजर रोहित ने कहा...

रोहित बच्चवाला छुट्टी पर अपने घर हैदराबाद जा रहे थे। वे झांसी मिलिट्री अस्पताल से निकलकर झांसी रेलवे स्टेशन पहुंचे, तभी उनकी नजर स्टेशन के लिफ्ट के पास एक महिला पर पड़ी। वह महिला व्हीलचेयर से गिर गई थी और गंभीर प्रसव पीड़ा से जूझ रही थी। वहां कोई डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ नहीं था। मेजर रोहित ने अपनी मेडिकल ट्रेनिंग और समझदारी का इस्तेमाल करते हुए महिला की स्थिति संभाली। उन्होंने बताया कि मैंने बच्चे को सुरक्षित रूप से जन्म देने में महिला की मदद की थी।

## पेज एक का शेष

### नागरिक खुद कर सकेंगे...

लिए उपलब्ध होगा। पहला मकानों की गिनती एक अप्रैल 2026 से और दूसरा जनसंख्या गिनती एक फरवरी 2027 से। 34 लाख कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। सरकार ने सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख 31 दिसंबर तय की है।

### प्रमोशन में आरक्षण...

पहले ही तय हो चुका है कि प्रमोशन में आरक्षण केवल तब दिया जा सकता है जब यह साबित हो कि संबंधित वर्ग का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है। इसके लिए ठोस परिमाणात्मक आंकड़ों की आवश्यकता होती है। बावजूद इसके, राज्य सरकार ने वर्ष 2002 की नीति के लंबित रहने और उस पर यथास्थिति लागू होने के बावजूद 2025 में नई नीति लागू कर दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी पाया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आरबी राय बनाम मध्यप्रदेश शासन मामले में साफ कहा गया था कि यदि 2002 की प्रमोशन नीति संविधान के अनुरूप नहीं पाई जाती, तो हाईकोर्ट उसमें भविष्य के लिए अमान्यता की व्यवस्था नहीं कर सकता। यह विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले स्टेट ऑफ हिमाचल प्रदेश बनाम नूरपुर प्राइवेट बस ऑपरेटर्स यूनियन (1999) के हवाले से कहा गया था। 15 जुलाई की सुनवाई में यह तय हो सकता है कि सरकार की नीति टिकेगी या उसे वापस लेना पड़ेगा।

**पदोन्नति के बिना ही रिटायर हो गए एक लाख कर्मचारी:** प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण के विवाद के कारण एक लाख से ज्यादा कर्मचारी और अधिकारी बिना प्रमोशन के रिटायर हो चुके हैं। हालांकि सरकार ने उन्हें क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान के जरिए प्रमोशन जैसा वेतन देना शुरू कर दिया है, लेकिन प्रमोशन नहीं मिलने के कारण उन्हें पुराने कार्यों को ही निभाना पड़ रहा है। कर्मचारियों और अधिकारियों की हताशा को देखते हुए सरकार ने कोर्ट में मामले की सुनवाई जारी रहने के बावजूद एक हल निकालने की कोशिश की है।

### हाईकोर्ट ने पूछा...

न हो पाने के कारण कर्मचारियों सहित सरकारी सिस्टम में भी अव्यवस्था की स्थिति है, जिसे देखते हुए यह प्रमोशन नीति लागू की गई है लेकिन कोर्ट ने इस बहाने को नहीं माना।

### रतलाम में भगवा बैनर...

पाटनवाला और थाना प्रभारी सुरेश गडरिया सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और हिंदू संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि फिलहाल पुलिस वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है। ऐहतियातन इलाके में बल तैनात किया गया है। आश्वासन दिया कि चार लोगों और आयोजनकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद हिंदू संगठन द्वारा प्रदर्शन खत्म किया गया।

**शहडोल में युवक की चाकू मारकर हत्या:** बीती रात मोहर्रम के मौके पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रविवार रात लगभग 8 बजे पुरानी बस्ती में ताजिया देखने गए 19 वर्षीय देवराज वंशकार के साथ कुछ युवकों का विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान चार अज्ञात बदमाशों ने देवराज पर जानलेवा हमला किया। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह 8:00 बजे देवराज ने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पटवारी बोले-होटल...

एसटी-एससी और ओबीसी पर अत्याचार होगा वहां कांग्रेस होगी, जहां प्रशासनिक अराजकता होगा, वहां वहां कांग्रेस भी पहुंचेगी। जहां सरकार का ध्यान आकर्षित करना होगा, कांग्रेस अपना धर्म निभाएगी। अशोकनगर में पीड़ित को न्याय दिलाने की बजाय मेरे खिलाफ एफआईआर कर दी। एफआईआर एक नहीं, 100 कर दें, इससे पहले भी कई की हैं। मामले में पुलिस अपना धर्म नहीं निभा रही है, पुलिस की इस हरकत के खिलाफ हम अशोकनगर जा रहे हैं। सड़क पर, कार्यकर्ताओं के घर पर रुकेंगे, जहां वो रोकेंगे हम रहेंगे। ये गिरफ्तारी नहीं, संदेश है, एक कदम पीछे नहीं हटेंगे। जब जब आप अत्याचार करोगे, हम लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ेंगे। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाहर से आने वाले नेताओं के लिए अपने घरों के दरवाजे खोल दिए हैं। उन्होंने अपने घरों के बाहर 'मेरा घर, कांग्रेस का घर' के बैनर लगाए हैं।

### सोनम-राज के...

आखिर क्यों मारा गया? हत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। यदि लोग सच छुपा रहे हैं तो नार्को टेस्ट से सच सामने आ जाएगा। हम किसी को दोषी नहीं ठहरा रहे हैं, लेकिन सच का सामने आना जरूरी है। राजा के भाई विपिन का मानना है कि राजा की हत्या करने के लिए वकील-पुलिस की सलाह या किसी तांत्रिक क्रिया को अपनाया गया होगा। जो कि बाहर नहीं आ पा रहा है। इसी हफ्ते मैं मंगलवार से शनिवार के बीच दिल्ली और फिर शिलॉन्ग जाऊंगा। राजा की हत्या में मुझे किसी बड़े नेटवर्क के शामिल होने का शक है। सबकुछ नार्को टेस्ट से ही सामने आएगा। परिजनों उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द से जल्द हत्याकांड की गुत्थी सुलझे और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

### उत्तरप्रदेश-बिहार आएं...

दुबे ने राज ठाकरे को लेकर विवादित बयान दे डाला। इसका जवाब राज ठाकरे के भाई उद्धव ठाकरे ने दिया और कहा, छोड़ो दुबे ऐसा कोई लकड़बग्घा है जो विवाद कर रहा है। उद्धव ने आशिष शेलार के पहलगाम वाले बयान पर कहा कि ये लोग तो मराठी के दुश्मन हैं। हम किसी भाषा का विरोध नहीं कर रहे हैं। देख लो, मै हिंदी में बात कर रहा हूं, हमारे सांसद भी हिंदी में बात करते हैं। हमारा विरोध हिंदी से नहीं, हिंदी की अनिवार्यता को लेकर है।

### दुबे ने कही थी ये...

ओडिशा के पास हैं पर आपके पास कौन सी माइंस है। हिंदी भाषी लोगों को मुंबई में मारने वालों यदि हिम्मत है तो महाराष्ट्र में उर्दू भाषियों को मार कर दिखाओ, अपने घर में तो कुत्ता भी शेर होता है। कौन कुत्ता और कौन शेर, खुद ही फैसला कर लो।

### जमालुद्दीन उर्फ छांगुर...

बाबा और उसकी संस्थाओं से जुड़े खातों में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन हुआ है। एटीएस ने आगे यह भी बताया की वो इस रकम का इस्तेमाल टेरर फंडिंग और कई जगहों पर अवैध धर्मांतरण करने के लिए कर रहा था। अब एटीएस छांगुर बाबा के बारे में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर ईडी को देगा, ताकि उसके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिग एक्ट के तहत केस दर्ज कर मनी ट्रेल का पता लगाया जा सके।

छांगुर बाबा के नेटवर्क के 14 मुख्य सहयोगियों की तलाश में एटीएस और एसटीएफ की टीमें जुटी हैं।

### देश की सभी भाषाएं...

ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। संघ ने महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच अहम बयान दिया है। आंबेकर ने भाषा विवाद पर हुए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि संघ की हमेशा से भूमिका है कि भारत की सभी भाषा राष्ट्रीय भाषा है। सभी लोग पहले से अपनी भाषा में शिक्षा लेते हैं और पहले से ये बात स्थापित है। आंबेकर से पूछा गया कि क्या प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक में ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा हुई? उन्होंने कहा कि देश में हुई घटनाओं, समाज में मौजूदा स्थिति और अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। हमें समाज के विभिन्न वर्गों में इसके (ऑपरेशन सिंदूर) प्रति उत्साह के बारे में फीडबैक मिला, जैसे कि आतंकवादी हमलों का किस तरह से जवाब दिया गया।


आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644




## नाम परिवर्तन

मैं विक्रम सिंह पुत्र श्री गिरधारी आयु 33 वर्ष निवासी-ग्राम-लोरास खुर्द, जिला सीहोर, म.प्र.। मेरी पुत्री के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों मे उसका नाम व सरनेम राधिका मेवाडा (RADHIKA MEWADA) पुत्री श्री विक्रम सिंह (VIKRAM SINGH) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश राधा मेवाड़ा (RADHA MEWADA) पुत्री विक्रम सिंह (VIKRAM SINGH) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पुत्री को राधिका मेवाडा (RADHIKA MEWADA) पुत्री श्री विक्रम सिंह (VIKRAM SINGH) के नाम से जानी पहचानी जायेगी। शपथ पत्र क्रमांक CV078031


हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- 12X4 cm
अन्य साइज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25





**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
DIRECT ADMISSION
UG COURSE / PG COURSE
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23
B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
M.A : Hindi, English, Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com : Accounts & Management B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।


## शब्द पहेली - 5921



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2


**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 5920 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5931

★★★★☆ कठिन



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।


**सूडोकु नवताल - 5930 का हल**



## वाहनों की खुदरा बिक्री 5 फीसदी बढ़ी, कार-बाइक से लेकर अन्य सेगमेंट की गाड़ियों में दिखी ग्रोथ

# मध्यप्रदेश में 1.11 लाख से अधिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ जून में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


आशीष पांडेय



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मध्य प्रदेश के जून 2025 खुदरा डेटा जारी किया है। फाडा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने जून 2025 के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहाकि गत वर्ष 2024 की तुलना में 5.70 फीसदी अधिक बिक्री चालू वित्तीय वर्ष के जून माह में हुई।

उन्होंने कहाकि चालू वित्त वर्ष के जून माह 76,997 दोपहिया वाहन, 4,264 तीनपहिया, 2,343 कॉमर्शियल व्हीकल , 362 कॉमर्शियल इलेक्ट्रिक व्हीकल और 10,596 पैसेंजर व्हीकल बिक्री हुई। कुल वाहन ,04,747 वाहनों की बिक्री हुई। जो कि वर्ष 2024 जून में कुल 1,11,076 वाहन बिके थे। अतः गत वर्ष की तुलना में 5.70 फीसदी अधिक बिक्री चालू वित्तीय वर्ष के जून माह में हुई।

फाडा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने कहाकि अब चूंकि किसानों को पैसे मिलने लगे हैं, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में कुछ अनुकूल परिस्थितियां दिखनी चाहिए, लेकिन इसके लिए अभी इंतजार करना होगा। क्योंकि मध्य प्रदेश में इस समय मानसून की बारिश काफी जोरदार है। शहरी क्षेत्र में निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग ने पिछले कुछ वर्षों में वेतन में बहुत अधिक वृद्धि नहीं देखी है, इसलिए प्रवेश स्तर के पीवी और दोपहिया वाहनों की बिक्री अभी भी सुस्त है।

### देशभर में 20 लाख से ज्यादा गाड़ियां बिकीं

*भारत में वाहनों की खुदरा बिक्री में बीते जून महीने में लगभग 5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यात्री वाहन, दोपहिया वाहन और अन्य सभी तरह के वाहनों की बिक्री बढ़ी है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले महीने कुल 20,03,873 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जबकि जून 2024 में यह आंकड़ा 19,11,354 यूनिट था। फाडा का कहना है कि भारी बारिश और बाजार में पैसे की कमी के बावजूद वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। प्रोत्साहन योजनाओं और नए लांच ने भी ग्राहकों को आकर्षित किया है।*

## बच्चों की आंखों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम

# बंसल अस्पताल में 'मायोपिया क्लीनिक' का 13 को शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बंसल अस्पताल के नेत्र विभाग में मायोपिया क्लीनिक का शुभारंभ हुआ। जो बच्चों और युवाओं में मायोपिया की बढ़ती समस्या का समाधान करने के लिए बनाया गया है। मायोपिया, जिसे निकट दृष्टि दोष भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती हैं, जबकि निकट की वस्तुएं स्पष्ट दिखाई देती हैं।

### बंसल अस्पताल में मायोपिया क्लीनिक में उपलब्ध सुविधाएं

*बंसल अस्पताल की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ.विनीता रामनानी ने बताया इस मायोपिया क्लीनिक में मायोपिया और अन्य नेत्र समस्याओं का पता लगाने के लिए व्यापक नेत्र परीक्षण के अलावा टोपोग्राफी, आंखों की लंबाई एवं मायोपिया की कई अन्य जांचों की सुविधा होगी। मायोपिया प्रबंधन और उपचार के साथ,समय के साथ मायोपिया की प्रगति की निगरानी की जाएगी। मायोपिया को ठीक करने के लिए चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस के अलावा मायोपिया की प्रगति को रोकने के लिए विशेष उपचार जैसे ऑर्थोकेराटोलॉजी और एट्रोपिनथेरेपीकी सुविधाएं उपलब्ध होंगी*

### आंखों की जांच का महत्व

*बच्चों में मायोपिया की पहचान और उपचार के लिए नियमित आंखों की जांच करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आंखों की जांच से मायोपिया की समस्या का पता लगाया जा सकता है और समय पर उपचार शुरू किया जा सकता है, जिससे दृष्टि की समस्याओं को रोका जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### एचपी ने लांच किए ओमनी बुक लैपटॉप

**नई दिल्ली।** एचपी ने नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की सबसे किफायती लाइन-अप को लांच किया। नई एचपी ओमनीबुक 5 और 3 सीरीज को किफायती विकल्प तलाश रहे यूजर्स को नेक्स्ट-जेन एआई क्षमताओं से लैस लैपटॉप देने के लिए डिजाइन किया गया है। क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स प्लस प्रोसेसर्स से लैस ओमनीबुक 5 और एएमडी राइजन एआई 300 सीरीज वाले ओमनीबुक 3 में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट है, जिसकी क्षमता 45 से 50 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड तक है। नई एचपी ओमनीबुक सीरीज से छात्रों व वर्किंग प्रोफेशनल्स से लेकर ऐसे सभी वैल्यू-फोकस्ड यूजर्स को एआई की ताकत मिल सकेगी।

### अवीवा को मिला प्रोडक्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार

**नई दिल्ली।** अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने दो श्रेणियों लाइफ इंश्योरेंस रिटायरमेंट इनकम और लाइफ इंश्योरेंस यूलिप में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2025 का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। भारत में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर के 17वें संस्करण के लिए नीलसन आईक्यू की तरफ से देशभर में किए गए उपभोक्ता सर्वेक्षण से मिले निष्कर्षों के आधार पर यह सम्मान दिया गया है यह पुरस्कार अवीवा सिग्नेचर इनक्रीजिंग इनकम प्लान और अवीवा सिग्नेचर इन्वेस्टमेंट प्लान को मिला है। अवीवा के सीईओ एवं एमडी असित रथ ने कहाकि लाइफ इंश्योरेंस की दो प्रमुख श्रेणियों रिटायरमेंट इनकम एवं यूलिप में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2025 जीतना हमारे लिए सम्मान की बात है।

### ब्लू क्लाउड ने लांच किया ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म वी2.0 को लांच किया है। यह हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म अब एक प्रमाण-आधारित मॉडल से आगे बढ़कर, एआई-एकीकृत, एंटरप्राइज-ग्रेड समाधान बन गया है जो बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाता है। ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म में शामिल हैं: एआई-संचालित क्लिनिकल निर्णय सहायता, त्वरित मेडिकल व्याख्या (इंटरप्रिटेशन), इंटेलिजेंट केयर रूटिंग, नॉन-इनवेसिव एबीए1सी टेस्टिंग, 60 सेकंड का फेस स्कैन स्क्रीनिंग (ब्लूहेल्थ स्कैनर द्वारा), तथा फील्ड-रेडी हार्डवेयर । यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से इंटरऑपरेबल, एचआईपीएए और जीडीपीआर अनुपालनयुक्त है।

### बादाम प्रोटीन का प्राकृतिक स्रोतः डॉ.ओलिवर

**नई दिल्ली।** बादाम जिसे ड्राय फ्रूट्स का राजा कहा जाता है, पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें 15 जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं और यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। एक हालिया रिसर्च में डॉ. मार्क कर्न ने पाया कि रोजाना बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों को कम नुकसान होता है और रिकवरी तेज होती है। वहीं डॉ. ओलिवर विटार्ड की एक अन्य स्टडी बताती है कि वर्कआउट से पहले बादाम का सेवन मांसपेशियों की अकड़न को कम करता है और प्रदर्शन बेहतर बनाता है।

## राज्य में सबसे ज्यादा एनपीए कृषि क्षेत्र से ही हुआ

# मध्यप्रदेश में बैंकों के 35 हजार 668 करोड़ फंसे एसबीआई और पीएनबी समेत कई बैंक परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में बैंकों से कर्ज लेकर उसे न चुकाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 31 दिसंबर 2024 तक प्रदेश में बैंकों का कुल एनपीए 35 हजार 668 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। यानी बैंकों की ये राशि डूब चुकी है, इसकी भरपाई तब होगी जब उधार लेने वालों से वापस वसूली हो जाएगी। राज्य में सबसे ज्यादा एनपीए कृषि क्षेत्र से ही हुआ है। कृषि क्षेत्र से कुल कर्ज बकाया राशि 10 लाख 77 हजार 757 करोड़ रुपए है। इसके बाद सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग सेक्टर का एनपीए 5 लाख 3 हजार 475 करोड़ रुपए रहा है। इन दो क्षेत्रों की वजह से ही बैंक गंभीर संकट में हैं। दोनों सेक्टरों में वसूली नहीं हो पा रही है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट के मुताबिक कुल एनपीए में से 17 लाख 36 हजार 117 करोड़ रुपए प्राथमिक क्षेत्रों से जुड़े हैं। इसमें खेती, शिक्षा, मकान और एमएसएमई सेक्टर शामिल हैं। वहीं गैर-प्राथमिक क्षेत्रों में दिया गया करीब 4 लाख 43 हजार 733 करोड़ रुपए भी एनपीए बन चुका है।

### हाउसिंग और एजुकेशन लोन की हालत भी खराब

*मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए चिंता की बात यह है कि हाउसिंग लोन में भी 20 हजार 56 करोड़ रुपए डूबे हुए हैं। शिक्षा ऋण में भी 348 करोड़ रुपए की बकाया राशि एनपीए हो चुकी है, जिससे छात्र और उनके परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।*

### एसबीआई और पीएनबी को सबसे ज्यादा घाटा

*राज्य में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ) का एनपीए सबसे अधिक है, जिसकी राशि 4 लाख 90 हजार 950 करोड़ रुपए हो गई है। पंजाब नेशनल बैंक का एनपीए भी पीछे नहीं है, जो 4 लाख 11 हजार 162 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।*

## कल बैंकिंग और बीमा सेवाएं रहेंगी ठप, 17 सूत्रीय मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सहित देशभर में मजदूरों के अधिकारों और केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इस हड़ताल को अब मजदूर संगठनों के साथ-साथ किसान संगठनों और महागठबंधन के कई दलों का भी समर्थन मिल रहा है। बैंक कर्मचारियों के एक संगठन ने भी इस हड़ताल में शामिल होने की बात कही है, जिससे 9 जुलाई बुधवार को बैंकिंग सेवाएं बाधित होने की आशंका जताई जा रही है। इस हड़ताल बीमा क्षेत्र के कर्मचारी भी जुड़ने वाले हैं।

### बैंक यूनियन भी शामिल होगी हड़ताल में

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के कॉमरेड वीके शर्मा ने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र के कई प्रमुख यूनियन जैसे एआईबीईए, एआईबीओए और बीइएफआई इस हड़ताल में भाग लेंगे। शर्मा के अनुसार बीमा क्षेत्र के कर्मचारी भी इस हड़ताल में शामिल होंगे। बैंक और बीमा क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों ने दावा किया है कि यह हड़ताल व्यापक होगी और इसका असर देशभर में देखने को मिलेगा।

### 15 करोड़ से अधिक कर्मचारी होंगे शामिल

बैंक यूनियन की ओर से दावा किया गया है कि इस आम हड़ताल में 15 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। उनका कहना है कि वे केंद्र सरकार की प्रो-कॉर्पोरेट और एंटी-लेबर नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। यूनियनों का आरोप है कि सरकार की नीतियां मजदूरों और कर्मचारियों के हक के खिलाफ हैं और केवल कॉरपोरेट्स को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं।

# पतंजलि ने इंडियन डेंटल एसो. की मौजूदगी में लांच किया 'दंत कांति गंडूष' ऑयल पुलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार



पतंजलि ने दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग नामक उत्पाद लांच किया। यह उत्पाद आयुर्वेद ग्रंथों में उल्लेखित गंडूष विधि पर आधारित है। आयुर्वेद में इसे 'दिनचर्या' का अभिन्न हिस्सा माना गया है।

दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग का भव्य अनावरण स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन, उत्तराखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बंसल, सचिव डॉ. विश्वजीत वालिया, कोषाध्यक्ष डॉ. वैभव पाहवा के कर कमलों द्वारा किया गया। यह लांच न केवल एक उत्पाद का लोकार्पण, अपितु आयुर्वेद की खोई हुई दैनिक परंपरा को पुनर्स्थापित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा पतंजलि का यह प्रयास योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान है। पतंजलि केवल उपचार नहीं, अपितु संस्कृति, परंपरा और विज्ञान का सामंजस्य विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजकल लोग यह भूल गए हैं कि अपने शरीर को संचालित कैसे करना है और उसके साथ सहयोग कैसे करना है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा की यह उत्पाद हमारे पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों की तीन वर्षों के अथक पुरुषार्थ और समर्पण का परिणाम है। दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग केवल एक दैनिक क्रिया नहीं, यह एक चिकित्सा विज्ञान है, जो आज के समय की आवश्यकता है।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी ग्रुप के ऋषिराज डेंटल कॉलेज को मिला 'मध्य भारत का अग्रणी डेंटल इंस्टीट्यूट' का पुरस्कार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ऋषिराज डेंटल कॉलेज को लीडिंग डेंटल इंस्टीट्यूट ऑफ सेंट्रल इंडिया के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान कॉलेज द्वारा दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान और नवाचारों को मान्यता देता है। कालेज के ओएसडी डॉ.प्रशांत जाजू ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहाकि हम भविष्य में भी दंत चिकित्सा शिक्षा और रोगी देखभाल के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऋषिराज डेंटल कॉलेज अपने अत्याधुनिक सुविधाओं, अनुभवी फैकल्टी और अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। इस पुरस्कार से कॉलेज की प्रतिष्ठा और भी बढ़ी है, जिससे यह मध्य भारत में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित हो गया है।

### रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विवि में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर कार्यशाला



**भोपाल।** राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय में सहकार से समृद्धि से विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गय। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.विजय अग्रवाल ने कहा कि सहकारिता की योजनाओं का लाभ कृषि जगत को मिलने से उनकी स्थिति में सुधार हो रहा। डॉ.अजय कुमार शर्मा उपनिदेशक आईसीएम ने मध्य प्रदेश शासन एवं सहकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से इस देश के कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। विद्यार्थियों को भी सहकारी सोसाइटी बना कर स्वरोजगार की और अग्रसर होने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध है। कार्यक्रम में पैक्स के माध्यम से किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सोनल सिंह ने किया। कुलसचिव डॉ.सतेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ.बीएन सिंह, डॉ.बीके सेठी, सुशील तिवारी, प्रो.एनके श्रीवास्तव, डॉ.मीनाक्षी समर्थ, डॉ.नीलम पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।

### सीजेपी ब्यौहार बने रोटरी सर्विस पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के निर्विरोध अध्यक्ष



**भोपाल।** रोटरी सर्विस पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी कार्यकाल (वर्ष 2025–2028) के लिए ट्रस्ट के नए पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से हुआ। रोटरी क्लब ऑफ भोपाल के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में सी जे पी ब्यौहार को ट्रस्ट के अध्यक्ष पद के लिये निर्विरोध रूप से चुना गया। बैठक में दीपक खत्री को सचिव एवं संदीप श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। तीनों नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके कार्यकाल के लिये शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ भोपाल से शैलेंद्र सरन (अध्यक्ष), प्रदीप सरकार (सचिव) एवं संदीप सरण (पूर्व अध्यक्ष) की भी उपस्थिति रही। ब्यौहार ने कहा कि रोटरी ट्रस्ट ने जनसेवा की जो गौरवशाली परंपरा स्थापित की है, उसे आगे बढ़ाना मेरे लिए गर्व और उत्तरदायित्व दोनों का विषय है।

### एनयूसीएफडीसी और ट्रांसयूनियन सिविल ने संयुक्त रूप से जारी की सहकार ट्रेंड्स रिपोर्ट



**भोपाल।** नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनयूसीएफडीसी ) और ट्रांसयूनियन सिबिल ने संयुक्त रूप से 'सहकार ट्रेंड्स' रिपोर्ट का पहला संस्करण 2025 क्रेडिट कॉन्फ्रेंस के दौरान जारी किया। अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों द्वारा सिबिल को दी गई जानकारी पर आधारित यह रिपोर्ट दर्शाती है कि, मार्च 2025 तक अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का कुल पोर्टफोलियो बैलेंस 2.9 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। मार्च 2020 के मुकाबले बीते पाँच वर्षों में इसमें 1.8 गुना की वृद्धि देखने को मिली है। 'सहकार ट्रेंड्स' रिपोर्ट के पहले संस्करण में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है, इसमें उन्हें समान श्रेणी के अन्य संस्थानों के साथ तुलना करते हुए, ऐसे सुझाव पेश किए गए हैं जो डेटा पर आधारित हैं और बैंकों को स्मार्ट तरीके से प्रतिस्पर्धा करने, सतत रूप से बढ़ने और बेहतर सेवा देने में मदद कर सकते हैं। एनयूसीएफडीसी के सीईओ प्रभात चतुर्वेदी ने कहा कि डिजिटल तकनीक और संस्थागत सहयोग की मदद से समावेशी वित्तीय विकास के नए दौर का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

### डीफेंडर ऑक्टा ब्लैक टफ लक्जरी रॉक स्टार पेश



**नई दिल्ली।** डीफेंडर ऑक्टा ब्लैक अब और भी बोल्ड अंदाज में आ गई है । बेहतरीन परफोर्मेंस देने वाली यह 4x4 हीरो, एक्सटेंसिव ब्लैक डीटेलिंग के साथ पहले से अधिक मजबूत, अधिक सक्षम और डीफेंडर फैमिली का और भी लक्जरी मॉडल है, जो अधिक उद्देश्यपूर्ण मौजूदगी के साथ पहले से कहीं बेहतर लक्जरी का अहसास देता है। डीफेंडर ऑक्टा ब्लैक को नार्विक ब्लैक लुक दिया गया है, जो डीफेंडर पेंट पैलेट में सही मायनों में सबसे बेहतरीन ब्लैक है। लैंड रोवर डिफेंडर ऑक्टा एडीशन डिफेंडर लाइनअप में टॉप मॉडल है और डिफेंडर टॉप मॉडल की क़ीमत 2.79 करोड़ है।

### सेंट कैपिटल ने जीआरएम में खरीदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** बासमती चावल निर्यातक और एफएमसीजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड में सेंट कैपिटल फंड ने महत्वपूर्ण हिस्सेदारी खरीदी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध बल्क डील डेटा के अनुसार, सेंट कैपिटल फंड ने 3 जुलाई 2025 को 364.83 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर 3,33,000 शेयर खरीदे। वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 296.5 करोड़ रही। एबिटा 37.8 करोड़ रहा, एबिटा मार्जिन 12.7 फीसदी रहा और शुद्ध लाभ 20.5 करोड़ रहा, जिसमें 6.9 फीसदी का लाभ मार्जिन दर्ज किया गया। वित्तीय वर्ष 2025 में कंपनी का कुल राजस्व 1,374.2 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 104.7 करोड़ था । शुद्ध लाभ 61.2 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष के 60.7 करोड़ से थोड़ा अधिक है।

### जियो ब्लैकरॉक ने जुटाए 17,800 करोड़ रुपए

**मुंबई।** जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपने पहले ही न्यू फंड ऑफर में निवेशकों से कुल 17,800 करोड़ रुपए (2.1 अरब डॉलर) से अधिक का निवेश हासिल किया है। कंपनी ने तीन नकद एवं ऋण म्यूचुअल फंड लांच किए थे। इनमें जियो ब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड, जियो ब्लैकरॉक लिक्विड फंड और जियो ब्लैकरॉक मनी मार्केट फंड शामिल थे। जानकारी के अनुसार 90 से अधिक संस्थागत निवेशकों और 67,000 से अधिक व्यक्तियों ने ऑफर अवधि के दौरान इन फंडों में निवेश किया।

### द्वारा ई-रजिस्ट्री ने लांच किया माइक्रो एलएपी

**भोपाल।** द्वारा ई-रजिस्ट्री ने माइक्रो लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी नाम का नया उत्पाद शुरू किया है। यह एक बड़ा कदम है, जिसका मकसद छोटे और सीमांत किसानों सहित कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों को सुरक्षित, संपत्ति-समर्थित कर्ज उपलब्ध कराना है। माइक्रो एलएपी के जरिए किसान और कृषि से जुड़े लोग अपनी अचल संपत्तियों के बदले कर्ज ले सकते हैं। इससे वे अपने बिजनेस को बढ़ा सकते हैं, आय के नए सोर्स बना सकते हैं और जीवन को ज्यादा स्थिर बना सकते हैं। इस लांच के साथ ही द्वारा ई-रजिस्ट्री ने कुल 150 करोड़ रुपए के लोन डिस्बर्समेंट का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने 5 राज्यों, 50 जिलों और 3,000 से अधिक गांवों में 250 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों के साथ मिलकर 33,000 से अधिक एग्री लोन दिए हैं। द्वारा ई-रजिस्ट्री के को-फाउंडर और सीईओ सैयद तारिक आलम का कहना है कि माइक्रो एलएपी का लांच हमारी क्रेडिट प्रोडक्ट का एक स्वाभाविक विस्तार है।

### ओकरिज विशाखापत्तनम का आईबीडीपी 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम ने 2025 की कक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैकलॉरिएट डिप्लोमा कार्यक्रम के नतीजों की घोषणा की, जो स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक नागरिकता की खोज में एक और मील का पत्थर साबित हुआ। शीर्ष स्कोरर रुतविक ने 45 में से 41 अंक हासिल किए, जिससे वह दुनिया भर में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले आईबी छात्रों में शामिल हो गया। इस साल के समूह ने असाधारण प्रदर्शन किया और स्कूल ने 32.7 का औसत उत्तीर्ण स्कोर दर्ज किया। सभी विषयों में कुल ग्रेड औसत 4.8 रहा, जिसमें 38 प्रतिशत छात्रों ने 35 अंक और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो बैच की शैक्षणिक ताकत और निरंतर प्रयास को दर्शाता है। आईबी कोर में प्रदर्शन - जिसमें ज्ञान का सिद्धांत और विस्तारित निबंध शामिल है - समान रूप से सराहनीय था। कोर औसत 2.2 रहा, जिसमें 30 प्रतिशत छात्रों ने पूर्ण 3/3 अंक अर्जित किए। कुल मिलाकर, 73 प्रतिशत छात्रों ने दोनों घटकों में ए या बी ग्रेड प्राप्त किए, जो अनुसंधान, पूछताछ और आलोचनात्मक सोच पर स्कूल के फोकस को दर्शाता है। प्रिंसिपल सुश्री शैला भामिदिपति ने कहा, 'आईबीडीपी दुनिया के सबसे कठोर प्री-यूनिवर्सिटी कार्यक्रमों में से एक है, और मुझे अपने छात्रों पर बहुत गर्व है ।

### भोपाल चैप्टर ने कूल कॉन्क्लेव इंदौर 2.0 के लिए कर्टन रेजर इवेंट आयोजित किया, विभिन्न क्षेत्रों के 250 से अधिक पेशेवरों ने भाग लिया

*भोपाल। इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग और एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (आईएसएचआरएई) भोपाल चैप्टर ने कूल कॉन्क्लेव इंदौर 2.0 के लिए कर्टन रेजर इवेंट को भोपाल में सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के 250 से अधिक पेशेवरों ने भाग लिया, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वास सारंग उपस्थित थे। कार्यक्रम में भोपाल चैप्टर अध्यक्ष अतुल गुप्ता, कर्टन रेजर पंकज धारकर, निशांत गुप्ता, आशु गुप्ता मितुल साह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि विश्वास सारंग ने एचवीएसी एंड आर उद्योग में नवाचार और स्थिरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा दक्षता की चुनौतियों का सामना करने के लिए उद्योग पेशेवरों को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आईएसएचआरएई भोपाल चैप्टर सभी उपस्थित लोगों, प्रायोजकों और आयोजकों को कर्टन रेजर इवेंट को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देता है। हम जुलाई 2025 में एक समान फल कूल कॉन्क्लेव इंदौर 2.0 की आधा करते हैं।*

# ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स की अपीलः सिंगल यूज प्लास्टिक का टेंट व्यापारी नहीं करें उपयोग

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



पर्यावरण के रक्षा के लिए टेंट एसोसिएशन के व्यापारी द्वारा लालघाटी में पौधारोपण किया। फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा एवं कोषाध्यक्ष संजय जैन ने सभी टेंट व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वह एक पेड़ अपने -अपने क्षेत्र में अवश्य लगाएं। भोपाल टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन के चेयरमन रिंकू भटेजा, अध्यक्ष स्वदेश सोनी ने टेंट व्यापारियों से अनुरोध किया कि टेंट व्यापारी सिंगल यूस प्लास्टिक का उपयोग न करें। महासचिव योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर भोपाल के टेंट व्यापारी प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में पौधारोपण करते है इस पुनीत कार्य में परमजीत सिंह खनूजा, संजय जैन, रिंकू भटेजा, स्वदेश सोनी, योगेश श्रीवास्तव,प्रभात सोनी, हरि नारायण गुप्ता, महेंद्र यादव, विशाल शर्मा, मोनू ठाकुर, यशपाल छाबड़ा, तरुण चतुर्वेदी, महेश यादव, हरि यादव, कैलाश राठौड़ विश्व बंधु सोनी, सचिन आर्य, मोहम्मद शकील, अरविंद साहू सहित अनेकों टेंट व्यापारी उपस्थित थे।

### होम, किचन और आउटडोर के नए प्रोडक्ट्स लांच

*नई दिल्ली। अमेजन का 9वां प्राइम डे जो 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक चलेगा। एक नया लुक टॉप ब्रांड्स जैसे हार्ले डेविडसन, यूरेका, बॉश और अन्य के होम, किचन और आउटडोर के नए प्रोडक्ट्स लांच के साथ स्मार्ट होम सोल्यूशंस और मोटरबाइक्स से लेकर फर्नीचर तक, ग्राहक आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक ट्रांजेक्शन पर 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट देगा।*

E-mail id- mobhopal@gmail.com

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक /1745/ खनिज / 2025 — भोपाल, दिनांक -4/7/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री शैलेन्द्र दांगी आ.श्री भुजवल सिंह दांगी निवासी ग्राम भैरोदा तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 03.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 05.08.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | बैरसिया | सोनकच्छ | 178/1/1 | रकबा 2.000 हे. | शासकीय | मुरूम | रकबा 2.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

जी - 15279/25 — स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# आतंकवाद पर ब्रिक्स से पाक चीन व तुर्किये को कड़ा संदेश

ब्रिक्स के मंच से भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को कड़ा संदेश दिया और चीन, तुर्किये और पाकिस्तान को आईना दिखाया। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बने हालात पर बिना नाम लिए पाकिस्तान, तुर्किये और चीन को आड़े हाथों लिया। आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू में नहीं तौलना चाहिए। पीएम मोदी ने यह बात तब कही है जब य बात सामने आई है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पर्दे के पीछे से चीन व तुर्किये ने पाकिस्तान की मदद की। आतंकवाद की निंदा करना ब्रिक्स का सिद्धांत होना चाहिए, न कि सिर्फ सुविधा। अगर पहले यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, किसके विरुद्ध हुआ, तो यह मानवता के खिलाफ विश्वासघात होगा। चीनी प्रभुत्व वाले संगठन शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद पर पक्षपाती रुख देखा गया था। चीन व पाकिस्तान का रुख सिलेक्टिव था। इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर खतरा है। युद्ध व संघर्ष से जूझ रही दुनिया में शांति और सुरक्षा बहुत जरूरी है। अगर माहौल शांत और सुरक्षित होगा, तभी लोग तरक्की कर पाएंगे। ब्रिक्स इस लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आतंकवादियों के खिलाफ पाबंदियां लगाने पर कोई संकोच नहीं होना चाहिए। आतंकवादियों और उनके समर्थकों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए। निजी या राजनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को चुपचाप समर्थन देना गलत है। आतंकवाद को लेकर कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं कर सकते, तो यह सवाल उठता है कि क्या हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को लेकर गंभीर हैं भी या नहीं? ब्रिक्स के मंच से भारत ने गाजा में मानवीय स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की और शांति का मार्ग अपनाने की अपील की। भारत हर उस प्रयास का समर्थन करता है, जो विश्व को, विभाजन और संघर्ष से बाहर निकालकर, संवाद, सहयोग और समन्वय की ओर अग्रसर करे, एकजुटता और विश्वास बढ़ाए। भारत ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। ब्रिक्स इस दिशा में मिसाल बनें और 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करें। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ब्रिक्स को विश्वसनीयता दर्शानी चाहिए व 'ग्लोबल साउथ' के लिए मिसाल बनना चाहिए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने' पर जोर दिया गया। ब्रिक्स में बड़े सुधार की भी जरूरत है। वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ 'क्रेडिट रेटिंग' बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ब्रिक्स को कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषों को साझा करना चाहिए। ब्रिक्स विज्ञान एवं अनुसंधान भंडार बनाए जाने का प्रस्ताव भारत ने दिया है, जिससे सहयोग के लाभ अन्य विकासशील देशों तक भी पहुंचाए जा सकें। ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। अब मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई व इंडोनेशिया भी सदस्य हैं।



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

# परस्पर अविश्वास से निष्क्रिय हो रहा ब्रिक्स

**ब्रिक्स ने ब्राजील के रियो डि जेनेरिया में अपना 17वां सम्मेलन 'अधिक समावेशी तथा संधारणीय शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करने' के ध्येय के साथ संपन्न किया। पीएम मोदी ने इसमें शिरकत की। पुतिन और शी चिनफिंग की सम्मेलन में अनुपस्थिति यही दर्शा रही है कि वे ब्रिक्स में भारत की बढ़ती साख और प्रभुत्व से असहज होने लगे हैं। चूंकि भारत हर रूप में ब्रिक्स के शेष सदस्यों देशों के लिए प्रगति के विभिन्न अवसरों हेतु महत्वपूर्ण हो चुका है। राजनयिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत और चीन जैसे ब्रिक्स के दो सदस्य देशों के मध्य अविश्वास का विस्तार ही हुआ है। यह स्थिति ब्रिक्स के लिए भी अनुकूल नहीं है।**

सोलह वर्ष पहले आरंभ हुए ब्रिक ने ब्रिक्स होकर ब्राजील के रियो डि जेनेरिया में अपना 17वां सम्मेलन 'अधिक समावेशी तथा संधारणीय शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करने' के ध्येय के साथ संपन्न किया। इस बार इंडोनिशया को ब्रिक्स का सदस्य देश बनाने के बाद इस मंच के कुल सदस्य देशों की संख्या अब ग्यारह हो गई है। ब्राजील, चीन, भारत, रूस, दक्षिण अफ्रीका, इजिप्ट, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई पहले से ही इस समूह के सदस्य देश हैं। ब्रिक्स की वार्षिक सामूहिक प्रस्तावना में नव परिवर्तन की आशा करना तब तक व्यर्थ है, जब तक इसके पूर्व प्रस्तावों को कार्यरूप देते हुए अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लिए जाते। प्रति वर्ष वैश्विक राजनीति, कूटनीति और अर्थनीति में व्यापक अस्थिरता के कारण दुर्भाग्य से ब्रिक्स के वार्षिक प्रस्ताव, क्रियान्वयन की परिणति तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। विश्व स्तर पर युद्धों की निरंतरता, आर्थिक संघर्ष-प्रतिबंधों की पुनरावृत्ति तथा जलवायु की विषम पारिस्थितिकी के कारण ब्रिक्स के कार्यबिंदुओं पर तीव्रतापूर्वक कार्य नहीं हो पा रहा है। गत सौ से भी अधिक वर्षों से विकसित तथा विकासशील राष्ट्रों के समूहों में विभाजित रहा विश्व, ब्रिक्स के निरंतर साकार होते रहने के कारण एक तृतीय वैश्विक सामूहिक-धुरी के स्वरूप में स्थापित हो चुका है। समूह-20 तथा समूह-7 जैसे वैश्विक संगठन इस समय ब्रिक्स के सम्मुख अप्रभावी प्रतीत हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विकसित राष्ट्रों के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से परिचालित अनेक अन्य वैश्विक संगठन ब्रिक्स एवं इसकी सहायक संस्थाओं द्वारा उत्पन्न समुचित प्रतिस्पर्द्धापरक वातावरण में किंकर्त्तव्यविमूढ़ हैं। ब्रिक्स की उपस्थिति से विश्व में गुटसापेक्षता का एक अप्रत्याशित संतुलन स्थापित हुआ है। यह कैसे न होता! क्योंकि विश्व की भू सतह का लगभग 30 प्रतिशत तथा वैश्विक जनसंख्या का 45 प्रतिशत, संस्था के सदस्य राष्ट्रों के पास है। दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीकी महाद्वीप की सर्वाधिक बड़ी अर्थव्यवस्था है। ब्राजील, भारत एवं चीन जनसंख्या, क्षेत्रफल व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तथा क्रय शक्ति समता के आधार पर दुनिया के दस सर्वाधिक अग्रणी राष्ट्रों में से हैं। रूस जो है वह ब्रिक्स के सदस्यों देशों के सहयोग से यूक्रेन के साथ निरंतर संघर्षरत रहने और अमेरिकी नेतृत्व में यूरोपीय देशों द्वारा उस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद भी विगत वित्तीय वर्ष में यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा था। संस्था के सभी पाँच प्रारंभिक सदस्य देश जी-20 के सदस्य भी हैं, जिनकी संयुक्त रूप में 2024 में अंकित जीडीपी का मूल्य 28 ट्रिलियन अमेरिकी डालर (सकल वैश्विक उत्पाद का लगभग 27 प्रतिशत) है। इनकी कुल जीडीपी (क्रय शक्ति समता) लगभग 65 ट्रिलियन अमेरिकी डालर (वैश्विक जीडीपी अर्थात क्रय शक्ति समता की 33 प्रतिशत) है तथा 2024 के अनुसार इनके पास अनुमानित 5.2 ट्रिलियन अमेरिकी डालर मूल्य का संयुक्त विदेशी भंडार है।

ब्राजील में संपन्न 17वीं ब्रिक्स सभा में विमर्श के प्रमुख विषयों में आतंकवाद था। पहलगाम के बाद भारत की आतंक पीड़ा चाहे-अनचाहे विश्व के सम्मुख मुखर होकर उभरी है। पहलगाम के प्रतिशोध में पाकिस्तान पर किये



गये सिंदूर सैन्याभियान ने तो भारत सामरिक दृष्टि से ऐसी स्थिति में खड़ा कर दिया है, जहां ब्रिक्स के सदस्य देशों के लिए भारत के पक्ष को सुनना अत्यंत आवश्यक हो चुका है। सम्मेलन में वैश्विक शांति, युद्ध विराम, आतंक रोधन, स्वस्थ पोषाहार व शुद्ध पेयजल आपूर्ति, सार्वजनिक जीवन व स्वाथ्य वृद्धि के लिये जलवायु संकट का निवारण, डिजिटल सुविधा पर व्यावसायिक एवं जीवन की समस्त गतिविधियों की निर्भरता हेतु इंटरनेट चालित नवोन्नत प्रौद्योगिकियों को हैकिंग बाधाओं से मुक्त करना, ब्रिक्स बैंक के माध्यम से सदस्य देशों की वैकासिक परियोजनाओं के लिये ऋण वितरण प्रक्रिया को सुगम व सरल बनाना, वैश्विक शांति के लिये किये जा रहे प्रयासों में गंभीरतापूर्वक योगदान देना इत्यादि विषय सम्मिलित थे। दुनिया को समुचित गति-प्रगति के साथ आगे बढ़ाने के लिये शक्तिशाली देशों को कुछ ऐसे उपाय भी करने ही करने होंगे जो तात्कालिक रूप में लाभान्वित तो नहीं होंगे, किंतु विश्व की भावी पीढ़ियों के प्राणों, श्वासों तथा जीवन के लिये एक दिशादृष्टि निश्चित कर उसके निष्ठावान क्रियान्वयन में निरंतर सहयोग करेंगे। इस दिशा में ब्रिक्स आगामी दिनों में क्या व कितना कार्य करता है, यह परखा जाना है।

नये सदस्य देशों का ब्रिक्स के साथ आना अभी महत्त्वपूर्ण तो नहीं समझा जा सकता है, किंतु हां पांच से ग्यारह सदस्यीय विस्तार के स्वरूप में ब्रिक्स अब जी-7 को भूराजनीतिक, आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक नीतियों के आधार पर प्रतिस्पर्द्धा देने के लिये प्रतीक स्वरूप में तो स्थापित हो ही गया है। पुतिन और शी चिनफिंग की सम्मेलन में अनुपस्थिति यही दर्शा रही है कि वे ब्रिक्स में भारत की बढ़ती साख और प्रभुत्व से असहज होने लगे हैं। चूंकि भारत हर रूप में ब्रिक्स के शेष सदस्यों देशों के लिए प्रगति के विभिन्न अवसरों हेतु महत्त्वपूर्ण हो चुका है। आर्थिक और सामरिक रूप में भारत की प्रगति के प्रति इन देशों की एकनिष्ठा रूस और चीन के लिए नई चुनौतियां प्रस्तुत कर रही है। रूस के पास स्वाभाविक बहाना है कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है और इसीलिए उसके राष्ट्रपति ने रियो डि जेनेरिया में भागीदारी नहीं की, किंतु चीन के पास कौन-सा बहाना है, जो उसके राष्ट्र प्रमुख शी चिनफिंग ब्रिक्स के सम्मेलन में नहीं आए। मूलतः रूस के आह्वान पर आरंभ हुए ब्रिक और इसके संस्थापक सदस्य देशों में से एक चीन की संगठन के प्रति उदासीनता भविष्य में सांगठनिक उद्देश्यों की पूर्ति में बाधक ही होगी। दक्षिण एशिया में एक आदर्श देश के रूप में भारत की प्रगति अमेरिका ही नहीं, अपितु ब्रिक्स के सदस्य देश चीन और रूस को भी चुभ रही है। पाकिस्तान के साथ कुछ दिनों के सैन्य संघर्ष के बाद तो चीन पर भारत विरोधी होने का कलंक लग ही चुका है। चीन और तुर्किये ने मिलकर जिस प्रकार पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी, उससे भारत और चीन के राजनयिक संबंध मधुर नहीं रहे। भारत की क्वाड साझेदारी को भी चीन और रूस अपने क्षेत्रीय हितों व प्रभुत्व के लिए चुनौती समझ रहे हैं। इसके प्रतिकार के लिए चीन ने तो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ मिलकर एक नया दक्षिण वैश्विक धुरव खड़ा करने की दिशा में काम करना आरंभ कर दिया है। रूस ने भी अफगानिस्तान के तालिबान शासन को मान्यता प्रदान कर इस दिशा में आगे चरण बढ़ा दिया है। ब्रिक्स के 17वें सम्मेलन को निस्संदेह वैश्विक दक्षिण में यूरोपीय संघों के लिए आर्थिक चुनौती के रूप में एक सामूहिक एकता के स्वरूप में देखा जा रहा हो, किंतु वास्तविकता ये है कि राजनयिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत और चीन जैसे ब्रिक्स के दो सदस्य देशों के मध्य अविश्वास का विस्तार ही हुआ है। यह स्थिति ब्रिक्स के लिए भी अनुकूल नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आईवीएफ तकनीक
मानसी द्विवेदी



# संस्कृति के चौराहे पर.. एक नई सदी की 'नई संतान'

मनुस्मृति में लिखा यह श्लोक स्पष्ट करता है कि मनुष्य जब तक पितृऋण, देवऋण, और ऋषिऋण नहीं चुकाता, तब तक मोक्ष की ओर नहीं जा सकता। संतान उत्पत्ति पितृऋण चुकाने का साधन मानी गई है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार संतान केवल भावनात्मक नहीं बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है। आज आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने जीवन को नए आयाम दिए हैं। इन आयामों में सबसे क्रांतिकारी उपलब्धियों में से एक हैं -इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ), जिसे सामान्य भाषा में टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक कहा जाता है। 21वीं सदी में यह तकनीक विवाहित दंपतियों के लिए वरदान बनी बल्कि सिंगल मदर/फॉदर और समलैंगिक दंपतियों के लिए भी संतान प्राप्ति का माध्यम बन रही है। हाल ही में कन्नड़ अभिनेत्री भावना रमन्ना आईवीएफ तकनीक का सहारा लेकर मां बनी हैं। उनके इस कदम ने पारंपरिक पिता माता बच्चा वाली पारिवारिक परिभाषा को चुनौती दी। परंतु ये मामला नया नहीं है इससे पहले 2016 में तुषार कपूर आईवीएफ और सेरोगेसी के माध्यम से सिंगल फादर बने थे। वैसे यूके, यूएस और ऑस्ट्रेलिया के कई रिसर्च में यह भी पाया गया है कि बच्चों की स्थिरता और समृद्धि पेरेंट की संख्या पर नहीं, बल्कि संवेदनशील पालन-पोषण पर निर्भर करती है।

आईवीएफ से पैदा हुए बच्चे अगर ईमानदारी और खुलेपन से पले-बढ़े हों, तो उनमें सामाजिक या मानसिक अस्थिरता नहीं होती। भारत में 1978 में डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय ने कोलकाता में देश की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी दुर्गा का जन्म कराया था परंतु वैज्ञानिक समुदाय से वह मान्यता नहीं मिली जिसके विरोध के चलते उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी बाद में उनके योगदान को स्वीकृति मिली। इसके बाद 1986 में हर्षा के रूप में पैदा हुआ टेस्ट ट्यूब बेबी जिसे डॉ. इंदिरा हिंदुजा द्वारा मुंबई में जन्म दिलवाया गया। आईवीएफ से जन्मे बच्चों में कुछ मामलों में स्वास्थ्य जोखिमों की आशंका जताई गई है।

आज भारत में सैकड़ों आईवीएफ क्लीनिक हैं और आज यह प्रजनन का बहु करोड़ उद्योग बन चुका है। हर आईवीएफ चक्र की लागत 1.5 लाख से 3 लाख के बीच होती हैं और कई बार 3-4 बार प्रयास करना पड़ता है। जिससे ये प्रक्रिया अमीरों की सुविधा के रूप मे देखी जा रही हैं। ये प्रजनन श्रम बाजार के रूप में भी उभर कर आया है जिसमें कई गरीब महिलाएं, एग डोनर या सेरोगेसी मदर बनती हैं जिससे उनके स्वास्थ्य और अधिकारों का शोषण होता है। साउथ की यशोधा मूवी भी इसी विषय पर केंद्रित है।

आईवीएफ और सेरोगेसी को लेकर सरकार ने कई कानून बनाए हैं। जैसे आर्ट (असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी) रेगुलेशन एक्ट 2021 और सेरोगेसी रेगुलेशन एक्ट 2021। इन कानूनों का उद्देश्य है आईवीएफ क्लीनिक्स को रेगुलेट करना, भ्रूण और अंडाणु की बिक्री पर रोक लगाना और महिला की सुरक्षा को सुनिश्चित करना। आईवीएफ आज बांझपन के शिकार वृद्ध दंपतियों में भी चर्चा का विषय है । इसी तरह का एक मामला हमें 2019 में आंध्र प्रदेश की 73 वर्षीय ऐरामट्ठी मांगम्मा का मिलता है जिसने आईवीएफ से जुड़वां संतानों को प्राप्त किया जो कि समाज में नैतिक बहस का कारण बन गया। वैसे हमारे वैदिक ग्रंथों में कई कथाएं मिलती हैं जो अप्राकृतिक और विशेष परिस्थियों में संतान जन्म का वर्णन करती हैं जैसे महाभारत के आदि पर्व में नियोग की प्रथा जिससे पांडु, धृतराष्ट्र और विदुर का जन्म हुआ था । गांधारी द्वारा 100 पुत्रों को जन्म देना भी टेस्ट ट्यूब बेबी की प्रक्रिया जैसा प्रतीत होता है। भारतीय समाज में परिवार का मतलब है- पिता, मां और संतान की सामूहिक इकाई।

परंतु आईवीएफ की वजह से अब संतान का जन्म बिना विवाह, बिना पिता या बिना मां की उपस्थिति में भी संभव है। सिंगल मदर/फादर, समलैंगिक, सेरोगेट परिवार-पारिवारिक ढांचे का पुनर्परिभाषण बनता जा रहा है, जो कि संयुक्त परिवार की धारणा को न सिर्फ चुनौती दे रहा हैं बल्कि समाज में नए प्रकार के परिवारों का निर्माण भी कर रहा हैं। बच्चे को दोनों पेरेंट्स चाहिए से ज़्यादा ज़रूरी है बच्चे को सच्चा पेरेंट चाहिए। यदि सिंगल पेरेंट आईवीएफ से संतान प्राप्त कर जिम्मेदारीपूर्वक परवरिश करता है, तो वह आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ, स्वतंत्र और सशक्त नागरिक बना सकता है।

(लेखिका भोपाल में शिक्षिका हैं)

## आखिर, क्यों जरूरी है डिजिटल डिटॉक्स?

# ताकि...परिवार, मित्रों और समाज से रिश्ते मजबूत हों



डॉ. प्रमोद शंकर सोनी
(होम्योपैथिक चिकित्सक और स्वतंत्र लेखक)

आपने अक्सर महसूस किया होगा कि जब आप मोबाइल पर किसी अच्छे, विचारोत्तेजक लेख को पढ़ने का प्रयास कर ही रहे होते हैं और अचानक स्क्रॉल करके इंस्टाग्राम पर चले जाते हैं और रील्स देखने में इतने मशगूल हो जाते हैं कि पीछे छूट जाता है, वह अच्छा लेख जिसे आप पढ़ना चाहते थे। दरअसल, इसके पीछे कार्यरत है हमारे मस्तिष्क और शरीर द्वारा स्त्रवित होने वाले कुछ विशेष हार्मोन्स और न्यूरोट्रांसमीटर्स की क्रिया। इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर रोमांचकारी और अश्लील दृश्य देखने से मस्तिष्क में विभिन्न न्यूरोट्रांसमीटर्स सक्रिय हो जाते हैं, जो देखने वाले को सम्मोहित सा कर देते हैं। यह एक साइको-न्यूरोलॉजिकल प्रक्रिया है जिसमें विभिन्न हार्मोन्स अपनी भूमिका निभाते हैं पर जो हार्मोस इसमें सबसे ज्यादा भूमिका निभाता है वह है, डोपामिन जिसे रिवार्ड केमिकल भी कहा जाता है। जब भी हम कुछ उत्तेजक, रोमांचकारी या कामुक दृश्य देखते हैं, तो डोपामिन का स्तर बढ़ जाता है और यह मस्तिष्क के रिवार्ड सेंटर को सक्रिय कर देता है। यही वह रसायन है जो इस आदत को लत में बदल देता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति बार-बार वही चीज़ देखने की चाह में उलझ जाता है और यह प्रवृत्ति डूम स्क्रॉलिंग या रील्स की लत बन जाती है।

**डिजिटल डोपामिन लूप-लत की शुरुआत :** हर बार जब हम कोई रील देखते हैं, मस्तिष्क को एक क्षणिक इनाम मिलता है। यही इनाम बार-बार देखने की चाह पैदा करता है, जिससे व्यक्ति एक पैटर्न ऑफ ग्रैटिफिकेशन में फंस जाता है जिसे मनोविज्ञान में डिजिटल डोपामिन लूप कहते हैं। धीरे-धीरे यह प्रक्रिया एडिक्शन में बदल जाती है। अश्लील नृत्य, उत्तेजक दृश्य, या पोर्नोग्राफिक कंटेंट का अत्यधिक सेवन मस्तिष्क के रिवार्ड सेंटर को कुंद कर देता है। एक समय के बाद व्यक्ति को सामान्य चीज़ों से कोई आनंद नहीं मिलता। इसे डोपामाइन डी-सेंसिटाइजेशन कहा जाता है। नतीजतन, ध्यान केंद्रित न कर पाना, प्रेरणा और उत्साह में कमी, यथार्थ से दूरी और आभासी जीवन में प्रवेश, चिड़चिड़ापन, तनाव और हताशा आती है।

**इस लूप से बाहर कैसे निकलें:** डिजिटल फास्टिंग करें, हर दिन कुछ घंटे या एक दो दिन सोशल मीडिया से पूरी दूरी बनाएं। पढ़ना शुरू करें, घर में आने वाले अखबार और पत्र-पत्रिकाएं पढ़ें। यह आपकी ध्यान शक्ति और विश्लेषण क्षमता को बढ़ाएगा। आभासी रिश्तों की जगह परिवार, मित्र और समाज से संबंध मजबूत करें। रचनात्मक गतिविधियों में लगें योग और प्राणायाम ध्यान करें, आउटडोर गतिविधियों में भाग लें, मोबाइल का उपयोग करें, पर उसके गुलाम न बनें। अगर आप उसे नियंत्रित नहीं कर पाते तो वह आपको नियंत्रण में लेने में देरी नहीं करेगा।

## सटाका




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई है, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

*- विकास चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### प्रस्तावना नहीं बदल सकते



संविधान की प्रस्तावना को लेकर कई मुद्दे रहे हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है। आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, आप अपने माता-पिता की भूमिका को नहीं बदल सकते। यह संभव नहीं है। आपातकाल में संविधान की प्रस्तावना बदली गई थी।

**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### कैप्टन बत्रा को श्रद्धांजलि



कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करता हूं। करगिल युद्ध के दौरान उनकी अद्वितीय बहादुरी और उनका बलिदान राष्ट्र की सेवा में साहस का एक शानदार उदाहरण है। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### दिलीप कुमार प्रेरणास्रोत रहे



दिलीप कुमार छह पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं और वह भविष्य के कलाकारों के लिए भी मार्गदर्शक की तरह हैं। साहब की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। मैं अब भी जीवन में उनके साथ हूं।

**-सायरा बानो, अभिनेत्री**

### गुरु दत्त की विरासत अहम



गुरु दत्त ने जीवन की व्यथा को कविता में बदल दिया, ऐसी कविता जो खामोशी को भी चीर दे। जो उनके बाद आए, वे उस घाव को साथ लेकर चले। हम गुरु दत्त के सौ वर्ष पूरे होने का जश्न नहीं मनाते। हम उनकी विरासत की ओर लौटते हैं। गुरु दत्त की विरासत पुरस्कारों, पोस्टर या रील से नहीं बनी है।

**-महेश भट्ट, निर्माता-निर्देशक**


## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# सऊदी अरब में मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब में पिछले साल मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इनमें से अधिकतर मामले मादक पदार्थों से संबंधित हैं। सऊदी अरब में पिछले साल 345 लोगों को मौत की सज़ा दी गई। एमनेस्टी के अनुसार तीन दशकों से ज़्यादा समय में यह सबसे बड़ी संख्या है। समूह ने कहा कि इस साल के पहले छह महीनों में ही 180 लोगों को मौत की सज़ा दी गई, जिससे संकेत मिलता है कि यह रिकॉर्ड फिर से टूट सकता है। कार्यकर्ता समूह रिप्रीव ने बताया कि इस साल जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें से करीब दो तिहाई को मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया।



एमनेस्टी ने भी मादक पदार्थ के मामलों में फांसी दिए जाने के बारे में इसी तरह की चिंता जताई है। सऊदी अरब ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है कि देश में मौत की सजा में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। सऊदी अधिकारियों ने फांसी की सज़ा और मादक पदार्थ के मामलों में मृत्युदंड का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है, इस बारे में 'एसोसिएटेड प्रेस' के विस्तृत सवालों का जवाब नहीं दिया। हालांकि, यह सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की टिप्पणियों के विपरीत है, जिन्होंने 2022 में इस बात को रेखांकित किया था कि उन्होंने इसका इस्तेमाल केवल हत्या के मामलों तक सीमित कर दिया है।

## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है

रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है – और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)।



इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है। किसी भी पुरा-अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती – चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट – यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है।

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में हुआ हादसो

# करंट लगने से 11 साल के मासूम की मौत

## निर्माणाधीन मकान के लोहे के गेट से लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



ईंटर्खड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में सोमवार सुबह करंट लगने से 11 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा घर से कुछ दूरी पर बन रहे निर्माणाधीन मकान में लोहे के गेट के संपर्क में आने से हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ओम अहिरवार पिता चैनसिंह अहिरवार (11) ईटखेड़ी लांबाखेड़ा में रहता था और प्राइवेट स्कूल में कक्षा तीसरी में पढ़ता था। उसके पिता मिस्त्री का काम करते हैं।

पिता का काम घर से कुछ दूरी पर ही एक मकान में चल रहा था। वह छत पर काम कर रहे थे, तभी ओम पिता के पास छत पर जाने के लिए पहुंचा। इस दौरान निर्माणाधीन मकान के लोहे के गेट के संपर्क में आ गया। गेट के पास से बिजली का तार निकला था। बताया जाता है कि तार में कट होने के कारण लोहे के गीले गेट में करंट आया था और हाथ टकराते ही ओम को करंट का तगड़ा झटका लगा था। पिता उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## कोलूखेड़ी में छत की बाउंड्रीवॉल गिरने से युवक की मौत

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव कोलूखेड़ी में सोमवार सुबह एक मकान की छत पर बनी ईंट की बाउंड्री भरभराकर गिर गई। बाउंड्री की ईंट गिरने से वहां से गुजर रहे युवक को सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार बृजेश कलावत (26) गांव कोलूखेड़ी, नजीराबाद में रहता था और खेती किसानी करता था। सोमवार सुबह वह घर से दुकान सामान लेने जा रहा था। वह गली से गुजर रहा था, तभी मकान की छत पर बनी बाउंड्रीवॉल गिर गई और उसे गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि बाउंड्री सिंगल इंट की बनाई गई थी। उसे चार पांच साल हो गए थे। उस पर प्लास्टर नहीं कराया गया था। लगातार पानी गिरने से बाउंड्री टेड़ी हो गई और एकाएक गिर गई।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुल बोगदा के पास रेलवे ट्रैक से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त कर ली गई है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह पुल बोगदा रेलवे ट्रैक से एक युवक की लाश बरामद की गई थी। ट्रेन की चपेट में आने से लाश क्षत-विक्षत हो गई थी। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त कर ली गई। मृतक अरुण उर्फ राजकुमार कुशवाह (30) नटेरन जिला विदिशा के गांव नारायण का रहने वाला था। इन दिनों वह इस्लामपुरा तलैया में किराए के मकान में रह रहा था और होटल में काम करता था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की बहन से संपर्क कर पुलिस ने शव पीएम के बाद उन्हें सौंप दिया है।

## नपा वार्ड 7 के उपचुनाव में 65 प्रतिशत हुआ मतदान



**बैरसिया।** नगर पालिका वार्ड 7 के उपचुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ। मतदान 65 प्रतिशत हुआ। कुल 1500 वोट में से 975 लोगों ने मतदान किया। जिसमें 444 हिलाएं और 581 पुरुष मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए नगर पालिका अन्तर्गत आने वाले एक छात्रावास और एक आंगनबाड़ी को मतदान केंद्र बनाया गया था। मतदान केंद्र 12, जो बालक छात्रावास में था, उसमें 214 महिला और 250 पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान केंद्र 13, जो मिलक आंगनबाड़ी में था, वहां 230 महिला और 281 पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया। वार्ड 7 से पार्षद शबाना कुरैशी का निर्वाचन शून्य होने के कारण उप चुनाव हुआ था। चुनाव में कांग्रेस से आफरीन, भाजपा से शाइस्ता सुल्तान और निर्दलीय फरीदा एहमद चुनाव मैदान में हैं। 10 जुलाई को परिणाम आएगा।

## स्कूली विद्यार्थियों को बताए बारिश में संक्रमण और बीमारियों से बचने के उपाय



**संतनगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में सोमवार को नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा सफाई अपनाओं बीमारी भगाओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बीमारियों से बचने के टिप्स बताए। इसमें हाथों की सफाई की 6 प्रक्रियाओं से अवगत करवाया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को से कहा कि बारिश में संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है, और कई प्रकार की बीमारियां जैसे वायरल फीवर, खांसी, जुकाम तेजी से फैलते हैं। इससे बचाने के लिए घरों में पानी जमा न होने दें एवं हाथों को अच्छी तरह से साफ कर खाना खाएं, मच्छरों की रोकथाम का पर्याप्त साधन होना चाहिए। इससे बीमारियों से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### सेना में अधिकारी बनने पर गौतम को दी बधाई

**संतनगर।** नव युवक परिषद् के छात्र गौतम भंभानी ने भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में नियुक्ति प्राप्त की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि गौतम भंभानी की निष्ठा, परिश्रम और परिषद् द्वारा दिए गए प्रभावशाली सहयोग का प्रतिफल है, जिसने भविष्य के नेताओं को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गौतम भंभानी ने स्कूली शिक्षा पूर्ण करने के बाद भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी बने। उनकी इस उपलब्धि पर उनके सहयोगियों ने बधाई दी।

### समस्याओं पर काम करने से होती जीत





**औबेदुल्लागंज।** पार्षद दीपू परमार और वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि नरेश सेठी की राजनीति ठंडी पड़ गई है। नगर परिषद के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बागिस अग्रवाल चिंता में हैं। भाजपा नेता नंदू शर्मा ने कहा कि नगर की समस्याओं पर काम करने से जीत होती है। दीपू परमार और नरेश सेठी ने बताया कि कुछ नया होने वाला है।

### मीणा और श्रीवास्तव की बैठक की हो रही चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमराज मीणा, पंकज श्रीवास्तव डब्बू भैया दोनों की गुप्त चर्चा से लोगों में कानाफूसी शुरू हो गई है। ज्ञातव्य हो ये दोनों नेता जिला भाजपा महामंत्री बनने की दौड़ में हैं। हेमराज मीणा और पंकज श्रीवास्तव दोनों विधायक पटवा के करीबी हैं और जिले में पटवा के लिए कार्य करते हैं।

### महेंद्र सिंह को बनाया कार्यकारिणी सदस्य



**औबेदुल्लागंज।** अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा (भारतवर्ष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ के द्वारा डॉ. महेंद्र सिंह धाकड़ को राष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किया गया। इस उपलक्ष पर कुंवर सिंह नागर, मनोज नागर, संतोष नागर तामोट, अमित मोनी नागर, परेश नागर, संजीव नागर तामोट सहित अन्य सामाजिक बंधुओं ने शुभकामनाएं दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9416 | | |
| दिन: | 189 | 81 | 380 |
| रात: | 440 | 87 | 368 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 568 | 95 | 159 |
| रात: | 178 | 66 | 259 |


## आत्महत्या से पूर्व युवक की हुई थी प्रेमिका से मोबाइल पर तीखी बहस

# प्रेमिका ने शादी से किया इंकार तो प्रेमी ने स्कूटर खड़ी कर तालाब में लगा दी छलांग

### शीतला माता मंदिर की रेलिंग के पास कुछ देर खड़ा रहा, फिर अचानक बड़े तालाब में कूद गया

आत्महत्या से पहले परिजन से कहा वीआईपी रोड पर खड़ी एक्टिवा ले जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





तलैया थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर शीतला माता के मंदिर के पास सोमवार सुबह एक युवक ने एक्टिवा सड़क किनारे खड़ी की और तालाब में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक की लाश बाहर निकाल ली। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के बड़े भाई का कहना है कि उसका भाई एक युवती के साथ रिलेशन में था। अचानक युवती शादी से मुकर गई।

पुलिस ने बताया कि कोकता बायपास बिलखिरिया निवासी अमित साहू (22) बीकॉम ग्रेजुएट था और ओला में खुद की गाड़ी अटैच कर चलाता था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह एक्टिवा से वीआईपी रोड पहुंचा। एक्टिवा सड़क किनारे खड़ी करने के बाद शीतला माता मंदिर की रेलिंग के पास कुछ देर खड़ा रहा फिर अचानक उसने बड़े तालाब में छलांग लगा दी। घटना के समय कुछ लोग मौके पर मौजूद थे। उन्होंने पुलिस व वीआईपी रोड पर मौजूद गोताखोरों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद अमित की लाश पानी से बाहर निकाल ली गई।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह एक्टिवा से वीआईपी रोड पर पहुंचा था

### परिजन से भी हुई बात

थाना प्रभारी दीपक डेहरिया ने बताया कि अमित साहू ने तालाब में कूदने से पहले मोबाइल से अपने परिजनों को कॉल किया। उसने कहा कि एक्टिवा वीआईपी रोड पर शीतला माता के मंदिर के पास खड़ी है। आकर ले जाना। हालांकि परिजन ने उससे पूछने का प्रयास किया कि तुम कहां हो और क्या कर रहे हो, लेकिन उससे पहले ही अमित ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया था। इसके बाद उसका कॉल रिसीव नहीं हुआ।

### प्रेमिका के इंकार के बाद से तनाव में था अमित

सूचना मिलते ही अमित का बड़ा भाई रवि मौके पर पहुंच गया था। उसने बताया कि पिछले पांच-छह साल से अमित एक युवती के साथ रिलेशन में था। वह उससे शादी करना चाहता था। परिजन भी शादी के लिए तैयार थे, लेकिन कुछ दिन पहले युवती ने अचानक शादी करने से मुकर गई। प्रेमिका के इंकार के बाद से अमित तनाव में रहने लगा था। तालाब में कूदने से पहले भी मोबाइल पर उसकी प्रेमिका से काफी बहस हुई थी।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित महादेव नगर झुग्गी में रविवार दोपहर एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बीस साल पहले उनकी पत्नी का निधन हो चुका था। चारों बच्चों की शादी हो चुकी है। वह महादेव नगर झुग्गी में अकेले रहते थे और शराब पीने के आदी थे। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। सोमवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा गया। पुलिस के अनुसार रौनक मौरे महादेव नगर झुग्गी में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उसके 62 साल के चाचा राजाराम मौरे घर से कुछ दूरी पर अकेले रहते थे। चाची का निधन करीब बीस साल पूर्व हो चुका है। चाचा ने सभी बच्चों की शादी कर दी थी। वे सभी अपने अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। चाचा का खर्चा उनके बेटे उठाते हैं। रविवार दोपहर चाचा घर पर अकेले थे। इसी दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उन्होंने कमरे में फांसी लगा ली।

परिजन ने बागसेवनिया थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

## कार में मिला प्रॉपर्टी ब्रोकर का शव, तीन दिन से थे लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया जाहिर पीर गांव में बीजासन फार्म हाउस के पास सड़क पर खड़ी कार से प्रॉपर्टी ब्रोकर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश दो तीन दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज होने लगी थी। पुलिस ने एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

थाना प्रभारी रामबाबू शर्मा ने बताया कि कपिल शर्मा (45) संत आशाराम नगर, बागसेवनिया में रहते थे और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। इसके अलावा उनका इंटीरियर डेकोरेटिंग का भी काम था। पिपलिया जाहिर पीर सूखीसेवनिया में प्रेम जी यूनिवर्सिटी के पास से अंदर की तरफ बीजासन नाम से फार्म हाउस काटे जा रहे हैं। इसके अलावा आसपास अन्य कॉलोनियों में भी मकान बन रहे हैं। काम के सिलसिले में कपिल शर्मा का यहां आना-जाना था। वे 2-3 जुलाई को अपने दोस्त के साथ यहां पहुंचे थे। इसके बाद से लापता था। उनसे परिजन ने संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। 3 जुलाई को परिजन ने थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

### कॉलोनी के चौकीदार ने देखी कार में लाश

रविवार शाम कॉलोनी के चौकीदार ने कॉलोनी के पास कार को खड़े देखा था। कार लंबे समय से उसे खड़ी थी। वह पास पहुंचा तो उसने अंदर ड्राइवर सीट पर शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव पीएम के लिए मूर्चरी भेज दिया। पुलिस कार की तलाशी लेने पर अंदर शराब की बोतल, डिस्पोजल और अन्य सामान मिला है। पुलिस का कहना है कि उनके साथी से पूछताछ की तो उसने बताया कि शराब पीने के बाद कपिल ने उन्हें छोड़ दिया था।

### शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि एफएसएल की टीम को बुलाकर जांच कराई गई थी। कपिल शर्मा के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। शव दो से तीन दिन पुराना होने के कारण डिकंपोज होने लगा था। निरीक्षण में हत्या जैसे कोई प्रमाण नहीं मिले है। परिजन ने बताया कि कपिल शर्मा की शुगर काफी ज्यादा बढ़ी रहती थी और साथ ही ब्लड प्रेशर भी बढ़ा रहता था। अनुमान है कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पैसों की मांग और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर महिला ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

## ट्यूटर ने महिला से दुष्कर्म कर किया वीडियो से ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



ऐशबाग थाना क्षेत्र में 35 साल की महिला से दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर पैसों की डिमांड करने का मामला सामने आया है। दरअसल, आरोपी महिला के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने घर आता था। इस दौरान उसने छिपकर महिला के पर्सनल फोटो व वीडियो बना लिए। इसी फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उससे दुष्कर्म करने लगा था। करीब एक महीने तक महिला को ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण किया। इस बीच उसने फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिए और फिर पैसों की मांग करने लगा। परेशान होकर महिला ने पति को सारा घटनाक्रम बताया और थाने जाकर ब्लैकमेलिंग व दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया।

पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 35 साल की महिला गृहणी है। वह पति व बच्चों के साथ रहती हैं। शहादत मिर्जा नामक युवक उनके बच्चों का ट्यूशन पढ़ाने आता था। पिछले दिनों शहादत मिर्जा ने छिपकर उनके पर्सनल फोटो और वीडियो अपने मोबाइल से बना लिए और उन्हें दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने धमकी दी कि यदि उसकी बात नहीं मानी तो फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

आरोपी ने महिला के घर में ही उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद भी आरोपी ने कई बार ब्लैकमेल करते हुए महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। आखिरी बार आरोपी ने 3 जून को महिला से दुष्कर्म किया। इस बीच आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए। आरोपी की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर पीड़ित ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। घटना के बाद से शहादत मिर्जा फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

वन्यप्राणियों के अंगों की म्यांमार तक करता था तस्करी

## अंतरराष्ट्रीय रैकेट में शामिल बाघ का शिकारी हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की जबलपुर यूनिट ने अंतरराष्ट्रीय रैकेट में शामिल एक तस्कर को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। तस्कर बाघ का शिकार कर उसकी खाल और हड्डियों को असम में विक्रय करता था। यहीं नहीं, आरोपी वन्यप्राणी जीव के अंगों को म्यांमार के रास्ते अन्य देशों में पहुंचाता था। पकड़े गए तस्कर की पहचान सोनू सिंह पिता रंजीत सिंह बावरिया निवासी हरियाणा के रूप में हुई है।

दरअसल, बालाघाट में हुए बाघ के शिकार मामले में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की जबलपुर युनिट ने 18 फरवरी को एक प्रकरण दर्ज किया था, जिसमें 4 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसटीएसएफ ने आरोपी सोनू को पकड़कर हिमाचल प्रदेश की स्थानीय अदालत में प्रस्तुत किया गया। यहां से उसका ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे मध्यप्रदेश लाया गया। इसके बाद आरोपी को सोमवार को जिला अदालत जबलपुर में पेश कर फारेस्ट रिमांड पर लिया गया। वन्यप्राणी जीव अंगों की तस्करी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर उससे पूछताछ जारी है। आरोपी से रेकेट में शामिल और लोगों का भी खुलासा हो सकता है।

### कोर्ट ने खारिज की आरोपी की जमानत

इधर, इसी मामले में पकड़े गए आरोपी जामखानकाप निवासी थुम्बई जिला आइजोल की जमानत याचिका सत्र न्यायालय जबलपुर द्वारा खारिज की जा चुकी है। वर्तमान में इस मामले के चार आरोपी जिला जेल चंद्रचूर महराष्ट्र में बंद है। इस मामले में एसटीएसएफ की विवेचना अभी जारी है। हाल ही में एसटीएसएफ की सटीक विवेचना के कारण अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को न्यायालय ने 5 वर्ष की सजा सुनाई थी। इस मामले में एसटीएसएफ की इस कार्यवाही की सराहनी इंटरपोल ने भी की थी, वहीं राज्य सरकार ने उत्कृष्ट काम करने वाले एसटीएसएफ के अधिकारियों कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

## अशोकनगर पहुंचकर सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हों कार्यकर्ता

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कांग्रेस कार्यालय में बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया कि भोजपुर विधानसभा के सभी कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में अशोकनगर पहुंच कर सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हों, जिससे अन्याय के खिलाफ हमारे सभी वरिष्ठ नेता लड़ सकें। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्षद राजेश खटीक, हरजीत सिंह मंगू, उत्तम यादव, संजय सिंह चौहान, कमलेश लोधी, दुर्गेश यादव, परेश नागर, पंकज नागरानी, अमित मौनी नागर, अनिल प्रजापति सहित आसपास के गणमान्य लोग भी शामिल थे।

### विधायक पटवा के निवास पर आयोजित किया गया कार्यक्रम, बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

# पूर्व सीएम स्व. सुंदरलाल पटवा की पत्नी फूल कुंवर पटवा के 95वें जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उपमुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज











मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की धर्मपत्नी और भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा कि माता श्रीमती फूल कुंवर पटवा के 95वें जन्म दिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पटवा के निवास पर पंहुच कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, रायसेन के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री राम लखन पटेल, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मंत्री कृष्णा गौर, राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी, पूर्व मंत्री विधायक प्रभु राम चौधरी, विधायक रामेश्वर शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, रायसेन के भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा मध्य प्रदेश कार्यालय के मंत्री राघवेंद्र शर्मा, पूर्व मंत्री दीपक जोशी, भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी आदि ने बधाई दी एवं उनसे आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर भोजपुर क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रीमती फूल कुंमार पटवा बाई जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं एवं पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठरी, देवेंद्र सिंह राजू, दीपू परमार, अंकित अग्रवाल, बागिश अग्रवाल, माधव यादव, कांता पटेल, पवनजोत सिंह, तामोट के जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामपाल चौहान, बाबूलाल नरेश सेठी, रामकिशोर चौहान, सुरजीत सिंह बिल्ले, पुरुषोत्तम शर्मा, नंदू शर्मा, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष माया राय, पार्षद भारती शेती, हेमलता मनोज चौरसिया, पार्षद सना ममनून, वरिष्ठ नेत्री राधा कुशवाहा, आरती यादव, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, माखन सेन, सोनू चौकसे, आमिर ममनून आदि ने शुभकामनाएं दी।

# शहर के नन्हें मुन्ने बच्चों ने बनाई थ्री फ्लेवर ओसियन चॉकलेट

## ब्राउन और व्हाइट चॉकलेट के बीच लगाते हैं स्ट्रॉबेरी फ्लेवर चॉकलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोमवार 7 जुलाई को वर्ल्ड चॉकलेट डे के अवसर पर दीपिका खेमानी द्वारा शहर के नन्हें मुन्नों के लिए चॉकलेट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस वर्कशॉप में शहर के करीब 200 से अधिक बच्चों ने शिरकत की जिनकी उम्र 3 साल से लेकर 12 साल थी। और इन्होंने अपने हाथों से अलग-अलग फ्लेवर की चॉकलेट बनाई। दीपिका ने बताया कि इस वर्कशॉप में बच्चों ने कप केक, चॉकलेट केक के साथ-साथ ओसियन बार भी बनाई है। उन्होंने बताया कि थ्री फ्लेवर वाली इस ओसियन बार की खासियत है कि इसको देखकर ओसियन जैसी ही फीलिंग आती है और इसके ऊपर कोई ना कोई एनिमल कैरेक्टर लगा दिया जाता है जिससे यह ओर भी अट्रैक्टिव लगती है।




*वर्ल्ड चॉकलेट डे पर दीपिका ने किया बच्चों के लिए चॉकलेट वर्कशाप का आयोजन*





दीपिका ने कहा कि इस ओसियन बार को बनाने के लिए सबसे पहले बेस में ब्राउन कलर की चॉकलेट लगाते हैं जिससे सेंड या फिर रेत का लुक आए, उसके बाद व्हाइट कलर की चॉकलेट को ऐड किया जाता है क्योंकि आसमान का रंग सफेद नजर आता है और इसके बीच में एक पिंक कलर की चॉकलेट फ्लेवर की लाइन ऐड की जाती है ताकि इनके बीच में एक गैप भी दिखाई दे। इसके ऊपर टॉय लगाने का भी अब काफी ट्रेंड है। जिससे यह चॉकलेट बच्चों को काफी पसंद आती है, इन टॉयस में हेलो किटी, मिकी माउस, मिनी माउस जैसे खिलोने शामिल है। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉबेरी, मिल्क और व्हाइट चॉकलेट के रूप में यह तीन फ्लेवर वाली ओसियन चॉकलेट बनती हैं, जो बच्चों को बेहद पसंद आती हैं।




## होम डेकोर से लेकर ग्लैमरस रैंप वॉक में शहर के डिजाइनर्स कर रहे सस्टेनेबिलिटी को प्रमोट

# किसी ने बचे कपड़ों की कतरनों से बनाई डिजाइनर ड्रेसेस तो किसी ने डिकूपाज करके बनाई एक्सपेंसिव क्रॉकरी और फैशनेबल आइटम

## पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में फैशन डिजाइनर और आर्टिस्ट का महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या इतनी विकराल हो चुकी है कि लोग पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में हरसंभव काम करना चाहते हैं। फिर वो गार्बेज कलेक्शन में पर्यावरण संरक्षण हो या प्लास्टिक वेस्ट को रिसाइकिल करके रियूज करने की राह हो। सस्टेनेबल एनवायरमेंट प्राप्त करने के लिए हमें सस्टेनेबिलिटी को अपनना होगा और सस्टेनेबिलिटी को इसी रूप में अपना रहे हैं शहर के डिजाइनर्स। जिसमें किसी ने कपड़ों की बची हुई कतरनों से डिजाइनर ड्रेसेस बनाई और उन्हें फैशन शो में रिप्रजेंट किया, जिसमें टॉप मॉडल्स ने इन डिजाइनर ड्रेसेस को पहना और रैंप वॉक की। वहीं किसी ने बची हुई कपड़ों की कतरनों और वेस्ट पेपर को 'डिकूपाज' करके एक्सपेंसिव क्रॉकरी और फैशनेबल आइटम बनाए ताकि बचे हुए कपड़ों को रीयूज किया जा सके। इन डिजाइनर्स का उद्देश्य बचे हुए फेब्रिक की वजह से पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ साथ सस्टेनबेल फैशन को प्रमोट करना भी है ताकि इनसे लोग प्रेरणा लें।

**मॉडल भी इनका कर रहीं प्रदर्शन**



**देश की टॉप मॉडल्स**

### कतरनों से बनी डिजाइनर ड्रेस पहनकर किया रैंप वॉक

उन्होंने कहा कि बाग प्रिंट की खासियत होती है कि इसमें एक बॉर्डर प्रिंट होता हैं और एक बॉर्डर हमेशा बच जाता है तो हम इसका प्रयोग किसी भी ड्रेस की बॉर्डर बनाने में कर सकते हैं और क्योंकि मैं डिजाइनर हूं कई ड्रेस डिजाइन की हैं तो उनकी कतरन भी हमेशा पड़ी ही रहती थीं और मुझे लगता था जब हम सस्टेनेबिलिटी की बात करते हैं तो हर जगह इसका प्रयोग करना चाहिए और फिर मैंने इन्हीं कतरनों, चिंदियों, वेस्ट फेब्रिक और बाग प्रिंट की बॉर्डर के प्रयोग से कई डिफरेंट डिजाइनर ड्रेसेस बनाई जिसमें मेरा पहला डिजाइनर कलेक्शन स्कर्ट था जिसे डिंपल पटेल ने पहना था। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुंबई में हुए फैशन शो में मैंने इन्हीं कतरनों से डिजाइनर ड्रेसेस बनाई। जिन्हें भारत की टॉप मॉडल्स ने पहनकर रैंप वॉक की और दर्शकों के खूब तारीफ बटोरीं।



## सस्टेनेबल फैशन की राह में आगे बढ़े

भारत की पहली मिस ग्लोब डिंपल पटेल ने पहनी कतरनों से बनी डिजाइनर ड्रेस शहर के जाने माने फैशन डिजाइनर मुमताज खान ने हाल ही में मुंबई में हुए एक फैशन शो में अपनी डिजानर ड्रेसेस को रिप्रजेंट किया, जिसमें मुमताज ने कपड़ों की कतरनों से इन डिजाइनर ड्रेसेज को ग्लैमरस लुक दिया, जिन्हें टॉप मॉडल्स ने पहनकर रैंप वॉक की और इन ड्रेसेस को दर्शकों द्वारा काफी पसंद भी किया गया। मुमताज ने कहा कि करीब तीन सालों से मैं कपड़ों की बची हुई कतरनों से डिजाइनर ड्रेसेस बनाता आ रहा हूं, जिसमें मैंने इन्हीं कतरनों से भारत की पहली मिस ग्लोब डिंपल पटेल के लिए एक स्कर्ट तैयार किया तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ कि यह ड्रेस बचे हुए कपड़ों के पीसेस या कतरनों से बनी है।







### बाग, अजरक, ब्लाक प्रिंट और फ्लोरल प्रिंट कपड़ों की कतरनों को किया डिकूपाज बनाए एक्सपेंसिव आइटम

वहीं, शहर की कॉस्ट्यूम डिजाइनर तमसील खान ने बचे हुए फेब्रिक और पेपर को डिकूपाज करके उससे नए ट्रेंडिंग और खूबसूरत आइटम बनाए। तसलीम ने कहा कि डिकूपाज एक ऐसी तकनीक है जिसमें विभिन्न प्रकार के कागजों, जैसे कि टिश्यू पेपर, स्क्रैपबुक पेपर, या प्रिंटेड पेपर के साथ ही कपड़ों की कतरनों को काटकर, उन्हें एक सतह पर ग्लू की मदद से चिपकाया जाता है। इस सतह को फिर वार्निश या अन्य सुरक्षात्मक कोटिंग से सील कर दिया जाता है। जिससे यह कोटिंग हमेशा के लिए बनी रहती है और डिकूपाज तकनीक से बना आयटम लंबे समय तक टिका रहता है।



## कपड़े की कतरनों से बनाए लेडीज बैग, पर्स, कैंडल स्टैंड और क्रॉकरी

तमसील ने कहा कि बाग, अजरक, ब्लाक प्रिंट और फ्लोरल प्रिंट के कपड़ों को डिकूपाज करके मैंने होम डेकोर की विशाल श्रृंखला तैयार की है। उन्होंने कहा कि मैं एक डिजाइनर हूं तो जब भी कोई नई ड्रेस डिजाइन करती तो काफी कपड़ा बच जाता, जो या तो यूं ही फेंक दिया जाता या इधर उधर पड़ा रहता, ऐसे में मुझे डिकूपाज तकनीक के बारे में पता चला और मैं इस बचे हुए फेब्रिक को रीयूज करके नया आइटम बनाने लगी। करीब 10 सालों से डिकूपाज तकनीक द्वारा ढेरों आइटम बनाने वाली तमसील ने कहा कि सस्टेनेबल फैशन के लिए कपड़ों की बची हुई चिंदियों या वेस्ट फेब्रिक को इस तकनीकि से प्रयोग करके कुछ नया रुप दिया जा सकता है। तमसील ने कहा कि मैंने इस तकनीकि से न केवल लेडीज बैग, पर्स, कैंडल स्टैंड, फ्लावर वॉल, डेकोरेटिव पॉट को नया रुप दिया बल्कि काफी मग, कप प्लेट और क्रॉकरी को भी नए व एक्सपेंसिव रुप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने फ्रेंड सर्कल में और अन्य अवसरों पर ज्यादातर डिकूपाज से बने आइटम ही गिफ्ट करती हूं, जिससे लोग सस्टेनेबल फैशन के लिए प्रेरित हों और फैशन को भी एक नया रूप मिले।









### डिकूपाज से बना नया प्रोडक्ट हो जाता है और भी सुंदर, डयूरेबल, एक्सपेंसिव

तमसील ने कहा कि यह तकनीक नई नहीं है बल्कि काफी प्राचीन है, लेकिन आज पर्यावरण की समस्या इतनी विकराल हो गई है कि इस तकनीक का प्रयोग अमूमन सभी फैशन डिजाइनर्स को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने डिकूपाज से केवल फैशनेबल आइटम्स ही नहीं बनाए, बल्कि अपने घर में मौजूद डाइनिंग टेबल को भी नया रूप दिया। इससे पर्यावरण भी प्रदूषित होने से बच जाता है और एक नया व सुंदर आइटम बनकर तैयार होता है जो पहले वाले आयटम से काफी सुंदर, डयूरेबल, एक्सपेंसिव और अट्रेक्टिव भी हो जाता है। क्योंकि डिकूपाज अपने आप में टाइम टेकिंग और महीन काम है जिसे करने में कई दिन लग जाते हैं।

## डॉ. नरेश कुमार तिवारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**भोपाल।** देश के प्रख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं सामाजिक चिंतक डॉ. नरेश कुमार तिवारी, कुलगुरु सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, रायसेन को उनके अद्वितीय एवं निरंतर योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान देहरादून में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स उत्तराखंड, सामाजिक सुधार एवं उच्च शिक्षा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट तथा नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। डॉ. तिवारी विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक जीवंत प्रेरणा तथा उच्च शिक्षा और सामाजिक विकास के नवाचारशील मार्गदर्शक माने जाते हैं। उन्होंने अपनी सेवा के 36 वर्षों में शिक्षा, अनुसंधानए विज्ञान प्रसार एवं संस्थागत नेतृत्व में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डॉ. तिवारी को केवल पद नहीं, उनके कार्यों से भी विशेष पहचान मिली है।

### सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



## शहर को स्वच्छ,प्रदूषण मुक्त बनाने चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के सामाजिक परस्पर सहयोग और जीव दया की भावना से कार्य कर रहे सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ के मिलन समारोह में पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया, राजधानी के समीप तीर्थ क्षेत्र समसगढ़ में भगवान आदिनाथ की मूलनायक प्रतिमा के सभी सदस्यों में दर्शन किया और सभी के मंगल मय जीवन की कामना की, महिला सदस्यों ने मंगलाचरण किया। ग्रुप के अध्यक्ष मनोज जैन मन्नू ने बताया हमारी सामाजिक जवाबदारी का



निर्वहन करने के लिए ग्रुप के सदस्य भोपाल को स्वचछ और सुंदर बनाने के अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। इसके लिए मंदिर और सामाजिक स्थलों पर पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण के साथ-साथ स्वच्छ भोपाल के लिए लोगों को जागरूक करने जन जागरण अभियान चलाएंगे।

## वनवासी समाज के उत्थान के लिए एकल अभियान पर विस्तृत चर्चा

### वनबंधु परिषद की वार्षिक साधारण सभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वनवासी समाज में शिक्षा, संस्कार और आत्मसम्मान का दीप जलाने वनबंधु परिषद के भोपाल चैप्टर ने एक निजी होटल में वार्षिक साधारण सभा का सफल आयोजन किया। अध्यक्ष इंजी. संजीव अग्रवाल ने परिषद की 37 वर्षों की सेवायात्रा का उल्लेख किया और बताया कि परिषद वर्तमान में देश के 50,000 से अधिक वनवासी ग्रामों में शिक्षा, संस्कार और स्वाभिमान का कार्य कर रही है। नगरीय क्षेत्रों में समाज से संसाधन जुटाकर इन विद्यालयों को और सशक्त बनाना है।

### वार्षिक गतिविधियों की प्रस्तुति

सभा में संगठन सचिव पीके दुग्गल ने वर्ष 2024-25 की प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण साझा किया। उपाध्यक्ष अजय छाजेड़ ने आर्थिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पारदर्शिता और विश्वास को संगठन की रीढ़ बताया। महिला समिति की सचिव संगीता पलोड ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा दिया। एफटीएस युवा समिति की संरक्षक अपर्णा बंसल ने युवा समिति की मासिक गतिविधियों का विवरण गत वर्ष की रिपोर्ट में देते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रदान किए गए सम्मानों एवं पुरस्कारों की जानकारी भी साझा की।

**शैक्षणिक भ्रमण पर निकले छात्र**

## आईईएचई के विद्यार्थियों ने किया एआईसी आरएनटीयू इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन के विद्यार्थियों ने सोमवार को रबिन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर उद्गम एवं सविष्कार, मध्य भारत द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरएनटीयू द्वारा विद्यार्थियों को आज की अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप्स की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट, जोखिम लेने की क्षमता और विकास रणनीतियों पर केंद्रित संवाद किया तथा विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यावसायिक मॉडल में बदलने के लिए प्रेरित किया।




### रिसर्च, प्रशिक्षण के क्षेत्र में संयुक्त रूप से करेंगे कार्य

## आरएनटीयू और जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) और जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च संस्थान के मध्य एक महत्वपूर्ण सहयोग ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ।

इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल की ओर से ओमप्रकाश पंथी, और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की डॉ. संगीता जौहरी ने हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान नागेश सोनी, प्रशासक, पैरामेडिकल, डॉ. सीपी मिश्रा, डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज़, डॉ. दुर्गा पांडे, प्राचार्य, फार्मेसी विभाग, डॉ. डेसी थॉमस, प्राचार्य, नर्सिंग विभाग एवं डॉ. अविनाश सिंह एचओडी, पैरामेडिकल विभाग उपस्थित रहे।



# जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिए: धनखड़

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक जज के आवास से भारी नकदी मिलने की घटना को न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी बताया और इसकी आपराधिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज न होना चिंता का विषय है।

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में एक जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस घटना की तुलना 'आइड्स ऑफ मार्च' से की। आइड्स ऑफ मार्च रोमन कैलेंडर में 15 मार्च की तारीख को कहा जाता है। यह इतिहास में इसलिए प्रसिद्ध है, क्योंकि 44 ईसा पूर्व इसी तारीख पर रोम के सम्राट जूलियस सीजर की हत्या कर दी गई थी। उन्हें उनके ही भरोसेमंद साथियों ने धोखे से मार दिया था। इसलिए, आइड्स ऑफ मार्च अब धोखाधड़ी, षड़यंत्र और विश्वासघात का प्रतीक है।

**उपराष्ट्रपति ने बताई कार्यवाही नहीं हो पाने की वजह**

**1990** के दशक की व्यवस्था एफआईआर में बन रही बाधक

**बोले-** न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी

## शुरू से ही आपराधिक मामला मानना था



धनखड़ ने कहा कि अगर वहां नकदी मिली है, तो शासन प्रणाली को तुरंत हरकत में आना चाहिए था। सबसे पहला कदम इसे आपराधिक मामला मानना, दोषियों का पता लगाना और उन्हें न्याय के कटघरे में लाना होना चाहिए था। कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और संकाय को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि जिस तरह जज के घर नकदी मिली, वह न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी है। उन्होंने बताया कि 14-15 मार्च की रात भारी मात्रा में नकदी मिलने की बात आधिकारिक रूप से मानी गई, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। उन्होंने चिंता जताई कि इस मामले को शुरुआत से ही आपराधिक मामला माना जाना चाहिए था।

## अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज



जस्टिस वर्मा ने सभी आरोपों से इनकार किया है और इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति को अपना जवाब भी सौंपा है। हालांकि, इसके बावजूद उनके न्यायिक कार्यों पर रोक लगाई गई और बाद में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने वहां के चीफ को निर्देश दिया है कि फिलहाल उन्हें कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए। इस मामले की जांच कर रही समिति ने अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

**प्राथमिकी दर्ज नहीं होने में हैं अड़चन**

धनखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर कार्रवाई करने में असमर्थ है, क्योंकि 1990 के दशक की एक सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुसार, इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती, जब तक कि कुछ विशेष प्रक्रियाएं पूरी न हो जाएं। खबर है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

## मुद्दे की जड़ तक जाना जरूरी: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा का नाम लिए बिना कहा कि अगर धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह जानना बेहद जरूरी है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी जज के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह पैसा आखिर किसका है? इस पूरे मामले में कई दंडात्मक प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा,मुझे उम्मीद है कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमें इस मुद्दे की जड़ तक जाना होगा। लोकतंत्र में यह बेहद महत्वपूर्ण है। हमारी न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास अडिग है। आज इस घटना की वजह से उसकी नींव डगमगा गई है।

## खबर संक्षेप

### मनसे पर सख्त कार्रवाई करें: मंत्री अठावले



**मुंबई।** हिंदी न बोलने वाले की पिटाई का मामला गरमाता नजर आ रहा है। इसकी चौतरफा निंद हो रही है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे की हालिया टिप्पणियों की आलोचना की है और उन्हें 'दादागिरी' को बढ़ावा देने वाला बताया और एमएनएस कार्यकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### होटलों के लिए संजीवनी बनी अमरनाथ यात्रा



**जम्मू।** करीब दो महीने से बंद पड़े होटलों के ताले अब यात्रियों ने खोल दिए हैं। होटल व्यवसायियों ने भी इस मौके को भुनाने के लिए आकर्षक ऑफरों की बौछार कर दी है। पहलगाम, सोनमर्ग, अनंतनाग और चंदनबाडी के होटलों में 20 से 35% तक की छूट दी जा रही है। कई होटल मुफ्त ब्रेकफास्ट, लंच या डिनर दे रहे हैं।

### छह राजनैतिक दलों को चुनाव आयोग का नोटिस




**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में बीते छह साल से निष्क्रिय छह पंजीकृत राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये सभी वे दल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक छह वर्षों में एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है और जिनके कार्यालयों का कोई भौतिक पता भी नहीं मिल पाया है।

### 750 करोड़ ठगने वाला दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** देशभर में लोन एप का जाल फैलाकर 750 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने के आरोपी चार्टर्ट अकाउंटेंट (सीए) अभिषेक अग्रवाल को दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया है। उत्तराखंड एसटीएफ ने पकड़ा, जब वह थाईलैंड भागने की फिराक में था।

### पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या



**पूर्णिया।** एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। रविवार रात से सभी लापता थे। सोमवार शाम को सभी की बॉडी मिली। लाशें घर से डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब में मिलीं। जिन्हें जलाने के बाद अलग-अलग बोरों में भरकर जलकुंभियों के बीच छिपाया गया था। मृतकों में बाबूलाल उरांव, उनकी पत्नी, मां, बहू और बेटा शामिल है। बाबूलाल के बेटे सोनू ने बताया कि मेरे सामने ही पूरे परिवार को मारा गया है। रविवार की रात 10 बजे अचानक 50 लोग घर पर आ गए और मेरी मां सीता देवी को डायन बताकर बांस से पीटने लगे।

## कर्नाटक में फेल हुई राहुल गांधी की खटाखट इकॉनोमी, सरकार की आर्थिक हालत खस्ता

# किसान ने कहा-सड़क चाहिए, कर्नाटक के वित्त सलाहकार बोले-तो हम 'गारंटियां' बंद कर देंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पांच गारंटियां देना अब अखरने लगा है। राज्य अर्थव्यवस्था खराब हो रही है और राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपनों के निशाने पर आ गए हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी इसे लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने संकेत दिए हैं कि राजधानी बेंगलुरु में वाटर टैरिफ यानी पानी पर टैक्स बढ़ाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जिन्होंने बेंगलुरु जल बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) सहित विभिन्न बोर्डों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पानी की दरों में बढ़ोतरी के कदम को खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों से पानी की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं।

> कर्नाटक में तमाम वादों के साथ कांग्रेस ने सरकार तो बना ली लेकिन अब फ्रीबी राज्य सरकार के लिए गले की हड्डी बन गई है

### खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं

**वेतन न मिलने की शिकायतें**



डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, देखिए, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद, सब कुछ बढ़ गया है। बिजली की दरें आसमान छू रही हैं। सत्ता में आने के बाद, हमने एक तरह से बिजली की दरें कम कर दी हैं। पहले बिल 35 करोड़ आता था, और अब बिजली का बिल 75 करोड़ है। हमने वेतन में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। वेतन न मिलने की शिकायतें हैं।

### प्रति वर्ष 1000 करोड़ से अधिक का घाटा

डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने के बाद बिजली की दरों में एक तरह से कमी की है, बावजूद इसके कि बिल बढ़ रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सब कुछ मुफ्त में नहीं चलाया जा सकता। परिचालन लागत में बढ़ोतरी की तरफ इशारा करते हुए, डिप्टी सीएम ने कहा कि बीडब्ल्यूएसएसबी को चलाने के लिए पानी की दरों में बढ़ोतरी संभव है कि किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ समय से इसे प्रति वर्ष 1000 करोड़ से अधिक का घाटा हो रहा है।

### दिवालिया हो रही कर्नाटक सरकार: केंद्रीय मंत्री जोशी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी ने इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर दिवालिया होने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा है, बसवराज राय रेड्डी ने कहा है कि अगर आप अपने गांव या तहसील में सड़क चाहते हैं, तो (चुनावी) गारंटी नहीं मिलेगी। इधर भी एक विधायक ने ऐसा ही बयान दिया है कि आपको गारंटी दिया गया है इसलिए सड़कें वगैरह नहीं बना सकते। स्वयं राज्य के गृह मंत्री ने बोला है कि उनके पास पैसा नहीं है। जोशी ने आगे कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि राज्य सरकार दिवालिया हो गई है और वो न तो ठीक से गारंटी दे पा रही है और न ही सड़कें बना रही है। इसको लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

### सीएम सिद्धारमैया को देनी पड़ी सफाई

मामले पर बवाल मचने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा है,गारंटी योजनाओं को बदलने का सवाल ही नहीं है। ये गरीबों और सभी जातियों के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं। इनका उद्देश्य गरीबों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इसलिए इन्हें बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। इस बार, हम गांव की सड़कों सहित अन्य सड़कों के लिए विधायकों को कुछ धन आवंटित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भाजपा और जेडी(एस) विधायकों को भी विकास कार्यों के लिए अनुदान दिया जाएगा।

### सड़क चाहिए तो अनाज की मांग छोड़ दें: बसवराज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वित्त सलाहकार बसवराज राय रेड्डी के एक बयान ने राज्य में बवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लोगों को अगर सड़कें चाहिए तो चुनावी गारंटी के रूप में अनाज की मांग छोड़नी पड़ेगी. बसवराज मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार और कांग्रेस विधायक हैं। बसवराज रेड्डी अपने निर्वाचन क्षेत्र येलबुर्गा में एक स्कूल के भवन के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कन्नड़ भाषा में कहा,अगर आप ये कहें कि आपको चावल या कुछ और नहीं चाहिए, और सिर्फ गांव की सड़कें बनवानी चाहिए, तो हम वो भी करेंगे। मैं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सलाह दूंगा कि वो ये सब (अनाज) देना बंद करें। क्योंकि लोग ऐसा ही करने को कह रहे हैं। क्या मुझे उन्हें ये बताना चाहिए? मैं सुझाव के साथ मुख्यमंत्री को आपका नाम भी बताऊंगा।

## यमुनोत्री में ओजरी का पुल बह गया



# बद्रीनाथ मार्ग ठप, हिमाचल की 269 सड़कें भी बंद

◆ *हिमाचल में 19 बार बादल फटे, 23 बार बाढ़ आई और अब तक 82 लोगों ने जान गंवाई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में मानसून पूरी तरह से एक्टिव है और सभी राज्यों में बारिश का दौर चल रहा है। भारी बारिश के चलते आवागमन प्रभावित हुआ है। दिल्ली के एनएच-48 पर कई जगह दो-दो किमी लंबा जाम लगा है। गाड़ियां घंटों से फंसी हुई हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते बद्रीनाथ मार्ग कई जगहों पर बंद हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तेज बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके का पुल नदी में बह गया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। बदरीनाथ हाईवे पर भी नंदप्रयाग और कर्णप्रयाग के बीच भारी मात्रा में मलबा आ गया है, जिससे हाईवे अवरुद्ध हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने गाड़ियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया है। मलबा हटाने का कार्य जारी है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से इसमें कठिनाई आ रही है। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई के बीच बादल फटने की 19 घटनाएं हुईं। 23 बार बाढ़ और 19 बार लैंडस्लाइड हुए। 269 सड़कें बंद हैं। बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भी लगातार बारिश हो रही है।

### चंबा में प्रशासन सतर्क

चंबा के एसडीएम प्रियांशु खाती ने लोगों से अपील की है कि वो अनावश्यक रूप से नदी-नालों के पास न जाएं और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, लेकिन आम जनता की सजगता भी बेहद जरूरी है। एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने कहा, सभी जानते हैं कि ये मानसून का सीजन है और इस दौरान लगातार बारिश हो रही है। हमने प्रशासनिक अधिकारियों को कई निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से कहा है कि वो ये देखें कि लोग खड्ड के आसपास नहीं जाएं। जो लोग खड्ड के आसपास बसेरे बना लेते हैं, उन्हें रोकने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## मैंने ब्लड दान कराया, शांति मार्च निकाला

# 84 के दंगों में सज्जन कुमार ने खुद को बताया बेगुनाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुई हिंसा के संबंध में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का बयान सोमवार को दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने कुमार का बयान दर्ज किया। कुमार ने कहा कि वह निर्दोष है क्योंकि उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। कुमार ने दावा किया कि निष्पक्ष जांच नहीं की गई और उसे निराधार आरोप लगाकर फंसाया गया। कुमार ने कहा,किसी भी गवाह ने मेरा नाम नहीं लिया। दशकों बाद मेरा नाम सामने आया। मामला झूठा और राजनीति से प्रेरित है। मैंने इलाके में सद्भाव पैदा करने के लिए रक्तदान शिविरों और शांति मार्च का आयोजन किया। मेरा लाइव डिटेक्टर परीक्षण किया गया।

## स्टालिन सरकार ने किया बदलाव

# 'छात्रावास' अब सामाजिक न्याय छात्रावास कहलाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने घोषणा की कि स्कूल और कॉलेज के निर्धन विद्यार्थियों के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रावास अब 'सामाजिक न्याय छात्रावास' कहे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रमुक शासन में लैंगिक पहचान या जाति सहित किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने यहां एक बयान में कहा, तमिलनाडु में स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए विभागों द्वारा संचालित किए जा रहे छात्रावासों को अब से सामाजिक न्याय छात्रावास कहा जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने जाति को संदर्भित शब्द कॉलोनी को आधिकारिक अभिलेखों से हटा दिए जाने की राज्य विधानसभा में घोषणा की थी।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा

# मक्के का उत्पादन 2047 तक दोगुना कर 86 मिलियन टन से अधिक करना भारत का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि कृषि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान अर्थव्यवस्था की आत्मा हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी नीति देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ, किसानों की आमदनी को बढ़ाना और खेती को लाभकारी बनाना है। फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 90 के दशक में



मक्के का उत्पादन 10 मिलियन टन था, जो बढ़कर लगभग 42.3 मिलियन टन तक पहुंच चुका है। वहीं, विकसित भारत के संकल्प के साथ मक्के का उत्पादन 2047 तक बढ़कर 86.10 मिलियन टन तक पहुंच सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में औसत मक्का उत्पादन 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है।

### लैब और लैंड की दूरी को खत्म करेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस अभियान के तहत करीब 11 हजार वैज्ञानिक 60 हजार से ज्यादा गांवों में पहुंचे। हमने देखा कि उत्पादन खेत में बढ़ता है और वैज्ञानिक लैब में काम कर रहे हैं। किसान अलग काम कर रहा था, वैज्ञानिक अलग काम कर रहा था। हमने तय किया कि लैब और लैंड की दूरी को खत्म कर इन्हें जोड़ने का काम किया जाएगा।

## हिंदू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर होगी चर्चा

# शताब्दी वर्ष में हर गांव-हर घर तक पहुंचेगा संघ, देशभर में होंगे हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और शहरी क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन करेगा। हर गांव- हर घर तक संघ पहुंचेगा। हिंदू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा होगी। इसी प्रकार समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11360 खंडों/नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। केशव कुंज दिल्ली में सोमवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक (04, 05, 06 जुलाई) रविवार को संपन्न हुई। सोमवार को केशव कुंज में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने तीन दिवसीय बैठक के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ।

**खास बातें**

- तीन दिवसीय बैठक में हुई चर्चा से आंबेकर ने पत्रकारों को कराया अवगत
- विभिन्न प्रांतों में चल रहे कार्य, अनुभव व प्रयासों को लेकर चर्चा हुई
- तीन दिवसीय प्रांत प्रचारक बैठक में संघ कार्य विस्तार, शताब्दी वर्ष योजना



### विजयादशमी से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा

सुनील आंबेकर कहा कि वृहद गृह संपर्क अभियान के तहत हर गांव, हर बस्ती के अधिकतम घरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। विजयादशमी उत्सव से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा।

### इस संदेश को कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे

उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। लेकिन केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बना रहे, पंच परिवर्तन के इन विषयों को समाज तक लेकर जाएंगे। इस संदेश को शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे। इसके बारे में समाज सोचता है और उसमें सहभागी होता है तो हमारी यह प्रगति एकतरफा नहीं होगी और वह सर्वसमावेशी होगी, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेगी। आंबेकर बताया कि तीन दिवसीय प्रांत प्रचारक बैठक में संघ कार्य विस्तार, शताब्दी वर्ष योजना, विभिन्न प्रांतों में चल रहे कार्य, अनुभव व प्रयासों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही समाज जीवन के विभिन्न समसामयिक विषयों के संदर्भ में भी चर्चा हुई। बैठक में मणिपुर की वर्तमान स्थिति, स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्य और सामाजिक सद्भाव के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में भी चर्चा हुई। स्वयंसेवकों के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

## नियंत्रक सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही, सैन्य उत्पादों की मांग बढ़ी

*रक्षा मंत्री ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए, हम सभी को रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए, और कारण यह है कि पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में कई पूंजी निवेश किए जा रहे हैं*

**2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया**

**रक्षा व्यय को सही तरीके से, सही उद्देश्य के लिए सही समय पर उपयोग करें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ द्वारा आयोजित नियंत्रक सम्मेलन कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो वीरता दिखाई है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने नियंत्रक सम्मेलन आयोजित किया है, लेकिन मुझे लगता है कि आपका दिमाग खुला और ग्रहणशील होना चाहिए। इस विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर हिसाब-किताब संभालना नहीं है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था का भी अहम हिस्सा है।



### हमारा रक्षा बजट कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि आप हमारे रक्षा बजट को देखें, तो यह दुनिया के कुछ देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी बड़ा है। जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है, तो हमारी जिम्मेदारी तेजी से बढ़ जाती है। हमें प्रभावी विकास की आवश्यकता है। हमारा रक्षा व्यय ऐसा होना चाहिए कि न केवल बजट बढ़े, बल्कि हम इसका सही तरीके से, सही उद्देश्य के लिए सही समय पर उचित तैनाती के माध्यम से उपयोग भी कर सकें। उन्होंने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जेम पोर्टल से पूंजीगत खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। रक्षा कर्मियों के लिए व्यापक वेतन प्रणाली और केंद्रीकृत डेटाबेस प्रबंधन पर काम कर रहा है।

### शांति का समय सिर्फ दिखावा

*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में जो परिवर्तनकारी बदलाव हो रहे हैं, वे पहले ऐसे नहीं थे। आज के बदलाव गतिशील और अनिश्चित हैं। शांति का समय एक दिखावा है, इसके अलावा कुछ नहीं। हालांकि, मुझे लगता है कि हम सभी को शांति के समय में रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा करनी चाहिए। लेकिन अचानक हम खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं जो हमें जगाती है, और हमें कुछ और करने की आवश्यकता महसूस होती है।*

### रक्षा अर्थशास्त्र में बढ़ाएं कदम

*केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी उपकरण की अचानक आवश्यकता बढ़ जाती है, तो हम सभी को इस मुद्दे को हल करने के बारे में विचार करना चाहिए। यह सब शांति के समय में किए जाने की जरूरत है। वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए, हम सभी को रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए, और इसके पीछे कारण यह है कि पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में कई पूंजी निवेश किए जा रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### केरल सरकार के पैसे से घूमी थी ज्योति



**तिरुवनंतपुरम।** हरियाणा की मशहूर ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को हाल ही में पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक आरटीआई में ये खुलासा हुआ है कि ज्योति की केरल यात्रा का पूरा खर्चा राज्य सरकार ने उठाया था। ज्योति ने केरल पर्यटन विभाग के एक खास कैंपेन का हिस्सा बनकर राज्य का दौरा किया था। ज्योति की यात्रा, ठहरने और इटिनरेरी का सारा खर्च केरल सरकार ने वहन किया था।

### महाराष्ट्र तट पर दिखी संदिग्ध नौका की तलाश



**मुंबई।** पुलिस और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के रेवदांडा तट के पास एक संदिग्ध नाव की तलाश तेज कर दी है, जिसे 'संभवतः मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका' बताया जा रहा है। रविवार रात को भारतीय नौसेना के रडार पर यह नाव रेवदांडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर देखी गई। सूचना मिलने के बाद रायगढ़ पुलिस, बम निरोधक दस्ते, त्वरित प्रतिक्रिया बल, नौसेना और तटरक्षक बल के जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

## हमें ये देखना होगा कि कोई देश इनका उपयोग अपने स्वार्थ के लिए या हथियार के रूप में न करे

# जटिल खनिजों-तकनीक की सुरक्षित सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान केंद्रित करे ब्रिक्सः पीएम

- पीएम ने की अगले साल भारत द्वारा 'एआई प्रभाव सम्मेलन' का आयोजन करने की घोषणा

*पीएम मोदी ने कहा कि हमें मिलकर एआई के ऐसे वैश्विक मानक बनाने होंगे जो डिजिटल कंटेंट की वास्तविकता को जांच सकें, उसका सोर्स पता करे सके, पारदर्शिता बनी रहे और गलत इस्तेमाल पर रोक लगे*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन में समूह देशों से जटिल खनिजों और तकनीक में सहयोग को आगे बढ़ाते हुए इनकी एक सुरक्षित व लचीली सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें ये भी देखना होगा कि कोई भी देश इनका उपयोग केवल अपने स्वार्थ के लिए या हथियार के रूप में न करे। सम्मेलन का विषय 'स्ट्रेंथनिंग मल्टीलेटरलिज्म, आर्थिक-वित्तीय मामलों व एआई' रखा गया था। पीएम ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रशासन में चिंताओं के समाधान और नवाचार के प्रोत्साहन दोनों को एक जैसी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें मिलकर एक ऐसे वैश्विक मानक बनाने होंगे जो डिजिटल कंटेंट की वास्तविकता को जांच सकें, उसका सोर्स पता कर सके, पारदर्शिता बनी रहे, गलत इस्तेमाल पर रोक लगे।

### जटिल खनिजों पर चीन का दबदबा




*बता दें, जटिल खनिजों में शामिल लिथियम, निकल और ग्रेफाइट को बेहद महत्वपूर्ण खनिजों की श्रेणी में शुमार किया जाता है। इनका इस्तेमाल उच्च-स्तरीय तकनीक से जुड़े उत्पादों जैसे इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए किया जाता है। भारत का पड़ोसी देश चीन इस मामले में वैश्विक सप्लाई चेन में दबदबा रखने वाला एक बेहद मजबूत खिलाड़ी है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में मानवता की समृद्धि, प्रगति और तकनीक और विशेष रूप से एआई पर निर्भर हैं। एक ओर ये सामान्य आदमी के जीवन में परिवर्तन लाने का बड़ा ही प्रभावी माध्यम है। वहीं, दूसरी ओर इसके साथ जोखिम, नैतिकता और पक्षपात जैसे प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। भारत की इस विषय पर सोच और नीति बिलकुल स्पष्ट है।*

### साझा लक्ष्यों को लेकर प्रतिबद्ध भारत

*पीएम मोदी ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों की ब्रिक्स को लेकर कुछ खास अपेक्षाएं, आकांक्षाएं हैं। जिन्हें पूरा करने में हम मिलकर काम कर सकते हैं। उदाहरण के रूप में ब्रिक्स के तहत कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत में ब्रिक्स एग्रीकल्चर रिसर्च प्लेटफार्म बनाया गया है। यह एग्री-बायोटेक, परिशुद्धि के साथ खेती, जलवायु परिवर्तन संयोजन जैसे विषयों में शोध और अच्छी आदतों को साझा करने का माध्यम बन सकता है। जिसका लाभ हम वैश्विक दक्षिण के देशों तक भी पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सभी भागीदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साझा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। पीएम ने भारत के वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की पहल का उल्लेख किया और बताया कि समूह के कुछ अन्य देशों में भी इस तरह की व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। मेरा सुझाव है कि हम मिलकर एक ब्रिक्स साइंस एंड रिसर्च रिपोजिटरी बनाने पर विचार करें। जिसका लाभ ग्लोबल साउथ के देशों तक भी पहुंचाया जा सके।*

### 2026 में भारत करेगा एआई सम्मेलन

*उन्होंने कहा कि अगले साल भारत एआई प्रभाव सम्मेलन का आयोजन करेगा। जिसके पीछे 2026 में भारत द्वारा की जाने वाली ब्रिक्स की अध्यक्षता बड़ा कारण है। बताते चलें कि इस साल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी ने भी ब्रिक्स सम्मेलन में भाग नहीं लिया। आकार के हिसाब से ब्रिक्स दुनिया के कुल 11 देशों की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से मिलकर बना समूह है। जिनकी अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 49.5 फीसदी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 40 फीसदी और वैश्विक व्यापार में करीब 26 फीसदी भागीदारी है।*

### ग्लोबल साउथ को करते सहयोग

*पीएम ने कहा कि समूह की विविधता और गुणता, दृढ़ विश्वास ब्रिक्स की सबसे बड़ी ताकत है। वर्तमान में विश्व व्यवस्था चारों ओर से दबाव महसूस कर रही है। कई प्रकार की चुनौतियां और अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। ऐसे में ब्रिक्स की बढ़ता महत्व और प्रभाव स्वाभाविक है। सभी को ये विचार करना चाहिए कि कैसे भविष्य में समूह एक बहुध्रुवीय दुनिया का पथ प्रदर्शक बन सकता है। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के विकास के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी चर्चा की। जिसमें बताया कि ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के रूप में हमने ग्लोबल साउथ के देशों को मदद प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण और पुख्ता विकल्प दिया है। एनडीबी द्वारा परियोजनाओं की अनुशंसा करते वक्त मांग आधारित सिद्धांतों, दीर्घावधि वित्तीय संवहनीयता और हेल्थ क्रेडिट रेटिंग जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा कहा कि हमारी खुद की व्यवस्थाओं में सुधार करने से हमारे सुधार से जुड़े बहुपक्षवाद के आह्वान को और अधिक विश्वसनीयता मिलेगी।*

## एनआईए की पूछताछ में राणा ने कबूला

# वह पाक आर्मी एजेंट, हेडली के साथ ट्रेनिंग सेशन किए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- 26/11 आतंकी हमले के वक्त राणा मुंबई में ही था

26/11 आतंकी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुण राणा ने नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) की पूछताछ में कबूला है कि वह वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है। उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। उसने यह भी कबूला कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों द्वारा किए गए हमले के दौरान वह मुंबई में ही था। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

### मुंबई में खोला था इमिग्रेशन सेंटर

राणा ने पूछताछ में बताया कि मुंबई में उसने अपनी कंपनी का इमिग्रेशन सेंटर खुद के प्लान से खोला, ताकि हमले की तैयारी के लिए जगह और सुविधाएं मिल सकें। वहां किए गए लेन-देन को बिजनेस खर्चों में दिखाया गया। उसने यह भी स्वीकार किया कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों की खुद जाकर रेकी की थी। 64 साल का तहव्वुर राणा पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा पाक सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। बता दें, राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। राणा को 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत लाया गया था।

### हमले के मास्टरमाइंड हेडली का दोस्त है राणा

डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। तहव्वुर उसका दोस्त था, जिसने इस हमले को अंजाम देने में उसकी मदद की थी। राणा को पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर राणा आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है।

## अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब

# 4 दिन में 70 हजार लोगों ने किए दर्शन 8605 लोगों का छठा जत्था हुआ रवाना



एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। तीन जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक करीब 70 हजार लोगों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पिछले चार दिनों में 70 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की, इनमें से 21,512 यात्रियों ने रविवार को दर्शन किए। इसके अलावा, 8,605 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पहला काफिला 3,486 श्रद्धालुओं को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप जा रहा है, जबकि दूसरा काफिला 5,119 श्रद्धालुओं को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप जा रहा है। बता दें, यात्रा 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी।

### पूरा मार्ग सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित

*श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में भगवती नगर यात्री निवास में आने वाले यात्रियों के अलावा, कई श्रद्धालु यात्रा में शामिल होने के लिए मौके पर पंजीकरण के लिए सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) पहुंच रहे हैं। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है।*

### स्थानीय लोगों का पूरा सहयोग

*इस साल की अमरनाथ यात्रा में स्थानीय लोगों ने पूरा सहयोग दिया है, जैसा वे पहले भी करते रहे हैं। जैसे ही यात्री नौगाम सुरंग पार कर काजीगुंड से कश्मीर घाटी में पहुंचे, स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को स्थानीय लोगों ने उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल बेस कैंप से लौट रहे यात्रियों को कोल्ड ड्रिंक और शुद्ध पेयजल परोसा। यात्रियों ने बिना हिचकिचाए स्थानीय लोगों की मेहमाननवाजी स्वीकार की और कश्मीरियों के इस प्यार के लिए उनका धन्यवाद किया।*

## नाइजीरिया में सड़क हादसा, 21 की मौत



**एबूजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य कानो में एक ट्रक और यात्री वाहन की टक्कर में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा ज़ारिया-कानो एक्सप्रेसवे पर हुआ, जो वहां की प्रमुख सड़क है। हादसे में केवल तीन लोग घायल अवस्था में बच सके। जांच में पाया गया कि यात्री वाहन के चालक ने गलत दिशा में गाड़ी चलाकर सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर मार दी। एक आंकड़े के मुताबिक, साल 2024 में अब तक देशभर में 9,570 हादसों में 5,421 लोगों की जान जा चुकी है।

## तुर्किये की कंपनी सेलेबी को झटका

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सुरक्षा को रद्द करने वाली याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने तुर्किये की फर्म सेलेबी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विमानन नियामक बीसीएएस की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सचिन दत्ता ने 23 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इसके बाद सोमवार को कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन यानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो टर्मिनल कार्यों की देखरेख करते हैं।

केंद्रीय प्राधिकरण के वकील ने विमानन सुरक्षा के लिए खतरे की ओर इशारा करते हुए कार्रवाई का बचाव किया था। सेलेबी के वकील ने तर्क दिया था कि केंद्र का कदम न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है और विमान सुरक्षा नियमों के तहत प्रक्रिया का उल्लंघन है।


## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी

# ब्रिक्स से जुड़ने की इच्छा रखने वाले नए देशों पर अतिरिक्त 10% टैरिफ का ऐलान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स से जुड़ने वाले देशों को धमकी दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जो भी देश अमेरिका विरोधी ब्रिक्स नीतियों के साथ खुद को जोड़ेंगे, उन पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। इसमें किसी को भी छूट नहीं मिलेगी। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद! दरअसल, ब्रिक्स घोषणा पत्र में विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ बढ़ते टैरिफ पर चिंता जताई गई। इन टैरिफ को वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बताया गया। हालांकि इसमें सीधे तौर पर अमेरिका का नाम नहीं लिया गया।

### यह देशों पर दबाव बनाने की कोशिशः चीन



ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रंप की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है।

### जापान पर 25 और साउथ अफ्रीका पर 30% टैक्स ठोका

ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है। ट्रंप ने कहा था कि 9 जुलाई के बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 10-12 देशों को नए टैरिफ लगाने की सूचना देने के लिए पत्र साइन कर दिए हैं। ट्रंप ने जापान, कजाकिस्तान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया पर 25%, साउथ अफ्रीका पर 30%, लाओस और म्यांमार पर 40% टैरिफ लगाने का ऐलान किया।

## इसरो प्रमुख को शुभांशु ने किया फोन, अंतरिक्ष यात्रा के लिए कहा- धन्यवाद

# वैज्ञानिक प्रयोगों की प्रगति और गतिविधियों की दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष यात्री (गगनयात्री) शुभांशु शुक्ला, इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। शुक्ला ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष वी. नारायणन को फोन कर अपनी अंतरिक्ष यात्रा के लिए उनके और पूरी इसरो टीम के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस पहुंचे हैं। इसरो ने बताया कि यह फोन कॉल 6 जुलाई की दोपहर को हुआ था। इस बातचीत में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुभांशु शुक्ला का हालचाल पूछा और यह जानना चाहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कौन-कौन से वैज्ञानिक प्रयोग और गतिविधियां चल रही हैं। इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सभी प्रयोगों और अनुभवों को विस्तार से दस्तावेज के रूप में तैयार करना चाहिए, ताकि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें।

### खास बातें

- इसरो प्रमुख बोले- वापस आने पर सभी प्रयोगों और अनुभवों का विस्तार से दस्तावेज तैयार करें
- भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी



### इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी की बात


इस फोन कॉल के दौरान इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिसमें डॉ. उन्नीकृष्णन नायर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन, एम. मोहन, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक, पद्मकुमार ई. एस., इसरो इनर्शियल सिस्टम यूनिट (आईआईएसयू) के निदेशक, एम. गणेश पिल्लई और इसरो के वैज्ञानिक सचिव और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन. वेदाचलम भी शामिल रहे। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन का उद्देश्य भारत की यह क्षमता साबित करना है कि वह अपने दम पर इंसानों को लो-अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) में भेज सकता है। शुक्ला का यह मिशन इसरो और अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के सहयोग से संभव हुआ है।

### लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश में जुटे

*इसरो प्रमुख वी. नारायणन से बातचीत के दौरान शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे तमाम प्रयोगों की प्रगति की जानकारी भी साझा की और बताया कि वे किन वैज्ञानिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं और किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।*

# तूफानी गेंदबाज से डरे मैकुलम, बोले- लॉर्ड्स में बुमराह का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी की जरूरत

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम





इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम पांचो दिन भारत से पीछे रही और लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह की चुनौती का सामना करने के लिए उन्हें अच्छी तरह से तैयार होने की जरूरत है।

बुमराह कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे, जिसमें भारत ने 336 रन से जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला बराबर की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इसके बाद पुष्टि की कि तेज गेंदबाज बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे। मैकुलम ने कहा, 'पूरी संभावना है कि बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे इसलिए हमें अच्छी तरह से तैयार रहने की जरूरत है। मुझे लगता है कि वहां की पिच यहां की तुलना में भिन्न होगी, जो हमारे लिए अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'दूसरे टेस्ट में हम पांचों दिन भारत से पीछे रहे। भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। शुभमन गिल बेहतरीन बल्लेबाज हैं और उन्होंने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया।

हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और वे पूरी तरह से जीत के हकदार थे।' न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए भेजने का गलत फैसला किया और कुल मिलाकर पिच का आकलन भी गलत किया। मैकुलम ने कहा, 'मुझे लगता है कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, हमने उस टॉस पर विचार किया और कहा कि क्या हमने अवसर गंवा दिया। हमें उम्मीद नहीं थी कि विकेट इतना अच्छा खेलेगा और इसलिए शायद हम थोड़ा गलत फैसला कर गए।

## एजबेस्टन में जीतना मेरी सबसे सुखद यादों में से एक



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने यहां श्रृंखला बराबर करने वाली शानदार जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि जब भी वह क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाना उनकी सबसे सुखद यादों में से एक रहेगा। 25 वर्षीय गिल की कप्तानी की शुरुआत भारत के लीड्स में श्रृंखला के शुरूआती मैच में हार के साथ हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 336 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। भारत की टेस्ट क्रिकेट में इस मैदान पर यह पहली जीत है। गिल ने कहा, 'यह ऐसी चीज है, जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। मुझे लगता है कि जब भी मैं संन्यास लूंगा तो यह मेरी सबसे सुखद यादों में से एक होगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे इस मैच का अंतिम कैच लेना था और मैं बहुत संतुष्ट और खुश हूं कि हम इस मैच को जीतने में सफल रहे।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'अभी तीन और महत्वपूर्ण मैच होने बाकी हैं। इस मैच के बाद तेजी से बदलाव होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा है क्योंकि अब लय हमारे साथ है।' गिल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से सभी ने गेंद और बल्ले से योगदान दिया, वह बहुत सकारात्मक बात है। इससे ही कोई टीम चैंपियन बनती है और यह हमारे लिए अच्छे संकेत हैं।' भारतीय कप्तान ने ड्रेसिंग रूम में अपने संबोधन में अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की।

## खबर संक्षेप



### आईसीसी से नए सीईओ बने संजोग गुप्ता

**दुबई।** भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। इन नामों को नामांकन समिति को भेज दिया गया, जिसमें आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं। उन्होंने इस पद के लिए गुप्ता की सिफारिश की जिसे आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने मंजूरी दे दी।

### डीपीएल में आमने-सामने होगा कोहली का भतीजा और सहवाग का बेटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र में दो हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग का जलवा देखने को मिल सकता है। इन दोनों को रविवार को हुई नीलामी के दौरान अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों ने खरीदा। उभरते हुए लेग-स्पिनर आर्यवीर कोहली विराट के बड़े भाई विकास के बेटे हैं, जिन्हें साउथ दिल्ली सुपरस्टारज ने खरीदा। इस टीम में लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शुमार लेग-स्पिनर दिग्वेश राठी (38 लाख रुपये) भी शामिल हैं। इस लीग के शुरुआती सत्र में किसी टीम से बोली हासिल करने में नाकाम रहे अंडर-19 बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आठ लाख रुपये में खरीदा।

### महाराष्ट्र टीम की तरफ से खेलेंगे पृथ्वी साव



**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज और मुंबई के पूर्व खिलाड़ी पृथ्वी साव आगामी घरेलू सत्र के लिए सोमवार को महाराष्ट्र की टीम के साथ जुड़ गए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की। साव ने किसी और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पिछले महीने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की थी, जिस पर उसकी संचालन समिति ने मुहर लगा दी थी। साव को खराब फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों के कारण मुंबई की लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया था ।

## दक्षिण अफ्रीका-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज

# मुल्डर बने टेस्ट में तीसरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान, रचा इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने टेस्ट कप्तानी के पदार्पण मैच में दिखाया जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट कप्तानी पदार्पण पर साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वियान मुल्डर ने सोमवार को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ रोमांचक पारी खेली और वह ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने। मुल्डर ने पहले ही दिन टेस्ट कप्तानी डेब्यू पर सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बना दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के ग्राहम डाउलिंग को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1969 में क्राइस्टचर्च में भारत के खिलाफ कप्तान के रूप में अपनी पहली पारी में 239 रन बनाए थे। अपने ओवरनाइट स्कोर 264 नॉट आउट से आगे बढ़ते हुए मुल्डर ने अपना दबदबा जारी रखा और सबसे पहले 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ ग्रीम स्मिथ के 277 रन को पीछे छोड़ते हुए साउथ अफ्रीकी कप्तान के तौर पर सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को पार किया। मुल्डर ने सिर्फ 297 गेंदों में अपना तिहरा शतक पूरा किया, जिससे वह दूसरे सबसे तेज तिहरा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए।

### तिहरा शतक जड़ने वाले अफ्रीका के दूसरे क्रिकेटर

भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सबसे तेज 300 रन का रिकॉर्ड बनाया था, जिन्होंने 2008 में चेन्नई में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 278 गेंदों पर 300 रन ठोक दिए थे। मुल्डर ने पिछले साल मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ हैरी ब्रूक के 310 गेंदों में बनाए गए तिहरे शतक को पीछे छोड़ते हुए चार्ट में दूसरा स्थान हासिल किया। साउथ अफ्रीका के लिए अपना 21वां टेस्ट खेल रहे मुल्डर तिहरा शतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे खिलाड़ी बने। हाशिम अमला पहले ऐसा क्रिकेटर थे।

### 300 रन बनाने वाले सबसे युवा कप्तान

25 वर्षीय भारत के कप्तान शुभमन गिल इस सप्ताह एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ 269 रन पर आउट होकर रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। मुल्डर 61 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए तिहरा शतक बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट कप्तान बन गए। 27 वर्ष और 138 दिन की उम्र में मुल्डर ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन (28 वर्ष 171 दिन) को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1964 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रन बनाए थे।

**सबसे तेज तिहरा शतक**

| | |
|---|---|
| 278 गेंद | : वीरेंद्र सहवाग, भारत बनाम साउथ अफ्रीका–चेन्नई 2008 |
| 297 गेंद | : वियान मुल्डर, द.अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे–बुलावायो 2025 |
| 310 गेंद | : हैरी ब्रूक, इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान–मुल्तान 2024 |
| 362 गेंद | : मैथ्यू हेडन, ऑस्ट्रेलिया बनाम जिम्बाब्वे–पर्थ 2003 |

**टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान**

| | |
|---|---|
| 27 वर्ष 138 दिन | : वियान मुल्डर (300*), साउथ अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे–बुलावायो 2025 |
| 28 वर्ष 171 दिन | : बॉब सिम्पसन (311), ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड–मैनचेस्टर 1964 |
| 29 वर्ष 61 दिन | : महेला जयवर्धने (374), श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका–कोलंबो 2006 |
| 30 वर्ष 276 दिन | : माइकल क्लार्क (329*), ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत–सिडनी 2012 |

## कुश्ती

# अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप टीम में चुने गए छह पदक विजेता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई चैंपियनशिप के छह पदक विजेताओं ने सोमवार को चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने ट्रायल्स को हाल ही में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित कर दिया था, जिसके कारण प्रत्येक 10 वर्ग में केवल सर्वश्रेष्ठ पहलवानों ने ही प्रतिस्पर्धा की, जिससे मुकाबलों की संख्या सीमित हो गई। हरियाणा की रचना परमार (43 किग्रा), दिल्ली की मोनी (57 किग्रा), राजस्थान की अश्विनी वैष्णो (65 किग्रा) और हरियाणा की मनीषा (69 किग्रा), अपने-अपने वर्ग में विजेता बनीं। इन सभी ने वियतनाम में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। ट्रायल में जीत दर्ज करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाली अन्य खिलाड़ियों में उत्तर प्रदेश की प्रीति (40 किग्रा), कशिश (46 किग्रा), कोमल (49 किग्रा), यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) शामिल हैं।

### डूरंड कप: 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाईटेड एफसी में की भिड़ंत

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 134वें सत्र के पहले मैच में 23 जुलाई को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में बेंगलुरु के साउथ यूनाईटेड एफसी से भिड़ेगा। टूर्नामेंट के दौरान छह शहरों में 43 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 23 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही 24 टीम को चार-चार टीम के छह समूह में बांटा गया है। प्रत्येक टीम ग्रुप चरण में एक बार अन्य तीन टीम से भिड़ेगी। छह ग्रुप विजेता और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे।

## बैडमिंटन

# एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी में जुटी तन्वी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन की उभरती खिलाड़ी तन्वी शर्मा भविष्य में बीडब्ल्यूएफ के बड़े टूर्नामेंटों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए नेट के बेहतर इस्तेमाल और खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है लेकिन उसका तात्कालिक लक्ष्य इस साल एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर चैंपियनशिप का खिताब जीतना है।

पंजाब की 16 वर्षीय तन्वी पिछले महीने यूएस ओपन सुपर 300 में उपविजेता रहकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं। तन्वी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक अद्भुत सप्ताह था। मैं इससे खुश हूं लेकिन अब मैं अपने दूसरे टूर्नामेंटों पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। मुझे 500 और 750 स्तर की स्पर्धाओं में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट (यूएस ओपन) में मेरा खेल बहुत आक्रामक था। मेरी 'मूवमेंट' बहुत तेज थी और मेरे 'स्मैश' बहुत अच्छे थे। उस प्रदर्शन ने मुझे बहुत प्रेरित किया।' तन्वी की मां वॉलीबॉल खिलाड़ी रही हैं। तन्वी ने बैडमिंटन रैकेट उठाने के साथ ही प्रभावित करना शुरू कर दिया। तन्वी की बड़ी बहन राधिका भी बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। वह अंडर-15 और अंडर-17 स्तर पर राष्ट्रीय चैंपियन बनीं और फिर 2022 में अंडर-19 में उपविजेता रही। इस खिलाड़ी ने चीन में पिछले साल अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल करने के बाद कोटक इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीता। वह इसके बाद गुवाहाटी में हुए सीनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट की उपविजेता रही। वह 18 से 22 जुलाई तक इंडोनेशिया में होने वाली आगामी एशियाई जूनियर चैंपियनशिप और 13 से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपनी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं।

### एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर को लेकर आश्वस्त हूं

होशियारपुर में जन्मी इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर को लेकर आश्वस्त हूं। विश्व जूनियर गुवाहाटी स्थित राष्ट्रीय केंद्र में हो रहे हैं, जहां मैं अभ्यास करती हूं। इसलिए मुझे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पदक की उम्मीद है।' उसने कहा, 'मेरा ध्यान अभी जूनियर वर्ग की इन दोनों प्रतियोगिताओं पर है। मैं इसके बाद जूनियर वर्ग में खेलना बंद कर दूंगी और सीनियर वर्ग में 500 और 300 स्तर की प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करूंगी।' तन्वी ने कहा कि यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने से उन्हें विश्वास हो गया है कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं यह कर सकती हूं। मेरे लिए यह मुश्किल नहीं है। मुझे अपना नेट गेम सुधारना है और मैं अभी उसी पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं।'

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 133 रनों से हराया, टेस्ट सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)



ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 133 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम की और इस तरह से फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 34.3 ओवर में 143 रन पर आउट कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) और कैमरन ग्रीन (52) के अर्धशतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 243 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा।

### वेस्टइंडीज की शुरुआत रही खराब

वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 66 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 33 रन हो गया। उसकी टीम इससे उबर नहीं पाई और मैच दोपहर के सत्र में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने आठ ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड ने दो विकेट लिए और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 5.3 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मैच में छह विकेट लेने वाले लियोन ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज ग्लेन मैकग्रा की बराबरी करने से अब केवल एक विकेट दूर हैं।

## भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हुआ

# सीआईएसएफ ने अमेरिका में विश्व पुलिस, फायर खेलों में जीते 64 पदक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶|नई दिल्ली



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने बीते 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक अमेरिका में आयोजित किए गए विश्व पुलिस और फायर खेलों-2025 में कुल 64 पदक जीतें हैं। दुनियाभर के पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी अलग-अलग खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस साल 70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक एथलीटों ने इन खेलों में भाग लिया था। जिनमें हरियाणा के एथलीट भी शामिल हैं। सीआईएसएफ ने बताया कि अर्ध-सैन्यबल की टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार खेल भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया।


### *हरियाणा के एथलीटों की उपलब्धियां*

*सीआईएसएफ के मुताबिक, हरियाणा के जींद जिले के गुरजीत सिंह ने प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए काफी सराहनीय योगदान दिया। जिसमें हाई जंप में स्वर्ण, हैमर थ्रो में रजत, डेकाथलॉन में कांस्य, ट्रिपल जंप में कांस्य और पोल वॉल्ट में कांस्य शामिल है। इसके अलावा प्रदेश के एथलीटों ने कुश्ती में सभी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जीतने वाले खिलाड़ियों में झज्जर के एएसआई/कार्यकारी सनी कुमार, सोनीपत के एचसी/जीडी अजय डागर, सोनीपत के एचसी हरीश, सोनीपत के एचसी मोहित और हिसार के एचसी अभिमन्यु शामिल हैं। एथलेटिक्स में भी हरियाणा का प्रदर्शन शानदार रहा है।*

## एशियाई चैंपियनशिप के लिए निशानेबाजी टीम में हुआ चयन

# मनु भाकर दो स्पर्धाओं में साधेंगी निशाना

एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली




ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं, जो दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेगी।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की ओर से घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी। एनआरएआई ने चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। यह प्रतियोगिता 7 से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 सदस्य हैं, जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। एनआरएआई द्वारा घोषित दो 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में ओलंपियन रायजा ढिल्लों ही एकमात्र बदलाव है। उन्हें मानसी रघुवंशी की जगह दिल्ली विश्व कप जूनियर महिला स्कीट टीम में शामिल किया गया है।

### स्वप्निल और राही ने टीम में बनाई जगह

*सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल) और केनान चेनाई (पुरुष ट्रैप) शामिल हैं। ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) दोनों सीनियर टीम में हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन और ओलंपियन राही सरनोबत को निंगबो जाने वाली टीम में जगह मिली है।*




# एमडी ड्रग्स मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोड़ों रुपयों की अवैध एमडी ड्रग्स के मामले के आरोपियों अमित चतुर्वेदी, हरि सिंह अंजना, सान्याल प्रकाश बाने और प्रेमसुख पाटीदार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश मुकेश मलिक के न्यायालय में सोमवार को आरोप तय कर दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। एनसीबी ने आरोपियों के खिलाफ 2 अप्रैल को कोर्ट में चालान पेश किया था। मामले के अन्य आरोपी शोएब खान पठान उर्फ शोएब लाला ,ओम पाटीदार उर्फ ओमजी पाटीदार और घनश्याम मीणा एनसीबी टीम की पकड़ से दूर हैं। एनसीबी की टीम आरोपियों की सघनता से तलाश कर रही है।

गौलतलब है कि 5 अक्टूबर 2024 को गुजरात एटीएस और एनसीबी नई दिल्ली की टीम ने एनसीबी के इंस्पेक्टर कपिल देव के नेतृत्व में



राजधानी के बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में छापा मारकर करोड़ों रुपए कीमत की अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद की थी। गुजरात एटीएस और एनसीबी की टीम ने उक्त फैक्ट्री में प्लास्टिक के बोरों के अन्दर बेगनी एवं हल्का भूरा रंग का पावडर जैसा निर्मित पदार्थ बरामद किया था। सान्याल प्रकाश बाने ने बताया कि आर्थर रोड जेल मुंबई में रहने के दौरान उसकी मुलाकात चाचू नाम के एक व्यक्ति से हुई थी, जो उसके साथ ही जेल में बंद था। जेल से बाहर आने के बाद चाचू ने मेरी मुलाकात हरीश आंजना एवं शोयब खान पठान से करवाई थी चूंकि सान्याल प्रकाश बाने को अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) बनाने की विधि की जानकारी थी एवं चाचू के अनुसार हरीश एवं शोयब अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) बनवाना चाहते थे, इसीलिए चाचू ने सान्याल को हरीश और शोयब से मिलवाया था। सान्याल प्रकश बाने को हरीश एवं शोयब द्वारा पीथमपुर जिला इंदौर में सैंपल के तौर पर अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) बनवाई थी। हरीश एवं शोयब ने बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया भोपाल में अवैध मेफाड्रोन (एमडी ड्रग्स) के निर्माण हेतु फैक्ट्री स्थापित की थी। मामले के मुताबिक शोयब लाला के कहने पर ही अमित चतुर्वेदी ने भोपाल के बगरोदा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में एसके सिंह नाम के व्यक्ति की खाली पड़ी फैक्ट्री को बिना एग्रीमेंट किराए पर लिया था।

भीषण हादसे में स्कॉर्पियो के उड़े थे परखच्चे

# घायल किशोर की अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से घायल 17 साल के नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल एक युवक और एक नाबालिग की हादसे वाले दिन ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

टीआई केजी शुक्ला ने बताया कि घायल जोएब अंसारी (17) हादसे के बाद से चिरायु अस्पताल में भर्ती था। उसके शरीर में कई गंभीर चोटे आई थी। इलाज के दौरान सोमवार दोपहर को उसकी मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार तीनों की मौत हो चुकी है। दरअसल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद निवासी दानिश पुत्र जहीर खान (17) अपने दो दोस्त हनी अली (26) और जोएब अंसारी (17) के साथ परवलिया रोड एक ढाबे पर गया था। लौटते समय गुलमोहर गार्डन के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सडक के दूसरी ओर जा गिरी। इसी दौरान सामने से आ रहे लोडिंग ऑटो से भी टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चला रहे दानिश की मौके पर ही मौत हो गई।

# भागवत कथा सुनने गई महिला के गले से बदमाश ने चेन उड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित उत्सव मैरिज गार्डन में भगवत कथा सुनने गई बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात बदमाश ने चेन चुरा ली।

कथा सुनने के दौरान अन्य महिलाओं के साथ भी चेन और मंगलसूत्र चोरी होने की घटनाएं हुई है। इधर पुलिस ने केवल एक ही महिला की शिकायत के बाद चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि संगीता पति यूधीश (58) मिसरोद में रहती हैं। रविवार रात वह उत्सव मैरिज गार्डन में चल रही भगवत कथा में कथा सुनने पहुंची थी। कथा में उनका ध्यान था इसी बीच किसी ने उनके गले से सोने की चेन चुरा ली। उन्होंने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

## 25 कार्यवाहक निरीक्षकों की पदस्थापना में फेरबदल

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने 25 कार्यवाहक निरीक्षकों की पदस्थापना में फेरबदल किया है। जारी सूची के मुताबिक कार्यवाहक निरीक्षक गीता भदौरिया सीआईडी पीएचक्यू से पीटीएस तिगरा, रंजीत सिंह सैयाम स्पेशल ब्रांच पीएचक्यू से जिला मण्डला, शशि विश्वकर्मा सागर से नरसिंहपुर, अजय कुमार सिंह पीटीएस रीवा से पीटीएस उमरिया, सुरेश कुमार कालभोर एससीआरबी से हरदा, गोपाल निंगवाल ईओडब्ल्यू भोपाल से इंदौर शहर , वंदना दुबे ईओडब्ल्यू भोपाल से जिला भोपाल, आरती सिंह गौतम ईओडब्ल्यू भोपाल से जिला भोपाल सहित 25 को इधर से उधर किया गया है।

# एयरपोर्ट की महिलाकर्मी से मनचले ने की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर पुलिस ने एयरपोर्ट की महिला कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि मनचले ने एयरपोर्ट पर ड्यूटी जाने वाले अन्य महिला कर्मचारियों के साथ भी इसी तरह की हरकत की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि 32 साल की युवती इलाके में रहती हैं और ऐयरपोर्ट में नौकरी करती है। गत 1 जुलाई को वह ड्यूटी जा रही थी, तभी तड़के ब्रिज के पास एक बाइक सवार ने उनका पीछा किया और उसे रोकने का प्रयास किया। स्कूटर रुकते ही आरोपी युवती के पास पहुंचा और बुरी नियत से छेड़छाड़ की। उसने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग निकला। उसकी बाइक में लिखे नंबर भी पूरे नहीं थे। पीड़िता ने घटना की जानकारी साथ काम करने वाली अन्य सहकर्मियों को बताई तो उन्होंने बताया कि उनके साथ भी एक युवक इसी तरह की हरकत कर चुका है। पुलिस ने पीड़िताओं से बातचीत की और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है। पीड़िताओं का कहना है कि आरोपी मोटा तगड़ा है और काला है। उसके चेहरे पर दाड़ी है और आंख में सुरमा लगाता है।

ईओडब्ल्यूः 13 करोड़ की स्टांप ड्यूटी चोरी

# तीन रियल स्टेट कारोबारी और दो अफसरों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में 13 करोड़ की स्टांप ड्यूटी चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने तीन रियल एस्टेट कारोबारी, सीनियर रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार सहित पांच पर केस दर्ज किया है।

ईओडब्ल्यू के अनुसार रियल स्टेट कारोबारी विवेक चुघ , हितेन्द्र मेहता, अजय कुमार जैन ने रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों के साथ मिलकर शासन को स्टाम्प ड्यूटी राशि 13 करोड़ 32 लाख 95 हजार रुपए का नुकसान पहुंचाया। ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद रियल स्टेट कारोबारी सहित उप पंजीयक संजय सिंह और वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू को आरोपी बनाया है। दरअसल, कारोबारी और अफसरों ने डीएलएफ गार्डन सिटी मांगल्या सड़क की गाइड लाइन से कम दर में रजिस्ट्री कराई। डीएलएफ गार्डन सिटी के स्वीकृत नक्शे में काट-छांट कर अंश भाग ही अपलोड किया गया। डीएलएफ का नाम हटाकर मांगलिया सड़क गांव की गाइड लाइन दर राशि 14,200/- रु. प्रति वर्ग मीटर की दर से रजिस्ट्रियां कराई गई।

वायरल वीडियो में कुत्ते से मारपीट करते नजर आए थे दंपती

# स्ट्रीट डॉग की बेरहमी से पिटाई करने वाले दंपति पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने स्ट्रीट डॉग की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने वाले दंपति पर पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। उक्त एफआईआर पशु प्रेमी की शिकायत पर दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि कविता भावनानी पति दौलतराम भावनानी (40) राजीव गांधी नगर पिपलानी में रहती हैं और आवारा मवेशियों के लिए काम करती हैं। 3 जुलाई को उन्हें परिचित महेश ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्ट्रीट डॉग को लोहे की राड से बेरहमी से मारा गया है। वह मौके पर पहुंची तो स्ट्रीट डॉग मर चुका था। उन्होंने कार में डॉग को रखा और पीएम के लिए पशु चिकित्सालय लेकर पहुंची। लोगों से पूछताछ करने और सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि मुरली नगर निवासी मुजम्मिल और उसकी पत्नी सदब द्वारा देर रात पौने दो बजे के आसपास स्ट्रीट डाग की बेरहमी से रॉड से पिटाई गई थी।

EXCELLENCE COLLEGE
Affiliated To Barkatullah University Bhopal
Applications are invited for the appointment on following teaching posts under college code 28 of the university.
Principal-01
professor 01 each (Env.Sc, Computer, Hindi, English, Commerce, Sociology. Asst. Prof.-01 each (Botany, Zoology, Chemistry , Maths, Phy.Computer, History, Sociology, Political, Economics, Hindi, Commerce, Agriculture, Management.
Computer operator 01
Qualifications -As per UGC Guideline.
Application with complete Details Should send on
ADDRESS: (105) KHEDLI BILKISGANJ DIST. SEHORE
Mob : .9893355598, 9131357635
E-mail : excellencecollege15@gmail.com




अधिकृत डीलरः भोपाल: साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स् क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, साजन नगर: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 9039593901, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342 RS/Hero/07/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930